04 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 193


800 एकड़ जमीन में गड़बड़ी की शिकायत, जांच रही सीआइडी





FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
- 2 YEARS M.Sc. Nursing
- 2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
- 4 YEARS B.Sc. Nursing
- 3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
- 2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
- 4 YEARS BMLT
- 2 YEARS DMLT
- 2 YEARS OT ASSISTANT
- 2 YEARS ECG
- 2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
- 2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
- 2 YEARS RADIO-IMAGING
- 2 YEARS ANESTHESIA TECH.
- 1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
- 2 YEARS D-PHARM
- 4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## पाक को चौतरफा घेर रहा भारत, प्रधानमंत्री ने प्रतिबद्धता दोहरायी


# एक तरफ स्ट्राइक की तैयारी, दूसरी तरफ कूटनीतिक निर्णय

- भारत ने सभी प्रकार की डाक और पार्सल सेवाओं पर लगायी रोक
- भारतीय बंदरगाहों पर पाक जहाज के आने पर पाबंदी
- थल, जल और वायु सेना अलर्ट मोड में
- पाक से आयातित सामानों पर पांबदी, दूसरे देश के जरिये भी नहीं आयेगा
- नेक्सट जेनरेशन एयर डिफेंस सिस्टम का टेंडर जारी
- आर्डिनेंस फैक्ट्री के कर्मचारियों की छुट्टी रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जम्मू कश्मीर।** कश्मीर में आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। पाक को भारत चौतरफा घेर रहा है। एक तरफ स्ट्राइक की तैयारी चल रही है, तो दूसरी तरफ कूटनीतिक निर्णय लिये जा रहे हैं। इसी क्रम में सिंधू समझौता को स्थगित करने के बाद भारत तीन और बड़े फैसले लिये हैं। पाकिस्तान से भारत आनेवाले सभी प्रकार की डाक और पार्सल सेवाओं पर रोक लगा दी गयी है। वहां से भारत आयातित होने वाले समान पर पांबदी लगा दी गयी है। इसके तहत पाक का सामान दूसरे देश के जरिये भी भारत नहीं आयेगा। वहीं, भारतीय बंदरगाहों पर पाक जहाज के आने पर पाबंदी लगायी गयी है। उधर, थल, जल और वायु सेना अलर्ट मोड में है। हर दिन युद्धाभ्यास चल रहा है। नेक्सट जेनरेशन एयर डिफेंस सिस्टम का टेंडर जारी कर दिया गया है। आर्डिनेंस फैक्ट्री के कर्मचारियों की छुट्टी रद्द कर दी गयी है। उधर, बैठकों का दौर जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उमर अब्दुल्ला और नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी ने शनिवार को मुलाकात की।





### समुद्री सुरक्षा बढ़ा रहा भारत

भारत ने पाकिस्तान के लिए सभी श्रेणियों की डाक और पार्सल सेवाओं पर रोक लगा दी है। अब डाक और पार्सल को हवाई और जमीनी रास्तों से न ही भेजा जा सकेगा और न ही प्राप्त किया जा सकेगा। वहीं, भारत सरकार ने समुद्री सुरक्षा को देखते हुए एक सख्त आदेश जारी किया है। अब पाकिस्तान के झंडे वाले कोई भी जहाज भारत के किसी बंदरगाह पर नहीं आ सकेंगे। इसी तरह, भारत के जहाज भी पाकिस्तान के बंदरगाहों पर नहीं जायेंगे। यह फैसला मर्चेंट शिपिंग एक्ट, 1958 के तहत लिया गया है। यह नियम तुरंत लागू हो गया है और अगले आदेश तक जारी रहेगा।

**पाक के सामान भारत में नहीं आयेगा :** भारत ने पाकिस्तान से आने वाले सभी सामान के आयात (इंपोर्ट) पर रोक लगा दी है। अब पाकिस्तान से सीधे या किसी और रास्ते से कोई भी चीज भारत में नहीं लायी जा सकेगी। यह फैसला देश की सुरक्षा और जनता के हित में लिया गया है। यह नियम तुरंत लागू हो गया है। सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया कि अगर किसी को इस रोक से छूट चाहिए, तो उसे पहले भारत सरकार से इजाजत लेनी होगी।

**नेक्स्ट-जेनरेशन एयर डिफेंस सिस्टम मिलेंगे :** भारतीय सेना ने दुश्मन के ड्रोन, हेलिकॉप्टर और लड़ाकू विमानों को मार गिराने के लिए कंधे पर रख कर चलाये जाने वाले एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार यह सिस्टम मेक इन इंडिया के तहत खरीदे जायेंगे। सेना ने इस सिस्टम के लिए टेंडर जारी कर दिया है, जिसमें 48 लांचर, 85 मिसाइलें और उससे जुड़ा जरूरी उपकरण शामिल है। इसका इस्तेमाल बेहद कम दूरी पर उड़ रहे दुश्मन के विमानों, हेलिकॉप्टरों और ड्रोन को निशाना बना कर उन्हें हवा में ही नष्ट करने के लिए किया जायेगा।

### गोला-बारूद बनाने के लिए छुट्टियां रद्द

मध्य प्रदेश के जबलपुर की आयुध निर्माण फैक्ट्री खमरिया ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। यह फैसला तुरंत लागू हो गया है। फैक्ट्री ने यह कदम इसलिए उठाया है, ताकि इस साल का उत्पादन लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके। फैक्ट्री को डर है कि अगर छुट्टियां दी गयी, तो सेना के लिए गोला-बारूद बनाने का काम पिछड़ जायेगा। दरअसल, ओएफके को इस साल गोला-बारूद बनाने का एक बड़ा टारगेट मिला है लेकिन, अप्रैल के महीने में फैक्ट्री उतना काम नहीं कर पायी जितना उसने सोचा था। इसलिए, फैक्ट्री के बड़े अधिकारियों ने यह फैसला लिया है कि सभी कर्मचारियों को बिना छुट्टी के काम करना होगा। इससे फैक्ट्री ज्यादा गोला-बारूद बना पायेगी और सेना को समय पर गोला-बारूद मिल जायेगा। यह जानकारी कारखाने के प्रवक्ता ने दी।

### आ गयी निर्णायक कार्रवाई की घड़ी: मोदी



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गये लोगों के प्रति राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंको के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद संबोधन में यह बात कही। आतंकवाद के मुद्दे पर बोलते हुए मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये लोगों के प्रति राष्ट्रपति लोरेंसू और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया। हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। बताते चलें कि अंगोला के राष्ट्रपति भारत दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर की डिफेन्स क्रेडिट लाइन को स्वीकृति दी गयी है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स की मरम्मत और बदलाव और सप्लाई पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी।

### जम्मू कश्मीर के सीएम प्रधानमंत्री से मिले

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने कश्मीर की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। दोनों के बीच करीब आधा घंटा बातचीत हुई। इसके बाद नौ सेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी ने उनसे मुलाकात की।

## न्यूज रील्स

### एमजीएम अस्पताल में गिरा छज्जा, तीन मरीजों की मौत

जमशेदपुर। कोल्हान का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल एमजीएम अस्पताल के बी ब्लॉक का एक हिस्सा गिरा गया। मिली जानकारी के अनुसार, इस हादसे में तीन मरीज की मलबे में दबकर मौत हो गयी है और डेड बॉडी बरामद कर ली गयी है। वहीं, अन्य मरीजों की तलाश जारी है। (विस्तृत खबर पेज-3 पर)

### एनआइए ने आतंकी तहव्वुर की आवाज-लिखावट के सैंपल लिये

नयी दिल्ली। एनआइ ने शनिवार को मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की आवाज और हैंडराइटिंग के सैंपल लिये। इस सैंपल के लिए राणा को जूडिशियल मजिस्ट्रेट वैभव कुमार के सामने पेश किया गया। यहां राणा से कई अक्षर और अंक लिखवाये गये। तीन दिन पहले कोर्ट ने आवाज और लिखावट के सैंपल लेने की मंजूरी दी थी। इससे पहले 28 अप्रैल को स्पेशल एनआइए जज चंदर जीत सिंह ने राणा को 12 दिन की कस्टडी में भेज दिया था। एनआइएने तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को अमेरिका से भारत लेकर आयी थी।

### कर्नाटक में बजरंग दल नेता की हत्या मामले में आठ गिरफ्तार

मंगलुरु। कर्नाटक में बजरंग दल नेता और 2022 के फाजिल हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुहास शेट्टी की हत्या मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें अब्दुल सफवान, नियाज, मोहम्मद मुजम्मिल, खालंदर शफी, आदिल मेहरूफ, नागराज, रंजीत और रिजवान शामिल हैं।

# पहलगाम हमले के छह संदिग्धों की कोलंबो एयरपोर्ट पर तलाश

- भारतीय एजेंसियों ने इनपुट दिया था
- जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 75 लोगों को गिरफ्तार किया

एजेंसी

**नयी दिल्ली/कोलंबो।** भारतीय एजेंसियों के इनपुट के बाद श्रीलंका के बंडारानायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को सर्च ऑपरेशन चलाया गया। बताया गया कि पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े छह संदिग्ध चेन्नई से श्रीलंकन एयरलाइंस की उड़ान से कोलंबो पहुंचे। एजेंसियों को इनके हवाई जहाज में सवार होने की सूचना मिली थी। श्रीलंका पुलिस ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले से जुड़े 6 संदिग्ध आतंकी एक फ्लाइट में सवार होने की सूचना मिली थी। चेन्नई से श्रीलंकन एयरलाइंस की उड़ान से कोलंबो पहुंची है। इस सूचना के बाद श्रीलंका पुलिस, एयरफोर्स और एयरपोर्ट सुरक्षा बलों ने मिलकर



एयरपोर्ट परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्रियों की गहन जांच की की गयी है और संदिग्धों की पहचान के प्रयास जारी हैं।

**पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत 75 लोग गिरफ्तार:** पहलगाम के बायसरन घाटी में आतंकी हमले के केस में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 75 लोगों को पब्लिक सेफ्टी एक्ट (पीएसए) के तहत गिरफ्तार किया है। इस बात की पुष्टि आईजी वी.के. बिरदी ने की है। पीएसए के अंतर्गत आरोपियों को दो साल तक के लिए जेल में रखा जा सकता है। वहीं, एनआइए ने बायसरन घाटी में हुए आतंकी हमले की जांच के दायरे पहले से ज्यादा बढ़ा दिया है। सर्च ऑपरेशन को साउथ कश्मीर से आगे जम्मू के चेनाब और पीर पंजाल रेंज तक कर दिया है। इसमें पुंछ और राजौरी इलाके को भी शामिल किया गया है। इन इलाकों में सर्च ऑपरेशन अब शुरू कर दिया गया है। ये माना जा रहा है कि आतंकी हमले के 11 दिन बाद संदिग्ध अब साउथ कश्मीर के अलावा दूसरे इलाकों में भी छुपे हो सकते हैं।

### जेल में बंद दो आतंकियों से की गयी पूछताछ

सूत्रओं के मुताबिक राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने जम्मू की कोट भलवाल जेल में बंद दो आतंकवादियों, निसार अहमद उर्फ हाजी निसार और मुश्ताक हुसैन उर्फ चाचा से पूछताछ की है। ये दोनों जनवरी 2023 में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के डांगरी गांव में हुए आतंकी हमले में शामिल थे, इसमें सात नागरिकों की मौत हुई थी ।

# राज्य में एक बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी बनेगी: हेमंत

- मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है। झारखंड के सम्मानित अधिवक्ताओं एवं उनके आश्रितों के लिए आज राज्य सरकार स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ कर रही है। आप सभी अधिवक्ताओं की चिंताओं को कम करने का सरकार ने कार्य किया है। आपके ऊपर स्वास्थ्य से सम्बंधित जिम्मेवारियों का जो बोझ था, उसे हमारी सरकार ने अपने कंधों पर लेने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री शनिवार को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत 'अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना' के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस राज्य में देश का एक बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित हो, इसके लिए राज्य सरकार कार्य योजना बना रही है। जल्द ही हमलोग इस दिशा में सकारात्मक कार्य करते हुए आपके बीच एक बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी खड़ा करने का काम करेंगे।

(पेज 04 भी देखें)

### हर वर्ग-समुदाय का सर्वांगीण विकास लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की चिंताएं राज्य के हर वर्ग, हर व्यक्ति के लिए है। चाहे वह गांव में रहता हो, शहर में रहता हो, अमीर हो, गरीब हो व्यापारी हो, नौजवान हो, छात्र-छात्राएं हो, बच्चे हो, बूढ़े-बुजुर्ग हो, सभी के लिए है। राज्य सरकार इनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रयास किया है, कि राज्य के प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक समाज, प्रत्येक तबके के लोगों तक सरकार की आवाज एवं भावी योजनाएं पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य का पिछड़ा होना हम सभी के लिए काफी तकलीफ पहुंचाने वाली बात है। राज्य सरकार का प्रयास है कि राज्य के पिछड़ेपन को दूर किया जाये। इसके लिए लगातार हमारी सरकार सकारात्मक पहल करते हुए राज्य को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का प्रयास कर रही है।




KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

15th nirf
Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India
A++ Grade
Accredited by NAAC
Tier 1 NBA
Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years

KIITEE 2025
PHASE - 2
APPLY ONLINE
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
Last Date to Apply 4th June 2025
No Examination Fee (Computer-Based Test)
KIITEE 2025 Online Test (Phase -2) starts from
8th June to 12th June 2025

Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
ABET (US) Accreditation
THE 601-800 University Ranking 2024
World University Rankings
IET ACCREDITED PROGRAMME The Institute of Engineering and Technology

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes [All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/ Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- B.Tech & M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- BA LLB/BBA LLB/B.Sc LLB (Hons) 5yrs

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA
- MBA in Rural Management
- MBA in Agribusiness Management
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

CAMPUS PLACEMENT 2024 HIGHLIGHTS
700+ Companies
5585+ Job Offers
₹53 LPA Highest Salary Offered
₹8.50 LPA Average CTC
1500+ Paid Internships
1000+ Students with multiple job offers

Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India,
Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email: admission@kiit.ac.in, Website: www.kiitee.ac.in

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha.
It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# भिखमंगे पाकिस्तान पर 21.6 लाख करोड़ रुपये कर्ज

## ■ पाकिस्तान का हर बच्चा 86.5 हजार रुपये कर्ज लेकर पैदा होता है

## ■ अद्भुत फार्मूला : कर्ज चुकाने के लिए नया कर्ज लेता है पाकिस्तान

**जम्मू-कश्मीर।** जून 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक, इस समय पाकिस्तान पर कुल 256 बिलियन डॉलर यानी करीब 21.6 लाख करोड़ रुपये का सार्वजनिक कर्ज है। ये पाकिस्तान की कुल जीडीपी का 67% है। वहीं स्टैटिस्टिक टाइम्स के मुताबिक, पाकिस्तान के पास सिर्फ 1.3 लाख करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा भंडार बचा है, जिससे महज 3 महीने का इंपोर्ट बिल ही चुकाया जा सकता है। द वर्ल्ड बैंक इंटरनेशनल डेब्ट रिपोर्ट 2024 के मुताबिक, दिसंबर 2024 तक चीन ने पाकिस्तान को 28.7 बिलियन डॉलर यानी करीब 2.42 लाख करोड़ रुपये विदेशी कर्ज दिया। पॉलिसी पर्सपेक्टिव फाउंडेशन (पीपीएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक, 2000-2021 तक चीन ने पाकिस्तान को सीपीइसी के तहत सड़कों, बिजलीघरों और बंदरगाहों के लिए बड़े कर्ज दिये। इस दौरान 433 प्रोजेक्ट्स के लिए कर्ज लिया गया। हालांकि, पाकिस्तान सरकार चीन से लिये विदेशी कर्ज की पूरी डिटेल्स जारी नहीं करती। दिसंबर 2024 तक सऊदी अरब ने 9.16 बिलियन डॉलर, यानी करीब 77.2 हजार करोड़ रुपये कर्ज दिया। पाकिस्तान के कुल विदेशी कर्ज में सऊदी अरब की 7% हिस्सेदारी है। यह हिस्सेदारी 2023 में 5% थी। 2019 में 3 बिलियन डॉलर का कैश डिपॉजिट लिया, जिससे हर साल रोलओवर किया जा रहा। 2023 में 300 मिलियन डॉलर तेल और पेट्रोलियम के इंपोर्ट के लिए लिया। 2024 में 5 बिलियन डॉलर का कैश डिपॉजिट लिया, जिसे 2025 में रोलओवर किया जायेगा। दिसंबर 2024 तक आइएमएफ ने पाकिस्तान को 7.5 बिलियन डॉलर, यानी करीब 64 हजार करोड़ रुपये कर्ज दिया। इसमें 7 बिलियन डॉलर का 37 महीने का एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (इएफएफ) प्रोग्राम भी शामिल है, जिसे सितंबर 2024 में शुरू किया था। 1958 से 2024 तक पाकिस्तान ने आइएमएफ से 25 बार में करीब 15 बिलियन डॉलर से ज्यादा कर्ज लिया, जिसमें से कुछ चुका दिया है। इएफएफ के तहत 7 बिलियन डॉलर की राशि में से सितंबर 2024 में 1 बिलियन डॉलर की पहली किस्त फौरन दी गयी। बाकी 6 बिलियन डॉलर अगले 37 महीनों में दिये जायेंगे। इसके अलावा पाकिस्तान को कर्ज देने वालों में यूएइ और कतर की भी बड़ी हिस्सेदारी है।





### कर्ज के जाल में फंस चुका पाकिस्तान

**कर्ज चुकाने के लिए नया कर्ज:** दिसंबर 2020 में चीन ने पाकिस्तान को करीब 12.6 हजार करोड़ रुपये ($1.5 बिलियन) का कर्ज दिया था। इसी समय पाकिस्तान को सऊदी अरब से लिए लोन की किस्त चुकानी थी, जिसमें करीब 8.4 हजार करोड़ रुपये (एक बिलियन डॉलर) चले गये।

इसी तरह पिछले साल मार्च में आइएमएफ ने पाकिस्तान को लगभग 9.2 हजार करोड़ रुपये (1.1 बिलियन डॉलर) का लोन मंजूर किया था। इसके अगले ही महीने पाकिस्तान ने लगभग 8.4 हजार करोड़ रुपये (एक बिलियन डॉलर) के मैच्योर हुए यूरो बॉन्ड का पेमेंट कर दिया।

### वेतन देने के लिए भी कर्ज

पाकिस्तान पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स और गैस का बहुत बड़ा हिस्सा आयात करता है। सितंबर 2024 के पहले हफ्ते में पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार करीब महज 79.2 हजार करोड़ रुपये (9.4 बिलियन डॉलर) बचा था, जिससे वह सिर्फ एक महीना का आयात कर सकता था। इस समय पाकिस्तान विदेशों में काम कर रहे अपने अधिकारियों को सैलरी भी नहीं दे पा रहा था। ऐसे में आइएमएफ ने पाकिस्तान के लिए लगभग 59 हजार करोड़ रुपये (7 बिलियन डॉलर) के कर्ज को मंजूरी दे दी। चीन, सउदी अरब और यूएइ जैसे देशों ने भी पाकिस्तान की मदद का आश्वासन दिया था। इसके अलावा कर्ज का कुछ हिस्सा सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से रक्षा बजट को बनाये रखने में जाता है। साथ ही बिजली, पेट्रोल, आटा आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी भी कर्ज से फंड की जाती है। प्रशासनिक खर्च, सरकारी वेतन जैसे ऑपरेशनल खर्चों के लिए भी कर्ज लिया जाता है।

### कर्ज चुकाना आसान नहीं


पाकिस्तान को अगले चार सालों में 100 बिलियन डॉलर यानी करीब 8.4 लाख करोड़ रुपये का विदेशी कर्ज चुकाना है। वहीं जुलाई 2025 तक पाकिस्तान को विदेशी कर्ज और ब्याज मिलाकर 30.35 बिलियन डॉलर यानी करीब 2.56 लाख करोड़ रुपये चुकाने हैं। 27 अप्रैल को स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने बताया था कि जून 2025 तक पाकिस्तान का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व बढ़कर 14 बिलियन डॉलर, यानी करीब 1.18 लाख करोड़ रुपये हो जायेगा। फिर भी पाकिस्तान पर इससे दोगुना कर्ज होगा। ऐसे में कर्ज चुकाना आसान नहीं होगा। मई 2024 में आइएमएफ ने पाकिस्तान के कर्ज चुकाने की क्षमता पर संदेह जताया था। आइएमएफ ने कहा कि पाकिस्तान की कर्ज चुकाने की क्षमता पर जोखिम है। यह पाकिस्तान की नीतियों और समय पर बाहरी कर्ज मिलने पर निर्भर करेगा की वे लोन चुका पायेंगे या नहीं।

### भारत दबाव बनायेगा पाकिस्तान को कर्ज न मिले

9 मई 2025 को आइएमएफ के एग्जीक्यूटिव बोर्ड की अगली मीटिंग होगी। इसमें पाकिस्तान को 1.3 अरब डॉलर यानी करीब 10.9 हजार करोड़ रुपये के कर्ज का रिव्यू किया जायेगा। रिपोर्ट के मुताबिक भारत आतंकवाद का मुद्दा उठाकर पाकिस्तान को ये पैसा देने का विरोध कर सकता है। पिछली बैठक में भारत ने पाकिस्तान के बेलआउट पैकेज पर वोटिंग नहीं की थी। हालांकि, इस बार भारत पाकिस्तान को लोन देने के खिलाफ वोट कर सकता है। भारत का तर्क होगा कि पाकिस्तान आइएमएफ फंड का गलत इस्तेमाल कर रहा है और इससे आतंकवाद की मदद कर रहा है।

---

## पहलगाम में लोकल सपोर्ट से हुआ हमला : फारूक



**महबूबा बोलीं, ये बयान कश्मीरियों के लिए खतरा बनेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने इस आतंकी हमले में लोकल सपोर्ट होने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं नहीं समझता कि ये चीजें हो सकती हैं, जब तक कोई इनका साथ न दें। वो वहां से आये, किस तरह आये? अब्दुल्ला के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कड़ी आपत्ति जतायी है। महबूबा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि फारूक अब्दुल्ला जैसे वरिष्ठ कश्मीरी नेता का ऐसा बयान देश के बाकी हिस्सों में रह रहे कश्मीरी छात्रों, व्यापारियों और मजदूरों के लिए खतरा बन सकता है।

## मैं आत्मघाती हमलावर बनने को तैयार : जमीर अहमद

**कर्नाटक के मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी अनुमति दें तो पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध लड़ने जा सकता हूं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के आवास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान का पहलगाम आतंकी हमले पर दिया गया बयान चर्चा में है। इसमें वे आत्मघाती हमलावर बनकर पाकिस्तान में जाने और युद्ध लड़ने की बात कह रहे हैं। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से भारत का दुश्मन रहा है। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मुझे अनुमति दें, तो मैं आत्मघाती बम बांधकर पाकिस्तान जाकर हमला करने के लिए तैयार हूं। देश के लिए जान देने के लिए तैयार हूं। जमीर अहमद खान जब ये बयान दे रहे थे, तब उनके आसपास मौजूद लोग हंसने लगे। इस पर खान ने कहा कि मैं मजाक नहीं कर रहा हूं, मैं इसे लेकर बहुत गंभीर हूं। केंद्र सरकार को पहलगाम आतंकी हमले पर निर्णायक एक्शन लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ हर भारतीय को एकजुट होना चाहिए। कर्नाटक में सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार है।



## पाकिस्तानी लड़की से निकाह वाली बात छिपायी, सीआरपीएफ जवान मुनीर बर्खास्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सीआरपीएफ के 41वीं बटालियन में तैनात सिपाही मुनीर अहमद को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। आरोप है कि उसने एक पाकिस्तानी महिला से शादी की और उसे वीजा खत्म होने के बाद भी छुपा कर रखा। साथ इस बात की जानकारी सीआरपीएफ को नहीं दी गयी। यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा था, इसलिए उन्हें तुरंत बर्खास्त कर दिया गया। जवान की पत्नी मीनल खान का वीजा 22 मार्च 2025 को खत्म हो चुका था। जवान ने यह बात भी विभाग से छिपायी। साथ ही उसने विभाग से इस तथ्य को भी छिपाया कि उसकी पत्नी ने लॉन्ग टर्म वीजा के लिए अप्लाई किया है। इस बारे में सीआरपीएफ की एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ऐसा लगता है कि सिपाही मुनीर ने कोर्ट को भी



सच्चाई छिपाते हुए गुमराह किया है।

**कोर्ट में है मामला :** यह मामला जम्मू-कश्मीर हाइकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। हाइकोर्ट ने 29 अप्रैल को मीनल के पाकिस्तान जाने पर 14 मई तक अगली सुनवाई पर स्टे लगा दिया है। सीआरपीएफ के अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में प्रथम दृष्टया उनके जवान मुनीर अहमद पर अनुशासनात्मक कार्रवाई बनती है। चूंकि, सिपाही मुनीर ने सबसे पहले 18 अक्टूबर, 2023 को सीआरपीएफ में अपने कमांडेंट को लेटर लिखकर पाकिस्तानी नागरिक लड़की से शादी करने की अनुमति मांगी थी। मामला विभाग में विचाराधीन चल रहा था। इसके बावजूद बाद में पता लगा कि सिपाही मुनीर ने विभाग से उसकी शादी के लिए परमिशन दिये बिना ही शादी कर ली थी।

**टूरिस्ट वीजा पर आयी थी भारत :** 28 फरवरी 2024 को मीनल पाकिस्तान से टूरिस्ट वीजा पर भारत आयी थी। जहां शादी के बाद वह जम्मू में सिपाही मुनीर के घर पर रह रही है। उसका वीजा 22 मार्च 2025 तक ही वैध था। आरोप है कि सिपाही मुनीर ने बिना एनओसी मिले पाकिस्तानी लड़की से निकाह किया, फिर उसका वीजा खत्म होने के बाद भी वह उसे अवैध रूप से भारत में रख रहा था।

## गोवा के शिरगांव में भगदड़, सात की मौत, 50 घायल

**बिजली तार गिरने से हादसा, एक-दूसरे पर गिरे लोग**

**20 की हालत गंभीर, सीएम ने जांच के आदेश दिये**

**राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया दुख**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिचोलिम।** गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार देर रात मची भगदड़ में सात लोगों की मौत हो गयी। जानकारी शनिवार सुबह आयी है। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिनमें 20 गंभीर हैं। राहत-बचाव कार्य जारी है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गये। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गयी। क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं।



### 40 हजार श्रद्धालु यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे

40 हजार श्रद्धालु यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे। गोवा पुलिस के मुताबिक- महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित कई राज्यों के 30 से 40 हजार लोग यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे। भीड़ मंदिर की ओर जा रही थी, तभी एक ढलान पर कुछ लोग गिर पड़े। इसके बाद पीछे से आ रहे लोग भी एक-दूसरे पर गिरते चले गये। 40 से 50 लोग इस दौरान नीचे गिर गये। इसके बाद अफरा-तफरी होने से भगदड़ मच गयी। यात्रा के लिए एक हजार पुलिसकर्मियों की ही तैनाती हुई थी। वहीं, भीड़ की एक्टिविटी को ड्रोन की मदद से ट्रैक किया जा रहा था।

श्री लैराई जात्रा नॉर्थ गोवा के बिचोलिम तालुका के शिरगांव गांव में आयोजित होने वाला हिंदू धार्मिक उत्सव है। जात्रा हर साल अप्रैल या मई में होती है। इसमें गोवा, महाराष्ट्र, और कर्नाटक से हजारों श्रद्धालु आते हैं। जात्रा 2 मई की शाम से 3 मई की सुबह तक आयोजित की गयी थी। इसी दौरान हादसा हुआ।

### नेताओं ने शोक व्यक्त किया

गोवा के शिरगांव में हुई भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में जानकर दुख हुआ, जिसमें कई लोगों की जान चली गयी। मैं परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।



- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

गोवा के शिरगांव में भगदड़ के कारण हुई मौतों से दुखी हूं। अपने प्रियजन को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।




- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

गोवा के शिरगांव स्थित लैराई देवी मंदिर में वार्षिक यात्रा के समय भगदड़ में कई श्रद्धालुओं की मौत और घायल होने का समाचार बहुत दुखद है। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।



- राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

## पाक ने अब्दाली बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत से जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने शनिवार को अब्दाली वेपन सिस्टम नाम की बैलिस्टिक मिसाइल के सफल परीक्षण का दावा किया है। पाकिस्तान का कहना है कि उसने ऑपरेशनल रेडिनेस एक्सरसाइज 'इंडस' के तहत 450 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली इस सरफेस टू सरफेस मिसाइल का परीक्षण किया। यह मिसाइल 500-700 किलोग्राम तक के न्यूक्लियर एंड कन्वेंशनल हथियार ले जा सकती है, हालांकि इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से कन्वेंशनल हथियारों के लिए किया जाता है। इसमें मॉडर्न नेविगेशन और गाइडेंस सिस्टम हैं, जो सटीक निशाना लगाने में सक्षम हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 31.8 °c | 20.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.17 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.14 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 04 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# 800 एकड़ जमीन में गड़बड़ी की शिकायत, जांच रही सीआइडी

- चामा, बुकरू और कांके आदिवासी जमीन के साथ हुआ है खेल
- एसआइटी की जांच में भारी गड़बड़ी के संकेत, सीओ ऑफिस नहीं दे रहा दस्तावेज




अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में आदिवासी रैयत की जमीन को गैर आदिवासी बताकर बेच दिया गया। इसमें सीओ कार्यालय के एलआरडीसी की भूमिका भी संदिग्ध पायी जा रही है। सीआइडी इस पूरे मामले की जांच कर रही है। करीब 1 हजार एकड़ जमीन में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। अब तक की एसआइटी जांच में 400 एकड़ आदिवासी जमीन को गैरआदिवासी के नाम बेच दिया गया है। इस जमीन पर मकान, सड़क और दुकान बनी हुई है। सीआइडी ने कांके सीओ कार्यालय से चामा, बुकरू और कांके के जमीन के संबंध में सीओ कार्यालय से रिकॉर्ड मांगा है। अब तक कोई दस्तावेज सीआइडी को उपलब्ध नहीं कराया गया है। पूरी गड़बड़ी पूर्व के सीओ के कार्यकाल में हुई है। सरकार के निर्देश पर सीआइडी इस मामले की जांच कर रही है। अगले कुछ दिनों में जांच पूरी होने की संभावना है। सीआइडी की जांच यदि पूरी होगी तो इस मामले में दर्जन भर अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई होनी तय है। जांच में पाया गया कि अधिकारियों की दिलेरी इतनी है कि वे सीएनटी एक्ट का इन तीन गांवों में जमकर उल्लंघन हुआ है।

### जांच चल रही है, रिपोर्ट आने पर कुछ कहा जायेगा

एसआइटी को हेड करने वाले सीआइडी के आइजी सुदर्शन मंडल ने कहा कि इस पूरे मामले में जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। लेकिन भारी गड़बड़ी मिली है।

# फर्जी प्रमाण पत्र मामले में पंचायत सचिव और बीएलइ गिरफ्तार

- चाकुलिया में कुल 4400 जन्म प्रमाण पत्र जारी हुए, जिनमें 715 मुस्लिम समुदाय के नाम पर थे
- वास्तविकता यह है कि चाकुलिया में मुस्लिम समुदाय का कोई स्थायी परिवार नहीं है

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया प्रखंड में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र घोटाले का मामला प्रकाश में आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त के निर्देश पर माटियाबांधी पंचायत सचिव सुनील महतो और बीएलइ (ब्लॉक लेवल एंट्री ऑपरेटर) सपन महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ जारी है।

यह मामला तब सामने आया जब चाकुलिया प्रखंड कार्यालय से जारी किये गये सैकड़ों जन्म प्रमाण पत्रों के आधार पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने बच्चों का नामांकन शहर के स्कूलों में कराने के लिए आवेदन दिया।



स्कूल प्रबंधन को तब शक हुआ जब देखा गया कि सभी प्रमाण पत्रों में जन्मस्थान चाकुलिया दर्शाया गया है, जबकि वास्तविकता यह है कि चाकुलिया में मुस्लिम समुदाय का कोई स्थायी परिवार नहीं है।

जांच में खुलासा हुआ कि 2024-25 के बीच चाकुलिया में कुल 4400 जन्म प्रमाण पत्र जारी हुए, जिनमें 715 मुस्लिम समुदाय के नाम पर थे। जबकि चाकुलिया में मुस्लिम परिवार न होने की पुष्टि स्वयं प्रशासन ने की है। इस घोटाले की पुष्टि के बाद अनुमंडल पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में मामला दर्ज कर कार्रवाई की गयी।

मामला अब विभागीय कार्रवाई की ओर बढ़ रहा है और दोषी कर्मियों की सेवा समाप्ति की भी संभावना जतायी जा रही है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में बड़ा हादसा

# बी ब्लॉक का एक हिस्सा गिरा, 3 मरीज की दबकर मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कोल्हान का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल एमजीएम अस्पताल के बी ब्लॉक का एक हिस्सा गिरा गया। मिली जानकारी के अनुसार, इस हादसे में दो मरीज की मलबे में दबकर मौत हो गयी है और 3 डेड बॉडी बरामद कर ली गयी है। वहीं, अन्य की तलाश जारी है।

जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में एक वार्ड की छत गिर जाने से अफरा-तफरी मच गयी है। कहा जा रहा है कि साकची में स्थित एमजीएम के मेडिसिन विभाग का पहले से जर्जर भवन का हिस्सा अचानक से गिर गया। इसमें चार मरीज दब गये। रेस्क्यू टीम की मदद से मलबे में दबी बुजुर्ग महिला को निकाल लिया गया है। उसकी हालत गंभीर है।

**पहले से जर्जर था भवन :** प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अस्पताल का ये हिस्सा काफी पहले से जर्जर स्थिति में था, लेकिन इसके बाद भी वहां मरीजों को रखा जा रहा था। लोगों का कहना है जर्जर हिस्से को लेकर कई बार शिकायत भी की गयी थी। लेकिन इसके बाद भी उसकी मरम्मत नहीं हुई थी।

**हादसे के बाद मची अफरा-तफरी :** हादसे के बाद पूरे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गयी। वहां पर जो मरीज थे वहां से भागने लगे और वार्ड से निकल कर अस्पताल परिसर के मैदान में ही बैठ गये।

मामले की जानकारी मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य में लग गयी। जमशेदपुर का एमजीएम अस्पताल कोल्हान का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। यहां पर हर रोज हजारों मरीज अपना इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं।

### एमजीएम अस्पताल की कुव्यवस्था की पोल खुल गयी: सरयू राय

घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि इस दुर्घटना के बाद एमजीएम अस्पताल की कुव्यवस्था की पोल खुल गयी है। दो लोगों की मौत हो गयी है। उन्होंने कहा कि अभी आरोप-प्रत्यारोप का समय नहीं है। संवेदना का समय है। लेकिन लंबे समय से बिल्डिंग के जर्जर होने की बात कही जा रही थी। फिर भवन निर्माण विभाग ने क्या सलाह दिया। क्या कार्रवाई की, इसे देखना चाहिए। मुख्यमंत्री, मंत्री, सचिव और प्रशासन के अन्य बड़े अधिकारी अपने को आइने में देखें। तत्काल कार्रवाई करें और बरसात में कोई फिर दुर्घटना न हो, इसका तत्काल प्रयास करें।

### पूर्णिमा साहू पहुंची अस्पताल, दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

घटना की सूचना मिलते ही जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू भी एमजीएम अस्पताल पहुंची। उन्होंने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए दुर्घटना के लिए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। साथ ही सरकार को भी आड़े हाथों लिया।

### छज्जा गिरने की घटना पर सीएम हेमंत ने लिया संज्ञान, दिये जांच और राहत कार्य के निर्देश

**रांची (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम के बी ब्लॉक का छज्जा शनिवार को अचानक गिर गया। इस गंभीर घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तुरंत संज्ञान लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा, जमशेदपुर में एमजीएम अस्पताल के एक पुराने जर्जर भवन के हिस्से के गिरने की खबर पर जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्य हेतु निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने मंत्री इरफान अंसारी को इस घटना पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही, जिला प्रशासन को दुर्घटना की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश भी दिये गये हैं।



### अस्पताल के उपाधीक्षक ने क्या कहा

हादसे को लेकर एमजीएम अस्पताल के उपाधीक्षक नकुल चौधरी ने कहा कि यह भवन 40 साल से भी ज्यादा पुराना है। इस घटना में जो भी मरीज दबे हैं, सभी लावारिस हैं। उनका कोई परिचय नहीं है। दो को सुरक्षित बाहर निकल लिया गया है जबकि अन्य की जानकारी अभी तक नहीं है। उन्होंने बताया कि दूसरी मंजिल का कोरिडोर का एक हिस्सा गिरा है। दो मरीज को बाहर निकाला गया हैं जिनमे एक महिला हैं और दूसरा पुरुष। उन्होंने बताया कि दोनों का कोई परिजन नहीं है। अन्य लोग दबे हैं या नहीं इस मामले मे एनडीआरएफ की टीम कार्रवाई कर रही है। इस घटना की जानकारी विभाग को दे दी गयी है।

# पीड़ितों से मिले सांसद प्रदीप वर्मा




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पिछले दिनों सरायकेला-खरसावां जिले के झिमड़ी गांव में रीता महतो नाम की एक युवती का तस्लीम अंसारी द्वारा जबरन अपहरण कर धर्म परिवर्तन की दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। झारखंड में पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था के कारण समाज के मूल्यों और महिलाओं की स्वतंत्रता पर भी आघात है। राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने बताया कि शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण भगत के साथ जुगीलौंग पहुंचकर घटित घटनाओं की जानकारी ली और पीड़ित परिवारों से मिलकर प्रशासन से हर संभव सहायता दिलाने का विश्वास दिलाया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदयसिंह देव, जिला महामंत्री मधु गोराई, जिला मंत्री मनोज तिवारी , वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू वर्मा, अनिता पारित, अनिल सिन्हा, चंद्र मोहन दास, युधिष्ठिर महतो, मुखिया दयमंती मुंडा, सुमन मुखर्जी, मंडल अध्यक्ष प्रभात पोद्दार, मोतीलाल कुंभकार, फटिक गोराई, भरतचंद्र महतो, शिशिर प्रामाणिक, प्रशांत पोद्दार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खुजली वाला पाउडर डाल झपट लिये तीन लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में दिनदहाड़े एक व्यवसायी को लूट लिया गया। व्यवसायी मनोरंजन मनीष से करीब तीन लाख रुपये लूटे गये हैं। इस कारोबारी को लूटने के लिए अपराधियों ने न छुरा का इस्तेमाल किया और न ही बंदूक का। अपराधियों ने इस्तेमाल किया खुजली वाले पाउडर का। इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना तुरंत पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गयी। घटना रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के पास की है। पीड़ित कारोबारी मनोरंजन मनीष ने पुलिस को दिये अपने बयान में बताया कि शनिवार को वे अपने एक दोस्त के साथ कचहरी स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गये थे। एक शख्स को पेमेंट करने के वास्ते मनीष ने बैंक से तीन लाख रुपये निकाले और अपने बैग में डालकर बैंक से निकल गये। बैंक से निकलते ही उनके पूरे शरीर में खुजली होने लगी। बेतहाशा खुजली के चलते मनीष रास्ते में एक दवा दुकान में रुके और वहां से दवाई ली। इसके बाद मनीष अपने दोस्त के साथ निकल गये। इसी बीच वे लोग अरगोड़ा में रुके, तभी अचानक एक बाइक पर सवार दो उचक्कों ने झपट्टा मारकर



उनका बैग छीन लिया और फरार हो गये। भुक्तभोगी मनोरंजन मनीष का कहना है कि बदमाशों ने बैंक में ही उसके शरीर पर खुजली वाला पाउडर जाल दिया होगा।

इधर, अरगोड़ा थानेदार आलोक सिंह के अनुसार उचक्के बैंक से ही मनोरंजन मनीष का पीछा कर रहे थे। उन्हें पता था कि खुजली के चलते मनीष रास्ते में कहीं न कहीं जरूर रुकेंगे। उसी वक्त उन्हें लूट लेने की प्लानिंग थी। उचक्कों के मंसूबे पर तब पानी फिरता नजर आया जब मनीष एक दवा दुकान पर रुक गये। लेकिन बदमाशों के सितारे आज बुलंदी पर थे। मनीष दवाई लेने के बाद थोड़ी दूर चले और अरगोड़ा में फिर रुके। तभी लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया और भाग निकले। हालांकि, पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी है। उचक्कों का चेहरा भी फुटेज में नजर आ रहा है। उन्हें दबोचने की कोशिश की जा रही है।

फोन नंबर जो जिंदगियां बदल देती हैं।
नि:शुल्क एवं आपातकानील 24x7 सेवा
चाइल्ड हेल्प लाइन
बेघर, बेसहारा, गुमशुदा, बाल मजदूरी, मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद के लिए डायल करें :-
दस... नौ... आठ...
1098
चाइल्ड हेल्प लाइन
1098
दिन-रात, नि:शुल्क
24x7
कौन मदद ले सकता है
- बेघर, बेसहारा, बीमार, गुमशुदा बच्चे।
- बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह आदि से पीड़ित बच्चें।
- उत्पीड़न, शोषण, दुर्व्यवहार से पीड़ित बच्चें।
- देखरेख की आवश्यकता वाला कोई बच्चा।
- आपातकालीन सेवा का जरुरतमंद सभी बच्चा।
सभी आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए फोन नंबर (ERSS) - 112
P.R. 351613 (Women, Child Development & Social Security) 25-26
महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग
(झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था)
दूरभाष संख्या-0651-2446174, ईमेल-jharkhandiscds2020@gmail.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 04 मई, 2025
www.azadsipahi.in




# हर एक क्षण जनता के लिए समर्पित: हेमंत सोरेन





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आप लोगों के सहयोग और आशीर्वाद से इस राज्य को दिशा देने का अवसर हमें मिला है, इसके लिए मैं आप सभी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि राज्य सरकार का हर एक क्षण और हर एक घड़ी इस राज्य की जनता के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि अगर हम काम करेंगे तो स्वाभाविक रूप से लोग हमसे जुड़ेंगे। आज यही कारण है कि पूर्व की अपेक्षा वर्तमान राज्य सरकार को झारखंड की सम्मानित जनता ने और अधिक मजबूती के साथ अपना आशीर्वाद दिया है। हमारा प्रयास है कि हम राज्यवासियों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करें।

मुख्यमंत्री शनिवार को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत 'अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना' के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे।



## समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के जीवन में समस्याएं और परेशानियां आती रहती हैं। इन समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। आज उसी क्रम में हमारी सरकार ने गांव से लेकर शहर तक हर व्यक्ति की समस्याओं का समाधान करने का हरसंभव प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अधिवक्ताओं एवं उनके आश्रितों के स्वास्थ्य को लेकर राज्य सरकार ने यह स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू किया है। राज्य में आप लोगों के लिए भी वकालत के कार्य ज्यादा से ज्यादा बेहतर कैसे हो सके, इस दिशा में हमारी सरकार कार्य योजना बनाकर आगे बढ़ रही है।




**कार्यक्रम में हुए शामिल:** इस अवसर पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री संजय प्रसाद यादव, इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और मंत्री सुदिव्य कुमार, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सुरेश कुमार बैठा, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, महाधिवक्ता राजीव रंजन समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बच्चों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिलायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के बच्चों को क्वालिटी एज्युकेशन मिल सके इस निमित्त उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू किया है। आप अपने बच्चों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिलाएं। अपने बच्चों को इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, पत्रकार किसी भी क्षेत्र में उच्च शिक्षा दिलाना चाहते हैं तो उसे गुरुजी क्रेडिट कार्ड से 15 लाख रुपये तक का ऋण आपके बच्चों को प्राप्त हो सकेगा और वह ऋण बिना किसी गारंटी प्राप्त होगा।

# सीसीएल और पीवीयूएनएल के बीच फ्लाइ ऐश उपयोग के लिए समझौते पर हस्ताक्षर

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** सीसीएल और पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) के बीच शनिवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। इसका उद्देश्य है–खनन के बाद के खाली क्षेत्रों में फ्लाइ ऐश के सतत उपयोग को बढ़ावा देना। यह समझौता फ्लाइ ऐश यूटिलाइजेशन इन माइन वाइड ऑफ डकरा ओसीपी, एनके एरिया, सीसीएल फॉर्म एफवाइ 2027-28 शीर्षक परियोजना के तहत किया गया है, जो पर्यावरणीय पुनस्र्थापन और अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में एक अग्रणी कदम के रूप में देखा जा रहा है।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर सीसीएल के एनके क्षेत्र के महाप्रबंधक और पीवीयूएनएल की पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के महाप्रबंधक (संचालन) द्वारा किये गये। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (परियोजना एवं योजना) शंकर नागाचारी, एवं पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीसीएल और पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही।

इस समझौते का उद्देश्य केवल फ्लाइ ऐश निपटान नहीं, बल्कि उसे एक संसाधन के रूप में उपयोग कर खनन के बाद की भूमि को पुनः उपयोगी बनाना है। यह पहल खनन क्षेत्रों में पर्यावरणीय पुनःस्थापन, जल संरक्षण, मिट्टी की गुणवत्ता सुधार और क्षेत्रीय जैव विविधता को पुनर्जीवित करने में सहायक सिद्ध होगी।

# रेलवे सेफ्टी के लिए पश्चिम रेलवे को मिला 'छोटा भीम' का साथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोलकाता।** जन जागरूकता और रेलवे सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठी पहल के तहत पश्चिम रेलवे छोटा भीम के साथ जुड़ गया है। पश्चिम रेलवे शैक्षणिक और आउटरीच गतिविधियों के लिए छोटा भीम की दुनिया के प्रिय पात्रों का उपयोग करेगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक और छोटा भीम के निर्माता, ग्रीन गोल्ड एनिमेशन प्राइवेट लिमिटेड के सीइओ और प्रबंध निदेशक राजीव चिलाकलापुडी ने 2 मई, 2025 को जियो वर्ल्ड सेंटर, मुंबई में आयोजित विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 में लैटर ऑफ कोलेबरेशन पर हस्ताक्षर किये। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे आम जनता के दिलों तक पहुंचने के लिए अपरंपरागत तरीका अपनायेगी। छोटा भीम और उसके परिवार के चरित्रों का उपयोग प्रिंट, डिजिटल, टेलीविजन, रेडियो और पोस्टर और स्कूल कार्यक्रमों जैसे भौतिक प्रतिष्ठानों सहित विभिन्न मीडिया प्रारूपों में एक वर्ष की अवधि के लिए किया जायेगा। इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य रेलवे परिसर में रेलवे सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार पर आवश्यक संदेशों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने के लिए छोटा भीम फ्रैंचाइज की व्यापक अपील का लाभ उठाना है, विशेष रूप से युवा दर्शकों और परिवारों को लक्षित करना। उल्लेखनीय रूप से, छोटा भीम की राष्ट्रव्यापी और वैश्विक लोकप्रियता का बच्चों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है और उन्हें सकारात्मक रूप से प्रभावित करने की क्षमता है। पश्चिम रेलवे की पहल इन परिचित पात्रों को जनहित अभियानों में एकीकृत करके पहुंच और जुड़ाव बढ़ाने के लिए इस भावना के अनुरूप है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### तुपुदाना रांची में मंडा पूजा का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। नामकुम प्रखंड के तुपुदाना में मंडा पूजा का आयोजन हुआ। 150 भोक्ताओं ने आसमान से आस्था के फूल उड़ाये। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण मौके पर मौजूद थे। इससे पूर्व देर रात भोक्ताओं ने आग पर नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति और शक्ति का परिचय दिया। मौके पर घासी नायक युवा कल्याण समिति कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि लोहारा मुंडा पहान, उरांव, घासी नायक, समाज इस महापर्व मंडा पूजा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस आयोजन में विशेष रूप से नायक युवा कल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक, दीपक नायक, मनोज उरांव, अनेश नायक, संजय नायक (कोका) छोटू नायक, मिटकू नायक, रौनक कुमार नायक, सुमेश नायक, निखिल नायक, रमेश नायक, छठुवा नायक आदि का भरपूर सहयोग राह।

### आरएस फाउंडेशन ने मजदूर दिवस मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। कांके स्थित बुकरु ग्राम में आरएस फाउंडेशन ने मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूरों एवं कर्मचारियों को मिठाई पैकेट देकर सम्मानित किया। आरएस, फाउंडेशन के सदस्य दीपक बंका एवं डॉ रंजना स्वरूप ने मजदूरों एवं कमचारियों का स्वागत किया एवं कहा कि किसी भी संस्थान में मजदूरों की अहमियत बहुत ही खास होती है। वे संस्थान की नीव होते हैं। मजदूरों की मेहनत से ही किसी भी संस्थान में उन्नति होती है। अतः उनकी भूमिका बहुत ही अहम है।

### जेपीएससी को कैलेंडर जारी करने का राज्य सरकार ने निर्देश दिया

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिख कर परीक्षा कैलेंडर जारी करने का निर्देश दिया है। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने 2 मई को इस संबंध में जेपीएससी अध्यक्ष को पत्र लिखा है। उसमें कहा गया है कि राज्य सरकार ने जनवरी 2025 में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में परीक्षा कैलेंडर जारी करने का फैसला किया था। लेकिन अब तक परीक्षा का कैलेंडर जारी नहीं हो सका। जबकि अब जेपीएससी चेयरमैन के पद पर भी नियुक्ति हो चुकी है। उम्मीद की जा रही है कि राज्य सरकार के निर्देश के बाद जेपीएससी जल्द ही परीक्षा कैलेंडर जारी कर देगा। यहां मालूम हो कि पिछले दिनों झारखंड कर्मचारी चयन आयोग अपना परीक्षा कैलेंडर जारी कर चुका है। इधर, जेपीएससी 11 वीं से 13 वीं की सिविल सेवा परीक्षा के मेंस का रिजल्ट अब तक प्रकाशित नहीं होने से छात्रों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रिजल्ट के बारे में जेपीएससी चेयरमैन एलबी खियांग्ते से पूछने पर उन्होंने सिर्फ इतना भर कहा-कीप पेसेंश। मालूम हो कि पिछले साल जेपीएससी मेंस की परीक्षा हुई थी। लगभग आठ माह से अधिक का समय बीत चुका है। बीच में जेपीएससी चेयरमैन का पद खाली रहा। इससे परीक्षाफल प्रकाशन में विलंब का मुख्य कारण बताया गया। हालांकि आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि परीक्षाफल प्रकाशन की कयावद तेज कर दी गयी है। जल्द ही परीक्षाफल का प्रकाशन होने की उम्मीद है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने ओजस एवं प्रवाह, वार्षिक सम्मान पुरस्कार समारोह आयोजित किया। ओजस पुरस्कारों का उद्देश्य सत्र 2024-25 के ओजस्वी छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को पहचानना और पुरस्कृत करना था। कार्यक्रम में 1500 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। नियमितता पुरस्कार प्रवाह उन छात्रों को दिया गया, जो अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प के साथ सभी बाधाओं के बावजूद हर दिन बिना चूके स्कूल पहुंचे। उन्हें ट्रॉफी, बैज और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों को लगातार कई वर्षों तक पूर्ण उपस्थिति बनाये रखने के लिए भी पुरस्कृत किया गया। जैसे कि क्वाड्रा लगातार चार वर्षों तक, हेक्सा लगातार छह वर्षों तक, सेप्टेनियल लगातार सात वर्षों तक और अनडेसिनियल लगातार ग्यारह वर्षों तक उपस्थित रहने वाले छात्रों को प्रदान किया गया। प्री-प्राइमरी विंग के अभिभावकों ने भी नन्हे-मुन्नों को पूरे सत्र के लिए स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित किया। शैक्षणिक क्षेत्र में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए अचीवर्स और स्कॉलर्स को सम्मानित करने के लिए, छात्रों को ट्रॉफी, मेडल, टाई, ब्लेजर, बैज और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। हैट्रिक (तीन साल के लिए स्कॉलर), क्वाड्रा (चार साल के लिए स्कॉलर), पेंटा (पांच साल के लिए स्कॉलर) और हेक्सा (छह साल के लिए स्कॉलर), आउटस्टैंडिंग अचीवर्स और परफेक्ट सेंचुरी होल्डर्स जैसे विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह ने छात्रों को कड़ी मेहनत करने, उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और अपने जुनून का पीछा करने के लिए प्रेरित किया। इसने पुरस्कार विजेताओं, उनके माता-पिता और शिक्षकों के बीच उपलब्धि और गर्व की भावना को भी बढ़ावा दिया।

प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए प्रशंसा की। उन्होंने एक छात्र के जीवन में नियमितता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों में शुभकामनाएं ।

## गुमला के भरनो में दिखा भालू, मचा हड़कंप

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला जिले के भरनो प्रखंड के दक्षिणी भरनो पंचायत अंतर्गत पड़कीटोली गांव में शनिवार को एक जंगली भालू के पहुंचने से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। किसान दुचला के बगीचे में भालू के दाखिल होते ही सैकड़ों ग्रामीण उसे देखने के लिए मौके पर जमा हो गये। भीड़ ने बगीचे को चारों ओर से घेर लिया, जिससे भालू वहां फंसा रह गया और लोग उसे पत्थर मारने लगे। घटना की सूचना पर बसिया वन विभाग की टीम वनपाल लिबनुस कुल्लू के नेतृत्व में छह सदस्यीय क्यूआरटी के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने स्थानीय लोगों से भालू के पास न जाने और उसे परेशान न करने की अपील की। मारासिली पंचायत के मुखिया सुकेश उरांव ने भी ग्रामीणों से संयम बरतने और भालू की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर भालू उग्र हो गया तो जान-माल का गंभीर नुकसान हो सकता है। गौरतलब है कि भरनो क्षेत्र में भालू और हाथियों का जंगल से निकल कर गांवों में आना कोई नयी बात नहीं है। स्थानीय जानकारी के अनुसार, साल में तीन से चार बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। तीन साल पहले करंज थाना क्षेत्र के अंबेरा नागेसिया टोली गांव में एक भालू ने एक ही दिन में तीन लोगों को मार डाला था और तीन अन्य को घायल कर दिया था।

## रोटरी रांची ने किया लाइफस्टाइल और ओबेसिटी पर टॉक शो

# मोटापा समेत कई रोगों से बचाता है संतुलित आहार : डॉ विनय ढनढनिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रोटरी क्लब रांची में लाइफस्टाइल और ओबेसिटी पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ विनय ढनढनिया ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी लाइफस्टाइल और ओबेसिटी के बीच एक गहरा संबंध है। हमारी लाइफ स्टाइल में जंक फूड, असमय एवं अनियंत्रित मात्रा में भोजन, शारिरिक गतिविधियों में कमी के कारण ही शरीर में अतिरिक्त वसा का जमाव यानी ओबेसिटी होती है। उन्होंने कहा कि देश का हर एज ग्रुप, और युवा इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। ये चिंतनीय इसलिए है, क्योंकि मोटापा सब बीमारियों का घर कहा जाता है। मोटापे के कारण शुगर (डायबिटीज), हृदय रोग जैसी अनेक बीमारियों का खतरा युवाओं में विशेषकर बढ़ रहा है। आज मनुष्य की जीवनशैली इतनी व्यस्त हो गयी है कि मनुष्य के पास अपने स्वास्थ्य के लिए भी समय नहीं बचा है। कहा गया है कि स्वास्थय ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है, लेकिन आज मनुष्य अपने स्वास्थ्य का सही तरीके से ख्याल नहीं रख पा रहा है। घटते जंगलों के कारण बढ़ते प्रदूषण, औद्योगिकीकरण के बीच आज मनुष्य को अनेक बीमारियां घेर रही हैं। न हवा शुद्ध रही, न मिट्टी और जल। चहुंओर प्रदूषण का बोलबाला है। ऊपर से मनुष्य का एंड्रॉयड मोबाइल, लैपटॉप, इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स और अन्य इलेक्ट्रानिक संसाधनों पर अधिक समय बिताना, बाहर का खाना विशेषकर जंक फूड और फास्ट फूड पर निर्भरता, शहरों में देर रात सोना और सुबह देर से जागना, पारिवारिक अलगाव, एकाकीपन जैसी समस्याएं आज आम हो चुकीं हैं। इन कारणों से तनाव, अवसाद, चिड़चिड़ापन, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय की बीमारियां लोगों को घेर रही हैं।

उन्होंने कहा कि ओबेसिटी को नियंत्रित करने के लिए लाइफस्टाइल में बदलाव करना आवश्यक है। स्वस्थ आहार लेने से ओबेसिटी को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। अधिक मात्रा में फल, सब्जियां, और साबुत अनाज खाने से वजन को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। साथ ही नियमित व्यायाम करने से ओबेसिटी को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। व्यायाम से वजन कम करने और मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद मिलती है। हमें पर्याप्त नींद लेने से ओबेसिटी को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। नींद की कमी से वजन बढ़ सकता है और हमें सबसे बड़ी बात की खुद का तनाव प्रबंधन स्वंय करना होगा। तनाव को कम करने के लिए योग, मेडिटेशन, और अन्य तनाव प्रबंधन तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है।

इस अवसर पर सुरेश साबू ने रोटरी प्रतीक चिन्ह भेंट कर डॉ विनय का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम के दौरान पीडीजी जोगेश गंभीर ने डॉ सिमी मेहता को नए सदस्य के रूप में रोटरी शपथ ग्रहण कराई गई। टॉक शो में अजॉय छाबड़ा, भण्डारी लाल, ललित त्रिपाठी, डॉ अनिल कुमार पांडेय, मुकेश तनेजा, मंजू गंभीर, पूनम छाबड़ा, डॉ अमित अग्रवाल, अजय साबू, अमित अग्रवाल, पवन जायसवाल, रविन्द्र चड्ढा, परमजीत चड्ढा, रश्मि अग्रवाल, गौरव प्रशांत, चरणजीत सिंह वासु, भावना तनेजा, राजकुमार अग्रवाल, प्रवीण राजगढ़िया आदि उपस्थित थे।




# झारखंड महिला कांग्रेस कमेटी ने की बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कांग्रेस भवन, रांची में रांची के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाअध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा उपस्थित थे। इसमें 06 मई को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली की तैयारी की जानकारी ली।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने महिला कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि 06 मई को रांची में आयोजित संविधान बचाओं रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो

### संविधान बचाओ रैली की तैयारी जोरों पर

और अपने अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संविधान के साथ छेड़छाड कर आमलोगों के अधिकार से बेदखल करना चाहती है और पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाना चाह रही है।

उन्होंने सभी महिला कांग्रेस पदाधिकारियों को इस रैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए जोरदार तैयारी करने का निर्देश दिया है। इस बैठक में पिंकी सिंह, संगीता टोपो, पार्वती सिंह, अनिता सिन्हा, नीतू देवी, शहनाज खातून, मेरी तिर्की, मीनू सिंह, रेश्मा , सीमा गुप्ता, मीणा देव, सीमा साहु सहित अन्य मौजूद थीं।




# बेंगलुरु की लगातार चौथी जीत, चेन्नई को 2 रन से हराया

## रोमारियो शेफर्ड ने 14 बॉल पर फिफ्टी बनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आइपीएल के 52वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 2 रन की रोमांचक जीत हासिल की। टीम 16 अंक के साथ प्वाइंट्स टेबल के टॉप पर आ गयी। यह बेंगलुरु की लगातार चौथी जीत है, जबकि प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी चेन्नई ने लगातार चौथा मैच गंवाया। बेंगलुरु ने उसे इस सीजन के दोनों मैच में हराया।



चिन्नास्वामी स्टेडियम में 214 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रवींद्र जडेजा 45 बॉल पर 77 रन बना कर नाबाद लौटे, जबकि आयुष म्हात्रे ने 48 बॉल पर 94 रनों की पारी खेली। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट हासिल किया। इससे पहले बेंगलुरु की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने 14 गेंद पर सीजन की सबसे तेज फिफ्टी लगायी। उन्होंने 6 छक्के और 4 चौके लगाये। विराट कोहली ने 62 रन और जैकब बेथेल ने 55 रन की पारियां खेलीं। मथीशा पथिराना ने 3 विकेट हासिल किये।

CCL Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in),सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

# श्रीलेदर्स लालपुर में खोलेगा शोरूम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय फुटवियर ब्रांड श्रीलेदर्स रांची के लालपुर में नया शोरूम खोलेगा। शोरूम का उद्घाटन रविवार को किया जायेगा। नया शोरूम प्लाजा सिनेमा के सामने एचबी रोड पर खोला जा रहा है। यह जानकारी श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने शनिवार को नये शोरूम में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि श्रीलेदर्स के इस नये शोरूम में प्रतिस्पर्धी कीमतों पर विश्व स्तरीय फुटवियर, चमड़े के सामान, बैग, ट्रैवल बैग, स्पोर्ट्स शूज और एक्टिव वियर की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जायेगी। उन्होंने बताया कि श्रीलेदर्स को स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे ने वर्ष 1952 में स्थापित किया था। प्रतिष्ठान ने किफायती कीमतों पर आरामदायक और स्टाइलिश फुटवियर उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है।

शेखर डे ने कहा कि हम अपने फ्रैंचाइजी को उत्पाद वितरित करने से पहले गुणवत्ता और ग्राहक स्वीकार्यता को प्राथमिकता देते हैं। इस मौके पर श्रीलेदर्स के रॉकी डे, सौरभ विश्वास, श्रीलेदर्स के नये शोरूम के संचालक निर्मल्या रॉय, संचित राजगढ़िया, अभिनेत्री स्टेफी पटेल और मिस यूनिवर्स झारखंड रिया तिर्की उपस्थित थीं।

# सभी अधिवक्ताओं को बीमा योजना से जोड़ा जाये: प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री अधिवक्ता स्वास्थ्य योजना में 15,000 अधिवक्ताओं को छोड़ने पर आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा कि इस योजना से प्रदेश के लगभग 30,000 अधिवक्ताओं में से आधे को लाभ नहीं मिलेगा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री से पहल करने की मांग की है कि बजट में प्रावधान बढ़ाकर सभी 30,000 से ज्यादा अधिवक्ताओं को इस योजना से जोड़ा जाये। उन्होंने कहा कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल को इस योजना से बाहर रखना भी अनुचित है, क्योंकि यह संगठन प्रदेश के अधिवक्ताओं की सबसे बड़ी प्रतिनिधि है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड स्टेट अधिवक्ता कल्याण एक्ट के



अनुसार, ट्रस्टी कमेटी को स्टेट बार काउंसिल के निर्णय के आलोक में पैसा खर्च करना चाहिए, लेकिन इस योजना में ट्रस्टी कमेटी को संपूर्ण पावर देना गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि नये वकीलों के लिए 5,000 प्रति माह की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की गयी है, लेकिन इसमें भी आधी राशि ट्रस्टी कमेटी को वहन करनी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को पहल कर पूरे पैसे का भुगतान खुद करना चाहिए।

# करोड़ों की ठगी करनेवाला बिल्डर रांची से गिरफ्तार

### पुलिस के अलावा सीबीआइ और इडी में दर्ज हैं कई मामले

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिल्डर माफिया प्रभात कुमार रंजन उर्फ उदय सम्राट को पटना पुलिस ने रांची से गिरफ्तार किया है। फ्लैट दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी को लेकर दो दर्जन से अधिक मामले इस पर दर्ज हैं। शनिवार को घटना की जानकारी देते हुए दानापुर एएसपी-1 भानुप्रताप सिंह ने बताया कि जालसाजी करने में संलिप्त पटना जिले के टॉप - 10 बिल्डर्स माफिया की सूची में शामिल वांछित आरोपी प्रभात रंजन को गिरफ्तार किया गया है। 29 मार्च को रूपसपुर थाना में एक पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें फ्लैट का अग्रीमेंट कर ठगी का आरोप लगाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पटना एसएसपी के निर्देश पर दानापुर एएसपी-1 भानुप्रताप सिंह के



नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मामले का सफल उद्भेदन करते हुए आरोपी प्रभात कुमार उर्फ. उदय सम्राट को रांची से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व से 25 कांड दर्ज हैं। जिसमें पटना, औरंगाबाद, शिवहर जिले में दर्ज मामले के साथ सीबीआइ व इडी में दर्ज प्राथमिकी शामिल हैं।

### प्रभात रंजन ने कर रखी हैं तीन शादियां

जानकारी के मुताबिक जहानाबाद के घोसी थाना क्षेत्र के बड़की बभनपुरा निवासी बिल्डर प्रभात कुमार रंजन उर्फ उदय सम्राट तीन शादी किया है। बिल्डर के नाम पर ठगी कर सम्राज्य खड़ा करने वाले प्रभात रंजन ने एक पत्नी को छोड़ दिया है। जबकि हेमंती व प्रिया साथ हैं। ठगी के इस धंधे में दोनों पत्नियां भी साथ देती हैं। प्रभात रंजन और उसकी पत्नी प्रिया मिश्रा पाटलीग्राम बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर फर्म चलाते हैं। दानापुर के सगुना मोड़ के पास बीएन कॉम्पलेक्स में इनका ठिकाना था। फ्लैट और जमीन देने के एवज में लोगों को झांसा देकर मोटी रकम ली गयी, पर न तो फ्लैट दिया गया ना ही जमीन मिली। करोड़ों रुपये की ठगी कर फरार प्रभात और उसकी पत्नी प्रिया को जब पटना पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी तो पटना हाइकोर्ट ने मई 2022 में एक मामले की सुनवाई के दौरान एसटीएफ को प्रभात व अन्य की गिरफ्तारी का सुनिश्चित करने का आदेश दिया था। जिसके बाद एसटीएफ आरोपी की तलाश में जुट गयी। एसटीएफ ने जब दबिश बढ़ायी तो आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदलने लगा। पटना से भागकर रांची पहुंचा। वहां से दोनों छत्तीसगढ़ होते हुए ओड़िशा पहुंचे। इसके बाद कोलकाता पहुंचा, वहां से रांची पहुंचने पर एसटीएफ ने बिल्डर प्रभात कुमार रंजन उर्फ उदय सम्राट और उसकी पत्नी प्रिया मिश्रा को गिरफ्तार किया।

# रेल मंत्री ने पुणे-जोधपुर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** अश्विनी वैष्णव, रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने पुणे -जोधपुर एक्सप्रेस को पुणे रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एमजीआर चेन्नई सेंट्रल - जोधपुर (भगत की कोठी) एक्सप्रेस की भी उद्घाटन यात्रा को हरी झंडी दिखायी। इस अवसर पर पुणे रेलवे स्टेशन पर मुरलीधर, केंद्रीय राज्य मंत्री, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन, मेधा कुलकर्णी सांसद, विधायक सुनील मौजूद थे। वहीं जोधपुर रेलवे स्टेशन पर गजेंद्र सिंह शेखावत केंद्रीय राज्य मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन, वनीता सेठ महापौर जोधपुर, सांसद राजेंद्र गहलोत, लुंबाराम चौधरी, विधायक अतुल भंसाली, देवेंद्र जोशी। डॉ एल मुरुगन, केंद्रीय राज्य मंत्री, सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। धर्मवीर मीणा, महाप्रबंधक, मध्य रेलवे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इन ट्रेनों से महाराष्ट्र/तमिलनाडु और राजस्थान के बीच सीधा रेल संपर्क बढ़ेगा। व्यापार, वाणिज्य एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। क्षेत्रों के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। लंबी दूरी के यात्रियों के लिए समय और प्रयास की बचत। सांस्कृतिक समरसता और क्षेत्रीय एकता को बढ़ाव मिलेगा। गाड़ी संख्या 20496 हडपसर - जोधपुर एक्सप्रेस के लिए आरक्षण 05 मई 2025 से सभी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों एवं वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

# सुदेश महतो ने नाइजर में अपहृत झारखंडी श्रमिकों के लिए गृह मंत्री को लिखा पत्र, त्वरित हस्तक्षेप की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर अफ्रीका के नाइजर में एक आतंकी समूह द्वारा अपहत झारखंडवासी 5 श्रमिकों की तत्काल और सुरक्षित रिहाई के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया है।

सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर निवासी पांच श्रमिकों का नाइजर की राजधानी नियामे से 115 किमी दूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स लिमिटेड नामक कंपनी के कार्य



स्थल से 25 अप्रैल को अपहरण कर लिया गया है। ये नागरिक अपने जीविकोपार्जन और परिवार के भविष्य के लिए नाइजर में कार्यरत थे। यह घटना न केवल इन नागरिकों और उनके परिवारों के लिए एक त्रासदी है, बल्कि यह विदेशों में कार्यरत भारतीयों की सुरक्षा के प्रश्न को भी उजागर करती है। आजसू पार्टी लगातार इस संबंध में केंद्र सरकार और नाइजर दूतावास पर दबाव बनाये हुए है। शुक्रवार को आजसू विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो और संजय मेहता ने भी अपहत श्रमिकों के परिजनों से बगोदर में मुलाकात की थी और श्रमिकों की रिहाई के लिए आजसू पार्टी के प्रयासों से अवगत करवाया। सुदेश महतो ने गृह मंत्री से अपील की है कि भारत सरकार इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे और नाइजर सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर इन नागरिकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि इस घटना ने विदेशों में कार्यरत झारखंडवासियों की सुरक्षा के लिए नीतिगत सुधारों की आवश्यकता को उजागर किया है।

सुदेश महतो ने अपहत नागरिकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें आश्वासन दिया कि आजसू और झारखंड की जनता उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, हम आपके दुख में आपके साथ हैं। हमारा हर प्रयास आपके अपनों को सुरक्षित वापस लाने के लिए होगा।

# रघुवर दास के जन्मदिन पर भाजपा ने पहाड़ी मंदिर में की विशेष पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश भाजपा की ओर से रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुजारी मुन्ना भारद्वाज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा करायी और रघुवर दास के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की गयी। मौके पर भाजपा नेता संजय जायसवाल ने पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर छोटे बच्चों के साथ केक काटा। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों




के बीच फल, मिठाई और बिस्कुट वितरित किये। इसके अलावा, उन्होंने बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, फल और बिस्कुट भी बांटे। साथ ही, जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। इस कार्यक्रम में भाजयुमो के जिला मंत्री शुभम जायसवाल, रिंकू साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, उदय चौधरी, अविनाश राय, प्रिंस कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 83 date 16.04.2025, I Savatri Devi Dist. Gumla, Jharkhand, do hereby solemnly affirm as under :-
1. That my true correct name is savatri devi which mentioned in my husband service book.
2. That in my Aadhar Card No. 2616 5053 0254, My name is written as Sabitri Devi.
3. That My Correct Name is Savatri Devi But due to mistake my name is wrongly written as Sabitri devi in my Aadhar Card.
4. that The same Savatri Devi which is mentioned in my husband service book is my original & authentic name.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No. 1867 dated 17.04.2025 I, Naresh Saw S/O Tulu Saw aged about 52 years, Resident of village- Palihari Gurudih Kandu Tola, P.O Gomia, P.S- Gomia, Dist- Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-
1. That, my Nationality is Indian.
2. That, in my Aadhaar card vide No. 6894 4545 2216 and PAN Card vide No- CDJPS6258J my name has been mentioned as Naresh Saw but in my LIC policy vide Policy No. 546972398 my name has been mentioned as Naresh Kumar Nayak.
3. That, Naresh Saw and Naresh Kumar Nayak both names are one and same person i.e myself.
4 That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concerned and for needful purpose.
5 That, the above contents of this affidavit are true and correct, if in future will be found in correct than I shall be liable to punish in relevant acts.

# बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने के लिए बहुत जल्द होगा एमओयू : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि रांची में बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने के लिए बहुत जल्द एमओयू किया जायेगा। बंद बेकन फैक्ट्री में जंग लग चुकी मशीनों को बदला जायेगा। तिर्की शनिवार को नेपाल हाउस में प्रेस वार्ता में बोल रही थीं। उन्होंने बताया कि 28 से 30 अप्रैल तक तेलंगाना राज्य का दौरा झारखंड राज्य के किसानों के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा। मंत्री ने कहा कि झारखंड में शूकर पालन से जुड़े लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। एक समय था जब बेकन फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मी अध्ययन के लिए डेनमार्क तक जा चुके हैं। आज इतिहास के पन्नों में दर्ज बेकन फैक्ट्री को फिर से पुनर्जीवित करने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने पहल की है। मंत्री ने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के संदर्भ में बताया कि नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड इस दिशा में सहयोग करने को तैयार है। केंद्र सरकार ने पर्ल कल्चर को बढ़ावा देने के लिए हजारीबाग जिला को चुना है। राज्य के 100 किसानों को विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। सीआइएफए भुवनेश्वर में



किसानों के साथ-साथ मत्स्य विभाग के पदाधिकारी को प्रशिक्षण के लिए भेजा जायेगा। इसका उद्देश्य मत्स्य पालन के क्षेत्र में नयी विधि को अपनाना और उत्पादन को बढ़ाना है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में मोटे अनाज के उत्पादन के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च सेंटर के मॉडल को अपनाने की जरूरत है। राज्य की गठबंधन वाली सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए किसानों को तीन हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दे रही है। इसका असर भी मोटे अनाज के उत्पादन में दोगुना वृद्धि के रूप में दिखने लगा है। आज इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च के द्वारा मोटे अनाज से 40 प्रोडक्ट को तैयार किया जा रहा है। झारखंड में आने वाले समय में मिलेट कैफेटेरिया बनाने की योजना है। इसके लिए भी एक एमओयू किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि किसान सोचते हैं कि मोटे अनाज की खेती से उनको फायदा नहीं होगा, लेकिन अब ऐसा नहीं है। बाजार में मोटे अनाज की मांग लगातार बढ़ रही है। किसानों को उनके फसल का उचित मूल्य मिल सके इस ओर सरकार ध्यान दे रही है। मूल्य संवर्धन की दिशा में बहुत काम करने की जरूरत है। राज्य में मडुआ के उत्पादन में बेहतर काम हुआ है। मोटे अनाज से जुड़े प्रोडक्ट को तैयार करने के लिए छोटे-छोटे प्रोसेसिंग यूनिट खोलने की भी योजना है।

# अपराधियों ने पोकलेन में लगायी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने दमदमी गांव स्थित सोहेया पहाड़ पर क्रशर प्लांट परिसर में खड़े एक पोकलेन में आग लगा दी। यही नहीं, घटना को अंजाम देने के बाद दहशत फैलाने के इरादे से तीन-चार राउंड हवाई फायरिंग भी की। इसके बाद बाइक पर सवार होकर फरार हो गये। उधर, घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू चौधरी तुरंत दमकल और पुलिस के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। जहां दमकल के इंजनों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात 10.30 एक बाइक पर सवार होकर तीन लोग महादेवा कंस्ट्रक्शन परिसर में पहुंचे। जहां खड़े पोकलेन में आग लगा दिया। इसके बाद फायरिंग करते हुए दक्षिण दिशा की ओर भगा निकले। वहीं, क्रशर प्लांट के मुंशी ने बताया कि दो चार दिन पहले भी बाइक सवार लोगों ने काम बंद करने की धमकी दी थी। दूसरी ओर, थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया की पुलिस हर बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है। वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर धरपकड़ अभियान भी चलाया जा रहा है। कहा कि क्रशर प्लांट संचालक की ओर से थाना में अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं की गयी है।

# डिजिटल अधिकार

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कि डिजिटल सेवाओं तक पहुंच हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है, आज के वक्त की जरूरत है। डिजिटल पहुंच जीवन को सिर्फ आसान ही नहीं बनाती, बल्कि जीने के लिए समान अवसर भी देती है। सामाजिक-आर्थिक अंतर को पाटने का एक तरीका यह भी है कि डिजिटल मोर्चे पर सभी को एक जैसे मौके मुहैया कराए जाएं।

**आर्टिकल 21 का जिक्र:** दो एसिड सर्वाइवर्स की वजह से इतना अहम मुद्दा सामने आया। इनमें से एक सर्वाइवर की आंखें नहीं झपकतीं और एक पूरी तरह से नेत्रहीन है। इस वजह से दोनों का बैंक केवाइसी नहीं हो सका। दोनों ने याचिका दायर कर केवाइसी नियमों में बदलाव की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने इस केस को बड़े परिप्रेक्ष्य में देखा और संविधान के आर्टिकल 21 का जिक्र किया, जो सभी को गरिमा के साथ जीने और आजीविका कमाने का अधिकार देता है।

**केवाइसी की प्रक्रिया बदलेगी:** आज लगभग सभी सेवाएं और सुविधाएं डिजिटली मौजूद हैं। अगर शारीरिक दिक्कत की वजह से कोई इन सेवाओं-सुविधाओं से वंचित रह जाता है, तो यह उसके अधिकारों पर चोट है। इसी वजह से कोर्ट ने केंद्र, फ्क्क और सभी संबंधित रेगुलेटरी अथॉरिटी को केवाइसी प्रक्रिया में बदलाव का आदेश दिया है।

**अभी कहानी अधूरी:** चीन के बाद इंटरनेट यूजर्स के मामले में भारत दूसरे नंबर पर है। सरकार के पिछले साल अगस्त में जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में 95 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट सब्सक्राइबर्स थे। इनमें से करीब 39 करोड़ आबादी ग्रामीण थी। सरकारी डेटा के मुताबिक, 95.15% गांवों तक इंटरनेट की पहुंच हो गई थी। ये आंकड़े डिजिटल इंडिया की तरक्की की कहानी कहते हैं, लेकिन यह कहानी तब तक अधूरी है, जब तक इंटरनेट के जरिये लोगों को बदलाव का मौका नहीं मिलता।

**शीर्ष अदालत ने माना कि डिजिटल खाई को पाटना अब केवल नीति का मसला नहीं रहा, यह एक संवैधानिक जरूरत बन चुका है, ताकि हर नागरिक को सम्मानपूर्ण जीवन, स्वायत्तता और सार्वजनिक जीवन में समान भागीदारी मिल सके।**

**डिजिटल दूरी:** सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में जिस डिजिटल डिवाइड की बात की, वह एक बड़ी हकीकत है। डिजिटल सुविधाओं का फायदा उठाने के मामले में भी समाज में एक बड़ी खाई है। टेक्नॉलजी, उससे जुड़ी जानकारी, भाषा - ऐसे तमाम गतिरोध हैं, जो बड़ी आबादी को डिजिटल क्रांति का फायदा लेने से रोकते हैं। शीर्ष अदालत ने इन्हीं परेशानियों को संबोधित किया है।

**सरकार की जिम्मेदारी:** शीर्ष अदालत ने माना कि डिजिटल खाई को पाटना अब केवल नीति का मसला नहीं रहा, यह एक संवैधानिक जरूरत बन चुका है, ताकि हर नागरिक को सम्मानपूर्ण जीवन, स्वायत्तता और सार्वजनिक जीवन में समान भागीदारी मिल सके। अब यहां से सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस मसले पर गंभीरता से आगे बढ़े। टेक्नॉलजी अपने में खुद कभी भेदभाव नहीं करती और उसकी असली ताकत भी इसी में है कि वह सभी को समान रूप से उपलब्ध हो।

अभिमत | आजाद सिपाही

**प्रेस की आजादी का अर्थ यह लगाया जाता है कि समाचार पत्रों, जनसंपर्क के विभिन्न माध्यमों और मीडिया तथा मनोरंजन के साधनों के जरिए लोगों को पढ़ने, सुनने और देखने के लिए कुछ भी परोसा जा सकता है। जहां एक ओर निष्पक्ष पत्रकारिता किसी भी लोकतंत्रवादी देश की पहचान है, वहां अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कुछ भी लिखने, सुनाने और दिखाने को अपना मौलिक अधिकार समझ लिया जाना गलत है। इससे न केवल भ्रम की स्थिति पैदा होती है, बल्कि समाज में अव्यवस्था भी फैलती है जिससे लोगों के बीच तनाव उत्पन्न होने की संभावना बढ़ जाती है।**

# 'प्रेस आजादी दिवस' पर स्वयं को आईना दिखाना आवश्यक

**पूरन चंद सरीन**



**हमारा देश प्रेस की आजादी के मामले में 180 देशों की सूची में 159 के क्रम पर है। समझा जा सकता है कि हमारी स्थिति क्या है और यह भी कि इसके पीछे कौन जिम्मेदार है? हकीकत यह है कि यदि कोई व्यक्ति, संस्थान या संचार माध्यम अगर चाहे भी तो सत्य को बिना सरकार की अनुमति के उजागर नहीं कर सकता।**

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 3 मई को मनाया जाता है। इसके अगले दिन 4 मई को इस बार विश्व हास्य दिवस भी संयोग से पड़ रहा है। ये दोनों ही लिखने से संबंधित हैं। दोनों में एक समानता है और वह यह कि दोनों ही कलम के जरिए कलमकारों को सभी प्रकार के सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी बंधनों से मुक्त करने की बात करते हैं।

प्रेस की आजादी का अर्थ यह लगाया जाता है कि समाचार पत्रों, जनसंपर्क के विभिन्न माध्यमों और मीडिया तथा मनोरंजन के साधनों के जरिए लोगों को पढ़ने, सुनने और देखने के लिए कुछ भी परोसा जा सकता है। जहां एक ओर निष्पक्ष पत्रकारिता किसी भी लोकतंत्रवादी देश की पहचान है, वहां अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कुछ भी लिखने, सुनाने और दिखाने को अपना मौलिक अधिकार समझ लिया जाना गलत है। इससे न केवल भ्रम की स्थिति पैदा होती है, बल्कि समाज में अव्यवस्था भी फैलती है जिससे लोगों के बीच तनाव उत्पन्न होने की संभावना बढ़ जाती है।

**कृत्रिम बुद्धिमता यानी आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस के दौर में यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है।**

**आलोचना और उसकी मर्यादा :** सामान्य व्यक्ति के सामने आज चुनौती यह है कि वह किस की बात को सही माने, पत्रकारों, लेखकों और फिल्मकारों की या सरकार द्वारा रखा गया पक्ष जिसे बड़ी सफाई से संविधान और उसके अंतर्गत बने कानूनों के तहत सही ठहरा दिया जाता है। तर्क यह दिया जाता है कि जिस प्रकार कोई पत्रकार गहन खोजबीन करने के बाद ही किसी मामले पर कुछ लिखता है, उसी प्रकार सरकार भी तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखती है, कानून बनाती है और उन पर अमल करवाती है। प्रश्न यह नहीं कि कौन सही या गलत है बल्कि यह कि यदि इन दोनों में कहीं मतभेद या अंतर है तो दोनों पक्षों द्वारा इसे तार्किक बहस से सुलझाया जाना चाहिए जो सामान्यता होता नहीं, दोनों ही हठ पर उतर आते हैं कि वही ठीक हैं। सरकार के पास डंडा चलाने का अधिकार है तो वह व्यक्ति या संस्थान के प्रति कठोर कार्रवाई कर अपनी शक्ति दिखाती है, तो दूसरी ओर मीडिया कर्मी भी पाठकों और दर्शकों तक अपनी व्यापक पहुंच के बल पर मोर्चा संभाल लेते हैं।

हमारा देश प्रेस की आजादी के मामले में 180 देशों की सूची में 159 के क्रम पर है। समझा जा सकता है कि हमारी स्थिति क्या है और यह भी कि इसके पीछे कौन जिम्मेदार है? हकीकत यह है कि यदि कोई व्यक्ति, संस्थान या संचार माध्यम अगर चाहे भी तो सत्य को बिना सरकार की अनुमति के उजागर नहीं कर सकता। किसी भी विषय को संवेदनशील कहकर उस पर कुछ भी बोलने से मना कर देना उचित नहीं कहा जा सकता। इससे सच्चाई का पता नहीं चल सकता, आप अंधेरे में रहते हैं और गलत नीति की बदौलत देश को नुकसान पहुंचाते हैं। आज भी संसार में अनेक देश हैं जहां हमारे यहां आपातकाल के समय की स्थिति है। वहां कुछ भी प्रकाशित करने या दिखाने से पहले सरकार की अनुमति लेनी होती है। मीडिया संसाधनों पर नियंत्रण इस हद तक है कि किसी भी प्रकार का विरोध किया ही नहीं जा सकता। हमारे देश में ऐसी स्थिति तो नहीं है लेकिन यह भय बना रहता है कि यदि सत्य होने के बावजूद और सभी प्रमाण होने पर भी कुछ लिखा या दिखाया गया तो जांच-पड़ताल और छापे से लेकर किसी भी मामले में कार्रवाई से पहले गिरफ्तारी की तलवार लटकी रह सकती है।

**वर्तमान चुनौतियां :** कृत्रिम बुद्धिमता यानी आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस के दौर में यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि एआइ गलत जानकारी भी देता है, डीपफेक तकनीक से किसी के चरित्र का चीरहरण हो सकता है। यह इतना तेज है कि संभलने का मौका भी नहीं मिलता और दुनिया भर में गलत छवि फैल जाती है। इसके जरिए पत्रकारों की निगरानी करना आसान हो गया है, कुछ भी व्यक्तिगत या गोपनीय नहीं रहता। यह अलग तरह की हिंसा और उत्पीड़न है, जिसका प्रतिकार करना मुश्किल है। राजनीतिक दबाव के चलते ऑनलाइन ट्रोलिंग का इस्तेमाल किया जाता है, पत्रकार या रचनाकार को कमजोर करने के प्रयत्न किये जाते हैं।

जिस स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया को लोकतंत्र की आधारशिला माना जाता था, वह ढांचा अब चकनाचूर होकर ढह गया है। इसका कारण एक तो यह है कि अब वैश्विक स्तर पर अपनी बात रखने के अनेक संसाधन उपलब्ध हैं और पलक झपकते ही पूरी दुनिया जान सकती है कि आप क्या सोचते हैं और दूसरा यह कि जब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोग आपकी आलोचना करने लगते हैं, तो कितनी ही कोशिश कर लीजिए, संशय तो पैदा हो ही जाता है। हालांकि यह दुरुपयोग है लेकिन हमारे बहुत से नेता अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए विदेशों में ही बयानबाजी करते रहते हैं, जिससे देश में अस्थिरता का वातावरण पैदा किया जा सके। सरकार आपराधिक तथा मानहानि जैसी धाराओं के तहत कार्रवाई करती है।

प्रश्न यह है कि क्या सरकार और पूंजीपतियों तथा बुद्धिजीवियों के सम्मिलित प्रयास से कोई ऐसी व्यवस्था लागू की जा सकती है, जिसके अंतर्गत वे सभी साधन उपलब्ध कराए जा सकते हों जिनकी आवश्यकता किसी समाचारपत्र या चैनल को होती है। इसमें केवल यह होगा कि जो धन लिया या संसाधन इस्तेमाल किये, उन्हें निश्चित समय में वापस करना होगा या फिर उन्हें किसी विशेष परिस्थिति में अवधि में वृद्धि अथवा पूर्ण रूप से छोड़ा जा सकता है। यदि हमारा मीडिया स्वतंत्र और निष्पक्ष होगा तो समाज में सहिष्णुता बढ़ेगी और लोगों को वास्तविक जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही विश्व हास्य दिवस के अवसर पर मंद-मंद मुस्कुराते हुए, चेहरे पर मुस्कान के साथ खुलकर हंसने-हंसाने और ठहाके लगाने की अग्रिम बधाई।

## कोल्हान की खबरें

### विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कार्यशाला एआइ बनाम मानवीय बुद्धिमत्ता पर चर्चा



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय सभागार में प्रेस स्वतंत्रता पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभावह्व विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएसपी किशोर कौशल ने कहा इंसान की बुद्धिमत्ता को एआइ कभी मात नहीं दे सकता। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानंद उरांव ने भी एआइ के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में पत्रकार दशमत सोरेन की कविता संग्रह पूर्णिमा की शाम का विमोचन किया गया। इस अवसर पर स्व. सिद्धनाथ दुबे और मनीष सिन्हा को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार श्रीवास्तव एवं अध्यक्षता संजीव भारद्वाज ने की। मौके पर जनसपर्क विभाग से सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी अंकित कुमार सिंह, भवेश शर्मा, गौरव कुमार, चंदन, पत्रकार बी श्रीनिवास, बीके ओझा, बृजेश सिंह, कुलविंदर सिंह, सुमित झा, अमित तिवारी,अमिताभ वर्मा, अभिषेक पीयूष, वेद प्रकाश गुप्ता, प्रमोद झा, जितेंद्र कुमार, निखिल सिन्हा, चंद्रशेखर, सुनील आनंद, मिथिलेश चौबे, संजीव सिंह, निर्मल प्रसाद, आकाश, सानू और अन्य मौजूद रहे।

### केरला समाजम मॉडल स्कूल में सहायक कर्मियों को बचाव अभियान के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित केरला समाजम मॉडल स्कूल परिसर में सुरक्षा जागरूकता को सशक्त बनाने के लिए सहायक कर्मचारियों के लिए एक विशेष बचाव प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। विद्यालय के सेफ क्लब की पहल पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कर्मचारियों ने बढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का उद्देश्य विद्यालय के अर्दली, चालक, सफाईकर्मी, सुरक्षा गार्ड व अन्य सहायक कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में कुशलतापूर्वक कार्य करने हेतु तैयार करना है। शनिवार को टाटा स्टील के अनुभवी सुरक्षा अधिकारी एवं आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार, आपात निकासी, भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षित बचाव तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम की विशेषता पर एक मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारियों ने सीखे गये बचाव तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास से यह सुनिश्चित किया गया सभी कर्मचारी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में सक्षम हैं।

मौके पर विद्यालय की उप प्राचार्या रीना बनर्जी एवं वरिष्ठ प्रशासक एल अब्राहम ने कहा सहायक कर्मचारी विद्यालय व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। उनकी सुरक्षा एवं आपात स्थिति में उनकी सजगता हमारे छात्रों और पूरे स्टाफ की भलाई के लिए अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण सत्रों को नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहरायी, ताकि विद्यालय परिसर को हर स्तर पर सुरक्षित और सतर्क बनाया जा सके।

### आजसू के जिला प्रभारी और कोल्हान छात्र संघ टीम का सामूहिक इस्तीफा



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के जमशेदपुर जिला प्रभारी हेमंत पाठक, सह प्रभारी साहेब बागती एवं कोल्हान छात्र संघ की पूरी टीम ने शनिवार को पार्टी से सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। मीडिया को संबोधित करते हुए श्री पाठक ने कहा वर्ष 2015 में छात्र संघ चुनाव के दौरान उन्होंने अपने सभी साथियों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामा था। बीते दस वर्षों तक संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा और निस्वार्थ भाव से कार्य किया। छात्र संघ चुनाव जिताने से लेकर विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभायी गयी, लेकिन अब पार्टी की नैतिकता एवं सिद्धांतों में गिरावट स्पष्ट रूप से दिखायी देती है। जिससे उनके लिए संगठन के साथ रहना असंभव हो गया।श्री पाठक ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को शुभकामनाएं देते हुए कहा वह एक अच्छे नेता हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। साथ ही पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस को एक सुलझा हुआ नेता बताया और उनके प्रति सम्मान प्रकट की।उधर इस सामूहिक इस्तीफे से आजसू पार्टी को कोल्हान में बड़ा झटका लगने की उमीद है।

### झारखंड गंधबनिक समाज का कुलदेवी श्रीश्री माता गंधेश्वरी की वार्षिक पूजा 12 मई को

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड गंधबनिक समाज कदमा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुलदेवी श्रीश्री माता गंधेश्वरी पूजा का आयोजन 12 मई को न्यू फार्म एरिया दुर्गा पूजा मैदान कदमा में भव्य रूप से किया जायेगा। शनिवार को पूजा स्थल पर विधिवत भूमि पूजन का आयोजन किया गया।मौके पर समाज के सभी सदस्य एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। इस वर्ष पूजा पंडाल को विशेष रूप से आकर्षक लाइटिंग व पुष्प सज्जा से सजाया जायेगा। आगामी 11 मई शाम सात बजे माता की मूर्ति का आगमन एवं स्थापना होगा उसके साथ ही 12 मई सुबह नौ बजे कलश स्थापना एवं पूजा आरंभ होगा। सुबह 11 बजे पुष्पांजलि, अपराह्न 2 बजे प्रसाद वितरण, शाम सात बजे समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन की जायेगी। दूसरे दिन यानी 13 मई सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और शाम 7 बजे से कोलकाता के बोलपुर शांतिनिकेतन के बाउल सम्राट बरुण चंद्र दास द्वारा बाउल संगीत एवं लोक गीतों की प्रस्तुति की जायेगी। 14 मई को सुबह 10 बजे माता का शोभा यात्रा सहित भव्य विसर्जन जुलूस निकलेगी। पूरे कार्यक्रम को धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक समर्पण व सामाजिक एकता की भावना के साथ मनाने हेतु समाज के सभी सदस्यों से सक्रिय सहभागिता के लिए अपील की गयी।

### अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू होने पर सीएम हेमंत सोरेन के प्रति जताया आभार



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन व वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने राज्य में अधिवक्ताओं के लिए अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत होने पर सीएम हेमंत सोरेन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त की। उन्होंने झारखंड के सभी अधिवक्ताओं की ओर से राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए इसे एक ऐतिहासिक पहल बताया। श्री शुक्ल ने कहा यह योजना अधिवक्ताओं के लिए न केवल एक बड़ी राहत, बल्कि उनके कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस योजना का लाभ राज्य के प्रत्येक अधिवक्ता तक पहुंचाने के लिए आग्रह किया।

### सीएम हेमंत सोरेन केवल वादे नहीं करते उसे निभाना भी जानते : सुधीर कुमार पप्पू



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। शहर के समाजवादी चिंतक व अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने शनिवार को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन का आभार प्रकट की। उन्होंने अधिवक्ता कल्याण के लिए अधिवक्ता निधि में 12 करोड़ रुपए अनुदान देने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा इससे यह सिद्ध होता है राज्य के सीएम को अधिवक्ताओं के हितों की गहरी चिंता है। श्री पप्पू ने कहा कि हेमंत सरकार ने 52 लाख महिलाओं को मंईयां योजना के तहत 2500 रुपये प्रतिमाह सम्मान भत्ता देकर देश में एक उदाहरण पेश की, जिसका असर अब अन्य राज्यों पर भी पड़ रहा है।

### संविधान बचाओ रैली में पूर्वी सिंहभूम से हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल : बलजीत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर 6 मई को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। शनिवार को बिस्टुपुर में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। श्री बेदी ने कहा संविधान पर भाजपा द्वारा सुनियोजित हमला हो रहा है, जिसे रोकने के लिए यह रैली महत्वपूर्ण है। वहीं पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा भाजपा बदले की भावना से कांग्रेस नेताओं को परेशान व लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से रैली में अधिक से अधिक की संख्या में भाग लेने के लिए अपील की। बैठक में तय किया गया पूर्वी सिंहभूम जिले से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता 6 मई की सुबह 7 बजे आमबगान मैदान से रांची के लिए रवाना होंगे। बैठक में प्रखंडवार समीक्षा की गयी और रैली को सफल बनाने हेतु रणनीति तय की गयी। बैठक में पहलगाम में आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और अग्रणी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तीन शराब भट्टियों को किया ध्वस्त, डेढ़ क्विंटल से अधिक महुआ जावा और निर्मित शराब की विनष्ट

# दुलदुलवा को शराब मुक्त बनाने के लिए सामाजिक पहल जरूरी: एसडीएम शेखर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल/गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर एसडीएम संजय कुमार ने शनिवार को मेराल प्रखंड के दुलदुलवा ग्राम पंचायत क्षेत्र का औचक भ्रमण किया। उन्हें कुछ समय से इस क्षेत्र में देशी शराब के अवैध कारोबार की शिकायतें मिल रहीं थी, इस पर उन्होंने आज औचक छापेमारी की। संजय कुमार ने सभी से पूछा कि कम से कम कुछ गोपनीय सूत्र, सूचना या जानकारी उपलब्ध करायी जाये ताकि वे जरूरी कार्रवाई कर सकें। किंतु जब किसी ने भी कोई सूचना या जानकारी उपलब्ध कराने में कोई सहयोग नहीं किया तो एसडीएम स्वयं दुलदुलवा के जंगलों की ओर अकेले ही निकल गये। तीन अवैध भट्टियां ध्वस्त, डेढ़ कुंटल से अधिक महुआ जावा नष्ट एसडीम में दुलदुलवा के जंगल के बाहर अपने वाहन को रोककर जंगल के अंदर पैदल चलते हुवे ही लगभग दो घंटे सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान किसी वाहन के ट्यूब में में लगभग 20 लीटर निर्मित शराब मिली, जिसे मौके पर ही बहाते हुए ट्यूब को फाड़ कर फेंक दिया गया।

**गांव में स्थानीय बुजुर्गों और बच्चों के साथ की बैठक:** जंगल से लौटने के बाद संजय कुमार ने पूरे दुलदुलवा गांव में एक-एक गली का भ्रमण किया और इस दौरान स्थानीय बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को विशेष रूप से समझाया गया। उन्होंने कहा कि गांव से नशाखोरी को समूल नष्ट किया जा सकता है अगर वहां के बुजुर्ग, छोटे बच्चे और महिलाएं इसके विरोध में कमर कस लें।

**पुलिस और उत्पाद विभाग को होना होगा अधिक सक्रिय:** अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि छापेमारी और क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जो जानकारियां मिलीं उसके अनुसार उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस को इस क्षेत्र में कहीं अधिक सक्रिय होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उक्त दोनों विभागों के साथ साथ वरीय पदाधिकारियों को भी सूचित किया जा रहा है।

## टेंपू के पलटने से आधा दर्जन स्कूली छात्र घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टाउनशिप सीआईएसएफ बैरक के समीप गुरुवार को एक टेंपू के पलटने से आधा दर्जन स्कूली छात्र घायल हो गये। सभी घायलों को समाजसेवी ओम प्रसून और दिलीप बैठा द्वारा तत्परता दिखाते हुए टाउनशिप सेल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सेल के चिकित्सक विजय राम द्वारा ईलाज किया गया। घायलों में हिमांशु कुमार, प्रिंस कुमार, अमित यादव, अभिजीत कुमार यादव और प्रीति कुमारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र हैं, जबकि माया कुमारी और अंजली कुमारी पीएम घाघरा स्कूल की छात्राएं हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे लापरवाह चालकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शनिवार को नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत पारंपरिक अंदाज में किया गया। सभी बच्चियों को तिलक लगाकर, फूलों से सजाकर और वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के साथ स्वागत कर विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डेन आर उषा कुमारी ने कहा कि ये बच्चियां हमारे विद्यालय की शोभा हैं और हम इन्हें एक सुरक्षित, आत्मीय और प्रेरणादायक वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिक्षकों और कर्मचारियों ने बच्चियों को विद्यालय के नियम, सुविधाओं और पाठ्यक्रम की जानकारी भी दी।



## कार्यालय: जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 148, दिनांक 29.01.2025 के आलोक में खूँटी जिला के जनजातीय समुदाय के सदस्यों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना–प्रधानमंत्री मत्सय संपदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" (Dharti Aaba Janjatiya gram Utkarsh Abhiyan-DAJGUA)– नई योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 के लिए प्रारम्भ की गयी है। इसमें केन्द्र प्रायोजित – प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिशरण के माध्यम से बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पणा की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Blocks) में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक– आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्श अभियान (Dharti Aba Janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan - DAJGUA)" अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के ही कुछ कम्पोनेंट्स का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही है। इस योजना के तहत् जनजातीय लाभुक जनित योजनाओं जिसमें Community Forest Resoures (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये हैं, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत का 90 प्रतिशत(केन्द्रांश 60 : राजयांश 40) तथा शेश 10 प्रतिशत लाभुक का अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुकों के चयन की प्रक्रिया प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही जिला स्तर पर DLC एवं राज्य स्तर पर SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य की अधिकाधिक जनजाति आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से खूँटी जिला के 06 प्रखण्डों के कुल 403 गाँवों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्हीं गाँवों के जनजातीय लोगों से स्वीकार किया जाएगा। किसी भी कार्य दिवस पर आवेदन पत्र कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 17.05.2025 तक आवेदन वांछित दस्तावेजों के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में समर्पित कर सकते हैं। दस्तावेजों की सूची (आवश्यकता अनुसार) :– जमीन का अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत/सत्यापित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, यदि लीज हो तो भूमि लीज का प्रमाण पत्र, आवेदक के साथ जमीन का GPS फोटो, वंशावली, ऑनलाईन से प्राप्त जाति/आवासीय/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र इत्यादि।

लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित हैं:–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू० में) | सरकारी अनुदान की विवरणी(लाख रू० में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 90% सरकारी अनुदान | 10% लाभुक अंशदान |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 2 | नए रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | हे0 में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 3 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | हे0 में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया एवं स्कैम्पी पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये निर्मित ग्रो–आउट तालाबों में) | हे0 में | 4.00 | 3.60 | 0.40 |
| 5 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति प्रति यूनिट इनपुट सहित) | 0.1 हे० | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 6 | Bivalve पालन (Bivalve Cultivation- Mussels, clams, pearl etc.) | सं0 में | 0.20 | 0.18 | 0.02 |
| 7 | बैक्यार्ड ऑर्नामेंटल फिश रियरिंग यूनिट | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 8 | मीडियम स्केल ऑर्नामेंटल फिश रियरिंग यूनिट | सं0 में | 8.00 | 7.20 | 0.80 |
| 9 | मीडियम आकार वाले 06 टैंक आर०ए०एस०(RAS) की स्थापना (न्यूनतम 30मी³ प्रति टैंक क्षमता एवं 10 टन प्रति क्रॉप उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 10 | 4 मी० व्यास एवं 1.5 मी० ऊँचाई वाले बायोफ्लॉक 25 टैंक की स्थापना (कुल क्षमता लगभग 360मी०³) | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 11 | छोटे आकार वाले 1 आर०ए०एस०(RAS) का अधिष्ठापन (न्यूनतम 100मी³ टैंक क्षमता) | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 12 | 4 मी० व्यास एवं 1.5 मी० ऊँचाई वाले बायोफ्लॉक 7 टैंक की स्थापना | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 13 | बैक्यार्ड मिनी आर०ए०एस०(RAS) का अधिष्ठापन | सं0 में | 0.50 | 0.45 | 0.05 |
| 14 | जलाशयों में केजों का अधिष्ठापन | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 15 | खुले जलक्षेत्र (Open Water Bodies) में पेन कल्चर का अधिष्ठापन | हे0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 16 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह/आईस प्लॉन्ट का निर्माण | सं0 में | 40.00 | 36.00 | 4.00 |
| 17 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन (6–10 मी०टन क्षमता) | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 18 | इन्सुलेटेड वाहन (6–10 मी०टन क्षमता) | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 19 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल(मत्स्य विपणन हेतु) | सं0 में | 0.75 | 0.67 | 0.075 |
| 20 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल(मत्स्य विपणन हेतु) | सं0 में | 0.10 | 0.09 | 0.01 |
| 21 | आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन(मत्स्य विपणन हेतु) | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 22 | लाईव फिश वेंडिंग सेंटर | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 23 | मिनी फिश फीड मिल(2 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 30.00 | 27.00 | 3.00 |
| 24 | फिश कियोस्क का निर्माण(ऑर्नामेंटल/रंगीन मछली/अक्वेरियम सहित) | सं0 में | 10.00 | 9.00 | 1.00 |
| 25 | Traditional Fishermen के लिए नाव (replacement) एवं जाल | सं0 में | 5.00 | 4.50 | 0.50 |

खूँटी जिला के चिन्हित गाँवों की सूची निम्नलिखित है जहाँ से अनुसूचित जनजाति के सदस्यों से आवेदन आमंत्रित है:–

| क्र० | प्रखण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | KARRA | BAKASPUR | Barka Regre |
| 2 | KARRA | BAKASPUR | Bakaspur |
| 3 | KARRA | BAKASPUR | Lappa |
| 4 | KARRA | BAKASPUR | Chhotka Regre |
| 5 | KARRA | BAKASPUR | Gari |
| 6 | KARRA | URIKEL | Jojodag |
| 7 | KARRA | URIKEL | Chanpi |
| 8 | KARRA | URIKEL | Urikel |
| 9 | KARRA | JARIA | Timra |
| 10 | KARRA | URIKEL | Bhusur |
| 11 | KARRA | LIMRA | Samundar |
| 12 | KARRA | LIMRA | Gumru |
| 13 | KARRA | LIMRA | Dumari |
| 14 | KARRA | SUNGI | Bala |
| 15 | KARRA | SUNGI | Sungi |
| 16 | KARRA | LARTA | Kanti |
| 17 | KARRA | LARTA | Larta |
| 18 | KARRA | LIMRA | Limra |
| 19 | KARRA | DAHKELA | Dehkela |
| 20 | KARRA | URIKEL | Jamhar |
| 21 | KARRA | GOVINDPUR | Gusa Toli |
| 22 | KARRA | GOVINDPUR | Rehargara |
| 23 | KARRA | GOVINDPUR | Jalanga |
| 24 | KARRA | DAHKELA | Barwadag |
| 25 | KARRA | SUNGI | Jabra |
| 26 | KARRA | JURDAG | Jurdag |
| 27 | KARRA | JURDAG | Tungaon |
| 28 | KARRA | JURDAG | Jaltanda |
| 29 | KARRA | JURDAG | Pargaon |
| 30 | KARRA | SUNGI | Jane |
| 31 | KARRA | LARTA | Madhugama |
| 32 | KARRA | BAMARJA | Diuri |
| 33 | KARRA | DAHKELA | Tilmi |
| 34 | KARRA | DAHKELA | Masko |
| 35 | KARRA | BAMARJA | Bamarja |
| 36 | KARRA | BAMARJA | Timra |
| 37 | KARRA | KARRA | Loyongkel |
| 38 | KARRA | KARRA | Kosambi |
| 39 | KARRA | KUDLUM | Erahatu |
| 40 | KARRA | KUDLUM | Sonmer |
| 41 | KARRA | KUDLUM | Dhanamunji |
| 42 | KARRA | KUDLUM | Kudlum |
| 43 | KARRA | KUDLUM | Kalamuchia |
| 44 | KARRA | KARRA | Masmano |
| 45 | KARRA | KARRA | Hansbera |
| 46 | KARRA | KARRA | Kudda |
| 47 | KARRA | BAMARJA | Kasira |
| 48 | KARRA | BAMARJA | Pahar Toli |
| 49 | KARRA | DUMARGADI | Taski |
| 50 | KARRA | DUMARGADI | Birda |
| 51 | KARRA | BAMARJA | Sangor |
| 52 | KARRA | KARRA | Garke |
| 53 | KARRA | MEHA | Meha |
| 54 | KARRA | MEHA | Malgo |
| 55 | KARRA | KUDLUM | Chaldanu |
| 56 | KARRA | GHUNSULI | Ghunsuli |
| 57 | KARRA | GHUNSULI | Dadi |
| 58 | KARRA | GHUNSULI | Chanpi |
| 59 | KARRA | GHUNSULI | Sirka |
| 60 | KARRA | KACCHABARI | Chiur |
| 61 | KARRA | KACCHABARI | Bingaon |
| 62 | KARRA | MEHA | Rolagutu |
| 63 | KARRA | DUMARGADI | Sahilong |
| 64 | KARRA | DUMARGADI | Gungunian |
| 65 | KARRA | DUMARGADI | Manpur |
| 66 | KARRA | DUMARGADI | Dumargari |
| 67 | KARRA | CHAATA | Sawra |
| 68 | KARRA | CHAATA | Chhata |
| 69 | KARRA | CHAATA | Kurse |
| 70 | KARRA | HAKAJANG | Sarwadag |
| 71 | KARRA | KACCHABARI | Kachabari |
| 72 | KARRA | KACCHABARI | Chandapara |
| 73 | KARRA | LODHMA | Murhu |
| 74 | KARRA | LODHMA | Kulhutu |
| 75 | KARRA | HAKAJANG | Hakajang |
| 76 | KARRA | LODHMA | Lohagara |
| 77 | KARRA | HAKAJANG | Padampur |
| 78 | KARRA | HAKAJANG | Ronhi |
| 79 | KARRA | HAKAJANG | Jiputoli |
| 80 | TORPA | OKRA | Okra |
| 81 | TORPA | OKRA | Pandra |
| 82 | TORPA | OKRA | Japud |
| 83 | TORPA | OKRA | Angarabari |
| 84 | TORPA | DORMA | Dorma |
| 85 | TORPA | BARKULI | Kudari |
| 86 | TORPA | BARKULI | Raisimla |
| 87 | TORPA | BARKULI | Jari |
| 88 | TORPA | BARKULI | Jagu |
| 89 | TORPA | BARKULI | Manmani |
| 90 | TORPA | BARKULI | Kasmar |
| 91 | TORPA | BARKULI | Barkuli |
| 92 | TORPA | DIYANKEL | Manhatu |
| 93 | TORPA | DORMA | Chandarpur |
| 94 | TORPA | SUNDARI | Sundari |
| 95 | TORPA | JARIA | Sonpurgarh |
| 96 | TORPA | JARIA | Jariya |
| 97 | TORPA | JARIA | Patpur |
| 98 | TORPA | HUSIR | Husir |
| 99 | TORPA | JARIA | Tirla |
| 100 | TORPA | SUNDARI | Kokeya |
| 101 | TORPA | DIYANKEL | Paira |
| 102 | TORPA | HUSIR | Gopla |
| 103 | TORPA | DIYANKEL | Patrauyur |
| 104 | TORPA | DIYANKEL | Diyankel |
| 105 | TORPA | KAMRA | Digri |
| 106 | TORPA | BARKULI | Jhatnitola |
| 107 | TORPA | UKRIMARI | Tati |
| 108 | TORPA | UKRIMARI | Ukrimanri |
| 109 | TORPA | UKRIMARI | Icha |
| 110 | TORPA | AMMA | Kulda |
| 111 | TORPA | URIKELA | Ulihatu |
| 112 | TORPA | URIKELA | Nichitpur |
| 113 | TORPA | KAMRA | Birta |
| 114 | TORPA | KAMRA | Kamra |
| 115 | TORPA | HUSIR | Ronhe |
| 116 | TORPA | HUSIR | Latauli |
| 117 | TORPA | FATKA | Phatka |
| 118 | TORPA | FATKA | Derang |
| 119 | TORPA | FATKA | Kalet |
| 120 | TORPA | FATKA | Gutuhatu |
| 121 | TORPA | TAPKARA | Kocha |
| 122 | TORPA | URIKELA | Urikel |
| 123 | TORPA | AMMA | Kanakloiya |
| 124 | TORPA | AMMA | Amma |
| 125 | TORPA | AMMA | Satal |
| 126 | TORPA | MARCHA | Karra |
| 127 | TORPA | MARCHA | Banabira |
| 128 | TORPA | MARCHA | Marcha |
| 129 | TORPA | MARCHA | Turigara |
| 130 | TORPA | FATKA | Lohajimi |
| 131 | RANIA | BANAI | Dembukel |
| 132 | RANIA | BANAI | Koynara |
| 133 | RANIA | KHATANGA | Digri |
| 134 | RANIA | BANAI | Manhatu |
| 135 | RANIA | BANAI | Doengar |
| 136 | RANIA | BANAI | Itam |
| 137 | RANIA | BANAI | Banai |
| 138 | RANIA | KHATANGA | Korakel |
| 139 | RANIA | JAIPUR | Japut |
| 140 | RANIA | JAIPUR | Garhsidam |
| 141 | RANIA | JAIPUR | Jaipur |
| 142 | RANIA | JAIPUR | Balankel |
| 143 | RANIA | KHATANGA | Khatanga |
| 144 | RANIA | KHATANGA | Kulhai |
| 145 | RANIA | KHATANGA | Token |
| 146 | RANIA | DAHU | Kotanger |
| 147 | RANIA | DAHU | Loa |
| 148 | RANIA | DAHU | Dahu |
| 149 | RANIA | TAMBA | Raniya |
| 150 | RANIA | TAMBA | Sarbo |
| 151 | RANIA | TAMBA | Harasuku |
| 152 | RANIA | TAMBA | Tamba |
| 153 | RANIA | SODE | Beghiya |
| 154 | RANIA | SODE | Tutikel |
| 155 | RANIA | KHATKHURA | Karakel |
| 156 | RANIA | KHATKHURA | Chalgida |
| 157 | RANIA | KHATKHURA | Belkidura |
| 158 | RANIA | KHATKHURA | Khatkhura |
| 159 | RANIA | KHATKHURA | Kainbanki |
| 160 | MURHU | INDIPIRI | Gaigai |
| 161 | MURHU | INDIPIRI | Indipiri |
| 162 | MURHU | INDIPIRI | Sarigaon |
| 163 | MURHU | INDIPIRI | Gumpuru |
| 164 | MURHU | BINDA | Binda |
| 165 | MURHU | BINDA | Sidu |
| 166 | MURHU | KEWDA | Kewra |
| 167 | MURHU | HETHGOA | Gutigara |
| 168 | MURHU | HETHGOA | Buruma |
| 169 | MURHU | GODATOLI | Selda |
| 170 | MURHU | GODATOLI | Maliada |
| 171 | MURHU | KORAKEL | Bande |
| 172 | MURHU | MURHU | Durri |
| 173 | MURHU | GODATOLI | Goratoli |
| 174 | MURHU | GODATOLI | Surunda |
| 175 | MURHU | HETHGOA | Hethgowa |
| 176 | MURHU | HETHGOA | Chichigara |
| 177 | MURHU | HETHGOA | Sirka |
| 178 | MURHU | KURAPURTI | Jilingkel |
| 179 | MURHU | KURAPURTI | Kudapurti |
| 180 | MURHU | GUTUHATU | Bari |
| 181 | MURHU | KURAPURTI | Kitahatu |
| 182 | MURHU | KUDA | Kudda |
| 183 | MURHU | KUDA | Jiuri |
| 184 | MURHU | KUDA | Kotna |
| 185 | MURHU | KUDA | Otongora |
| 186 | MURHU | KUDA | Balanga |
| 187 | MURHU | KUDA | Burju |
| 188 | MURHU | KUNJLA | Kundibartoli |
| 189 | MURHU | DIGRI | Digri |
| 190 | MURHU | DIGRI | Salga |
| 191 | MURHU | GUTUHATU | Gutuhatu |
| 192 | MURHU | GUTUHATU | Salehatu |
| 193 | MURHU | BICHNA | Pandu |
| 194 | MURHU | KUNJLA | Kunjla |
| 195 | MURHU | KUNJLA | Ithe |
| 196 | MURHU | KUNJLA | Charid |
| 197 | MURHU | HANSA | Hassa |
| 198 | MURHU | HANSA | Gajgaon |
| 199 | MURHU | HANSA | Perka |
| 200 | MURHU | BICHNA | Bichna |
| 201 | MURHU | GANALOYA | Biramkel |
| 202 | MURHU | GANALOYA | Gangira |
| 203 | MURHU | GANALOYA | Oskeya |
| 204 | MURHU | GANALOYA | Balo |
| 205 | MURHU | KORAKEL | Bamhani |
| 206 | MURHU | BINDA | Konowa |
| 207 | MURHU | BINDA | Bundu Mamail |
| 208 | MURHU | RUMUTKEL | Rumutkel |
| 209 | MURHU | RUMUTKEL | Gulu |
| 210 | MURHU | RUMUTKEL | Koyangsar |
| 211 | MURHU | RUMUTKEL | Kumhardih |
| 212 | KHUNTI | BARUDIH | Poseya |
| 213 | KHUNTI | BARUDIH | Chalam |
| 214 | KHUNTI | BARUDIH | Chalmbartoli |
| 215 | KHUNTI | BARUDIH | Anigara |
| 216 | KHUNTI | BARUDIH | Barudih |
| 217 | KHUNTI | BARUDIH | Dargama |
| 218 | KHUNTI | TIRLA | Simbhukel |
| 219 | KHUNTI | TIRLA | Budhudih |
| 220 | KHUNTI | TIRLA | Tirla |
| 221 | KHUNTI | TIRLA | Torangkel |
| 222 | KHUNTI | BHANDRA | Dokar |
| 223 | KHUNTI | BHANDRA | Hesahatu |
| 224 | KHUNTI | BHANDRA | Bhanrra |
| 225 | KHUNTI | BHANDRA | Jilinga |
| 226 | KHUNTI | BHANDRA | Jamri |
| 227 | KHUNTI | BHANDRA | Poseya |
| 228 | KHUNTI | BHANDRA | Barbanda |
| 229 | KHUNTI | MARANGHADA | Gadigaon |
| 230 | KHUNTI | LANDUP | Patratoli |
| 231 | KHUNTI | MARANGHADA | Bhut |
| 232 | KHUNTI | TIRLA | Saridkel |
| 233 | KHUNTI | MARANGHADA | Maranghada |
| 234 | KHUNTI | LANDUP | Jojohatu |
| 235 | KHUNTI | LANDUP | Chandor |
| 236 | KHUNTI | LANDUP | Landup |
| 237 | KHUNTI | LANDUP | Bichagutu |
| 238 | KHUNTI | LANDUP | Buruhatu |
| 239 | KHUNTI | LANDUP | Bandih |
| 240 | KHUNTI | LANDUP | Sirum |
| 241 | KHUNTI | DADIGUTU | Garamara |
| 242 | KHUNTI | TILMA | Karora |
| 243 | KHUNTI | TILMA | Hakaduba |
| 244 | KHUNTI | DADIGUTU | Darigutu |
| 245 | KHUNTI | TILMA | Tilma |
| 246 | KHUNTI | TILMA | Tarub |
| 247 | KHUNTI | TILMA | Kujram |
| 248 | KHUNTI | TILMA | Sandasom |
| 249 | KHUNTI | SILADON | Irud |
| 250 | KHUNTI | MURHI | Hatudami |
| 251 | KHUNTI | FUDI | Nehaldih |
| 252 | KHUNTI | FUDI | Argori |
| 253 | KHUNTI | FUDI | Kalamati |
| 254 | KHUNTI | FUDI | Dungra |
| 255 | KHUNTI | FUDI | Dandaul |
| 256 | KHUNTI | FUDI | Silda |
| 257 | KHUNTI | FUDI | Phuddi |
| 258 | KHUNTI | MURHI | Murhi |
| 259 | KHUNTI | GUTJORA | Dugdugiya |
| 260 | KHUNTI | GUTJORA | Chalangi |
| 261 | KHUNTI | GUTJORA | Kanadih |
| 262 | KHUNTI | GUTJORA | Jiarapa |
| 263 | KHUNTI | GUTJORA | Ghaghra |
| 264 | KHUNTI | BIRHU | Siladon |
| 265 | KHUNTI | BIRHU | Dumardaga |
| 266 | KHUNTI | BIRHU | Manhu |
| 267 | KHUNTI | GUTJORA | Hutar |
| 268 | ARKI | TODANG | Badani |
| 269 | ARKI | BOHANDA | Bohonda |
| 270 | ARKI | BOHANDA | Sake |
| 271 | ARKI | KOCHANG | Kochang |
| 272 | ARKI | KOCHANG | Sinjuri |
| 273 | ARKI | TIRLA | Tubil |
| 274 | ARKI | MADHATU | Chalkad |
| 275 | ARKI | MADHATU | Madhatu |
| 276 | ARKI | MADHATU | Katui |
| 277 | ARKI | BOHANDA | Kurunga |
| 278 | ARKI | BIRBANKI | Birbanki |
| 279 | ARKI | BIRBANKI | Ghaghra |
| 280 | ARKI | TODANG | Sinjani |
| 281 | ARKI | TODANG | Todang |
| 282 | ARKI | BIRBANKI | Chuklu |
| 283 | ARKI | TINTILA | Bagri |
| 284 | ARKI | TIRLA | Hadlama |
| 285 | ARKI | KOCHANG | Kuria Katola Tobag |
| 286 | ARKI | TIRLA | Tirla |
| 287 | ARKI | TINTILA | Dolda |
| 288 | ARKI | TINTILA | Tintila |
| 289 | ARKI | TINTILA | Koa |
| 290 | ARKI | BADINIJKEL | Marangburu |
| 291 | ARKI | BADINIJKEL | Barinijkel |
| 292 | ARKI | BADINIJKEL | Ulihatu |
| 293 | ARKI | TODANG | Lebed |
| 294 | ARKI | TODANG | Korwa |
| 295 | ARKI | PURNANAGAR | Doriya |
| 296 | ARKI | SINDRI | Sirkadih |
| 297 | ARKI | SINDRI | Bandu |
| 298 | ARKI | SINDRI | Tetebandu |
| 299 | ARKI | PURNANAGAR | Gitilbera 1 |
| 300 | ARKI | SOSOKUTI | Sonpur |
| 301 | ARKI | SOSOKUTI | Jaranga |
| 302 | ARKI | HUNTH | Rumchu |
| 303 | ARKI | HUNTH | Hunth |
| 304 | ARKI | HUNTH | Baruhatu |
| 305 | ARKI | HUNTH | Serenghatu |
| 306 | ARKI | SOSOKUTI | Sosokuti |
| 307 | ARKI | SOSOKUTI | Masanga |
| 308 | ARKI | UPAR BALALONG | Heth Balalong |
| 309 | ARKI | UPAR BALALONG | Sigid |
| 310 | ARKI | SARGEYA | Sargeya |
| 311 | ARKI | SARGEYA | Kota |
| 312 | ARKI | SARGEYA | Maipa |
| 313 | ARKI | SARGEYA | Barigara |
| 314 | KARRA | JARIA | Nagra |
| 315 | KARRA | JARIA | Muruchkel |
| 316 | KARRA | JARIA | Hochor |
| 317 | KARRA | URIKEL | Ethe |
| 318 | KARRA | URIKEL | Bikuadag |
| 319 | KARRA | URIKEL | Nidhia |
| 320 | KARRA | URIKEL | Mitkora |
| 321 | KARRA | URIKEL | Gara Toli |
| 322 | KARRA | LIMRA | Deswali |
| 323 | KARRA | LIMRA | Chanho |
| 324 | KARRA | LIMRA | Chiddi |
| 325 | KARRA | URIKEL | Kasira |
| 326 | KARRA | LIMRA | Hutub |
| 327 | KARRA | JARIA | Churle |
| 328 | KARRA | JARIA | Jariya |
| 329 | KARRA | LIMRA | Soteya |
| 330 | KARRA | LIMRA | Tirla |
| 331 | KARRA | LIMRA | Katsimla |
| 332 | KARRA | SUNGI | Palsa |
| 333 | KARRA | LARTA | Suari |
| 334 | KARRA | DAHKELA | Runju |
| 335 | KARRA | URIKEL | Kurid |
| 336 | KARRA | JARIA | Nauringa |
| 337 | KARRA | GOVINDPUR | Gobindpur |
| 338 | KARRA | DAHKELA | Kotlo |
| 339 | KARRA | DAHKELA | Jorko |
| 340 | KARRA | LARTA | Jaltanra |
| 341 | KARRA | LARTA | Burka |
| 342 | KARRA | LARTA | Merle |
| 343 | KARRA | LARTA | Chorpinda |
| 344 | KARRA | SUNGI | Tikki |
| 345 | KARRA | SUNGI | Asanmanri |
| 346 | KARRA | JURDAG | Amjora |
| 347 | KARRA | JURDAG | Ganaloya |
| 348 | KARRA | JURDAG | Tuiu |
| 349 | KARRA | JURDAG | Bichagara |
| 350 | KARRA | KARRA | Kasira |
| 351 | KARRA | SUNGI | Ludru |
| 352 | KARRA | SUNGI | Pora |
| 353 | KARRA | DAHKELA | Sarlo |
| 354 | KARRA | BAMARJA | Siankel |
| 355 | KARRA | BAMARJA | Dumari |
| 356 | KARRA | KARRA | Karra |
| 357 | KARRA | KUDLUM | Chorwadag |
| 358 | KARRA | KUDLUM | Haruhapa |
| 359 | KARRA | KUDLUM | Ethe Toli |
| 360 | KARRA | KARRA | Urikel Chhotka |
| 361 | KARRA | BAMARJA | Sardulla |
| 362 | KARRA | BAMARJA | Baragain |
| 363 | KARRA | BAMARJA | Palsa |
| 364 | KARRA | DUMARGADI | Burhiroma |
| 365 | KARRA | DUMARGADI | Jhapra |
| 366 | KARRA | DUMARGADI | Hisri |
| 367 | KARRA | DUMARGADI | Silma |
| 368 | KARRA | DUMARGADI | Duphu |
| 369 | KARRA | MEHA | Lota |
| 370 | KARRA | MEHA | Kone |
| 371 | KARRA | KUDLUM | Digadon |
| 372 | KARRA | GHUNSULI | Ghasibari |
| 373 | KARRA | GHUNSULI | Guni |
| 374 | KARRA | KACCHABARI | Tumna |
| 375 | KARRA | KACCHABARI | Hesla |
| 376 | KARRA | KACCHABARI | Bandu |
| 377 | KARRA | KACCHABARI | Patra Toli |
| 378 | KARRA | MEHA | Ronhe |
| 379 | KARRA | MEHA | Tapingsara |
| 380 | KARRA | MEHA | Tunel |
| 381 | KARRA | CHAATA | Setahuru |
| 382 | KARRA | CHAATA | Korkotakadal |
| 383 | KARRA | CHAATA | Belsiring |
| 384 | KARRA | CHAATA | Galiondar |
| 385 | KARRA | CHAATA | Pandra |
| 386 | KARRA | HAKAJANG | Barango |
| 387 | KARRA | CHAATA | Goso |
| 388 | KARRA | KACCHABARI | Barigara |
| 389 | KARRA | KACCHABARI | Darangkel |
| 390 | KARRA | LODHMA | Katamkuku |
| 391 | KARRA | LODHMA | Changa Toli |
| 392 | KARRA | LODHMA | Lodhma |
| 393 | KARRA | LODHMA | Tiga |
| 394 | KARRA | HAKAJANG | Guyu |
| 395 | KARRA | HAKAJANG | Jariya |
| 396 | KARRA | HAKAJANG | Galalong |
| 397 | KARRA | LODHMA | Kansili |
| 398 | KARRA | HAKAJANG | Silapat |
| 399 | KARRA | HAKAJANG | Hardigara |
| 400 | KARRA | HAKAJANG | Bankuli |
| 401 | KARRA | HAKAJANG | Mutpa |
| 402 | KARRA | HAKAJANG | Ata |
| 403 | KARRA | CHAATA | Kedu |

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 17.05.2025

जिला मत्स्य पदाधिकारी
खूँटी

PR 351571 Fish (25-26)_D


## डॉ के कस्तूरीरंगन को दी श्रद्धांजलि




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल, फरठिया गढ़वा में तीन मई 2025 को भारत के प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक,शिक्षाविद् भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ के कस्तूरी रंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य आशीष कुमार मण्डल सहित सभी शिक्षकगण ने बारी बारी से डॉ कस्तूरी रंगन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य और छात्रों द्वारा विशेष हवन का आयोजन किया गया। प्राचार्य मंडल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ के कस्तूरी रंगन न केवल भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के स्तंभ थे, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अविस्मरणीय है। डॉ कस्तूरीरंगन जो उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ने भारत सरकार ने पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण सम्मान से सम्मानित किया हैं। यह श्रद्धांजलि सभा एक महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद् और राष्ट्रसेवक को सच्ची श्रद्धांजलि थी।

## डॉ के कस्तूरीरंगन का जीवन राष्ट्र को समर्पित था: अलखनाथ



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आर के पब्लिक स्कूल में विशेष असेंबली आयोजित कर भारत के प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, इसरो के पूर्व अध्यक्ष और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनइपी 2020) की मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ के कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत में स्कूल परिवार के द्वारा डॉ कस्तूरीरंगन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि डॉ कस्तूरीरंगन का जीवन राष्ट्र को समर्पित था। स्कूल के छात्र -छात्राओं ने भी उनके जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और पेंटिंग-पोस्टर बना कर उनको याद किया। शिक्षक और छात्र -छात्राओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## बीएनटी संत मेरी स्कूल में तीन दिवसीय अंतर सदन सीनियर और जूनियर वर्ग शतरंज प्रतियोगिता



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बीएनटी संत मैरी स्कूल में तीन दिवसीयअंतर सदन सीनियर एवं जूनियर वर्ग शतरंज प्रतियोगिता रोमांचकारी मुकाबला के साथ संपन्न हो गया। प्रतियोगिता की शुरूआत लीग राउंड से हुई, जिसमें सभी हाउस इंचार्ज के द्वारा नामांकित प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दूसरे चक्र क्वाटर फाइनल में लीग राउंड से चयनित खिलाड़ियों को अपनी प्रतिस्पर्धा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित करने वाले प्रतियोगी खिलाड़ी को अंतिम चक्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का विशेष अवसर मिला। अंतिम चक्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगी खिलाड़ियों में ( सीनियर बालक वर्ग) सत्यानंद तिवारी (टेरेसा हाउस) ने प्रथम स्थान, हरिओम गुप्ता (खुराना हाउस ) द्वितीय स्थान एवं अनीश (रमन हाउस)तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि सीनियर बालिका वर्ग में अध्या रंजन (खुराना हाउस) ने प्रथम स्थान, परिधि केशरी (टेरेसा हाउस) द्वितीय स्थान,एवं प्रगति कुमारी(रमन हाउस)ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में बालक वर्ग के और से प्रतीक कुमार (टैगोर हाउस) ने प्रथम स्थान,प्रियांशु मेहता (टेरेसा हाउस)द्वितीय स्थान,एवं पीयूष कुमार (खुराना हाउस ) तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में जूनियर बालिका वर्ग से रागिनी पांडे (रमन हाउस) प्रथम स्थान, योगिता कुमारी (टैगोर हाउस) द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान के रूप में वर्षा कुमारी (टेरेसा हाउस) ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंक तालिका के सर्वोच्च क्रम के साथ टेरेसा हाउस को प्रथम स्थान, खुराना हाउस को द्वितीय स्थान और रमन हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और निदेशक महोदय के द्वारा संयुक्त रूप से सभी विजित प्रतिभागियों के साथ-साथ अन्य सभी प्रतिभागी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गयी। सिभी विजय प्रतिभागियों को विशेष प्रार्थना के अवसर पर मेडल और प्रशस्ति पत्र के द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

# शिलान्यास पट्ट से पंचायत प्रतिनिधियों के नाम गायब

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** घाघरा से हेसल पथ पर बनने वाले उच्चस्तरीय पुल कें शिलान्यास पट्ट पर पंचायत प्रतिनिधियों का नाम नहीं होने पर मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरूण साबू ने कड़ी नाराजगी जतायी है और इसे अपमानजनक कार्रवाई बताया। अरूण साबू ने कहा कि शुक्रवार को घाघरा से हेसल पथ पर बनने वाले उच्चस्तरीय पुल के शिलान्यास के दौरान लगाये गये शिलापट्ट में सिर्फ सांसद और विधायक का ही नाम है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता जिम्मेवार हैं। उनहोंने कहा कि कार्यपालक अभियंता ने जानबूझ कर पंचायत प्रतिनिधियों को अपमानित करने कें लिए न तो प्रमुख, उप प्रमुख अथवा किसी अन्य प्रतिनिधि का नाम दिया गया।



## सांसद कालीचरण मुंडा ने भी जतायी नाराजगी

इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खान ने कहा कि शिलापट्ट में जिला परिषद और प्रमुख, उप प्रमुख का नाम नहीं होने पर सांसद कालीचरण मुंडा ने भी गहरी नाराजगी जतायी और कार्यपालक अभियता को खरी खोटी सुनाई थी।

# सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने रेड डे मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में शनिवार को बाल वाटिका के विद्यार्थियों ने रेड डे मनाया। लाल सितारों की तरह सजे नंहे विद्यार्थियों ने इस दिन का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने ग्रीटिंग कार्ड, फल, कलाई बैंड, गुब्बारे जैसे विभिन्न वस्तुओं के माध्यम से लाल रंग के जीवंत रंगों की खोज की। इस अवसर पर प्राचार्या तराना बेगम, निदेशक अली अल अराफात और सभी शिक्षक उपस्थित हुए और उन्होंने इस आनंदमय दिन में अपना योगदान दिया।

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू, निकली मंगल कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नेताजी चौक खूंटी के समीप कर्रा रोड में अवस्थित भाला भवन में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ शनिवार को भक्तिपूर्ण वातावरण में शुरू हुआ। नौ मई तक प्रतिदिन अपराह्न 4.30 से 8.30 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथा वाचक धीरज कृष्ण शास्त्री जी व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथामृत का रसास्वादन कराएंगे। ज्ञान यज्ञ के पहले दिन शनिवार सुबह शहर में मंगल कलश यात्रा निकाली गई। स्थानीय महादेव मंडा परिसर से बाजे-गाजे के साथ निकाली गयी मंगल कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों महिलाओं ने मंगल कलशों को शिरोधार्य कर नगर भ्रमण किया। कलश यात्रा के आगे-आगे फूलों से सुसज्जित वाहन पर प्रस्तुत राधा कृष्ण से संबंधित झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। स्व सुधा भाला की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ओमप्रकाश भाला पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भागवत गीता को अपने माथे में रखकर शोभा यात्रा के आगे-आगे चल रहे थे। कलश यात्रा में निवर्तमान वार्ड पार्षद अनूप साहू, ज्योतिष भगत, मदन मोहन गुप्ता, सुभाष मिश्रा, कृष्णानंद तिवारी, सुनील कुमार साहू, विशाल साहू, जयप्रकाश भाला, माधव भाला समेत बड़ी संख्या में शामिल अन्य महिला-पुरुष श्रद्धालु भजनों की धुन पर जयकारा लगाते चल रहे थे।



# वाहन की चपेट में आने से युवती की मौत, युवक घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल उच्च मार्ग 33 में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। यह घटना चांडिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहरबेरा में हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार युवती अपने जीजा के भाई यानी सांगात के साथ बाइक पर सवार होकर गम्हारिया थाना क्षेत्र के हथियाडीह गांव से चांडिल की ओर जा रही थी । तभी चांडिल थाना क्षेत्र के साहेरबेड़ा पुल के पास जमशेदपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पीछे बैठे रानी सोरेन की मौके पर ही मौत हो गयी। वही दुसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मौके पर पहुंची चांडिल पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे मामले की जांच में जुट गयी है।

# ट्रेन की चपेट में आने रंजीत महतो की मौत



सिल्ली (आजाद सिपाही)। मुरी रांची रेल खंड पर किता वो सिल्ली स्टेशन के बिच डाउन लाइन पर पोल संख्या 35/370 के समीप ट्रेन की चपेट में आने से कोंचाजारा निवासी रंजीत महतो (20) की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि हत्या या आत्महत्या यह जांच के बाद ही पता चल पायेगा। फिलहाल मामले की छानबीन चल रही है। मृतक के पिता रामधन महतो ने बताया कि रंजीत महतो जमशेदपुर के निजी कंपनी में कार्य करता था, पिछले कई दिन पूर्व छुट्टी पर घर आया था। सुबह किसी काम को लेकर बाजार जाने की बात कह कर घर से निकला था।

# लिटिल स्टार कितादेर ने जोजोडीह को 9-0 से हराया



आजाद सिपाही संवाददाता


**तमाड़।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग ग्रुप ए का 26वां मैच लिटिल स्टार कितादेर और एनवाइबीसी जोजोडीह के बीच जीइएल चर्च आमलेशा मैदान में खेला गया। लिटिल स्टार की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम एनवाइबीसी जोजोडीह को 9-0 से हराया। कितादेर की टीम से जयदेव ने पांच पांच, महेश्वर ने 2, हर्ष मुंडा ने दो गोल किये। मैन ऑफ द मैच का खिताब लिटिल स्टार के जयदेव मुंडा को रितेश गुप्ता के द्वारा सम्मानित किया गया। मैच का संचालन रेफरी महावीर पुरान, राजेश मुंडा, करम मुंडा, रामेश्वर मुंडा ने किया। मैच के दौरान आयोजक पीपीएसए के संरक्षक हीरालाल दास, अध्यक्ष हरीश चंद्र मुंडा, उपसचिव करम मुंडा कोषाध्यक्ष रितेश गुप्ता, सदस्य लखिनरायण मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा , राजेश मुंडा, समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में अंतरसदनीय प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को अन्तर्सदनीय विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने दीप जलाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की, जिसमे अंग्रेजी कहानी,अंग्रेजी वाद विवाद और आर्ट एंड क्राफ्ट फ्रॉम वेस्ट मटेरियल सहित अन्य प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार आर्ट एंड क्राफ्ट फ्रॉम वेस्ट मटेरियल प्रतियोगिता में कक्षा नवम से लेकर कक्षा बारहवी तक के कुल 20 छात्र-छात्राओ ने भाग लिया।

वही अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता में कक्षा छह से लेकर कक्षा आठवीं तक के कुल 20 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। जबकि अंग्रेजी कहानी प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से लेकर कक्षा पांच तक के कुल 34 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि स्कूल में इस तरह के प्रतियोगिताओं के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ पाठयेतर गतिविधियों मे भी आगे रहना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का भी मनोबल बढ़ता है और बच्चों की प्रतिभा सामने आती है। उन्होंने स्कूल के सभी बच्चों को इस तरह के प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया, साथ ही प्रतियोगिताओं मे शामिल सभी बच्चों को बधाई दी। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका शिशिका आरआर दत्ता, सुदिप्ता डे, निलिमा पाठक, आकांक्षा मिश्रा और शिक्षक जयशंकर प्रसाद ने निभाया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।




# शादी से दो दिन पहले युवक ने फंदे से झूल कर ली खुदकुशी

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी थानांतर्गत भंडरा महुआ टोली गांव निवासी विकास तिर्की नामक 20 वर्षीय युवक ने अपनी शादी के दो दिन पहले ही अपने घर में ही साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। शनिवार सुबह फंदे से झूल रहे विकास पर जब स्वजनों की नजर पड़ी तो तुरंत उसे फंदे से नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गयी थी। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया। समाचार भेजे जाने तक आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। हालांकि गांव वालों ने बताया कि दो दिन बाद विकास तिर्की की शादी होनेवाली थी।

# प्रखंड में शिक्षा अभियान रथ को किया गया रवाना




आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** प्रखंड संसाधन केंद्र अन्तर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय खलारी से शिक्षा अभियान रथ रवाना किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक एवं विधायक प्रतिनिधि गोपाल सिंह शिक्षा विभाग ने हरी झंडी दिखाकर शिक्षा अभियान रथ को रवाना किया गया। यह कार्यक्रम रुवार स्कूल 2025 के अंतर्गत 10 मई तक चलने वाला नामांकन अभियान के तहत शिक्षा अभियान रथ का शुभारंभ किया गया। यह रथ खिलाड़ी प्रखंड के गांव गांव और टोला में जाकर नामांकन करने के लिए अभिभावकों को जागरूक करेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बी पी ओ सरवरीनाथ चौरसिया, कांग्रेस नेता साबिर अंसारी, गिरधर मिश्रा, सुमन सिंह, बाबी गुप्ता,नीतीश कुमार, ससोधर महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# आठ जिंदा गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार



खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू थना क्षेत्र कें बिचना सरना टोली गांव में पुलिस ने शनिवार को छापामारी कर मानसिंह मुंडू नामक युवक को आठ अवैध जिंदा गोलियों कें साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूखें से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि मानसिंह मुंडू नामक व्यक्ति के घर में अफीम है। जब पुलिस वहां पहुंची, तो तलासी के क्रम में अफीम की जगह पुलिस को आठ गोलियां मिली। पुलिस ने मानसिंह की कार और कीपैड मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। पुलिस से मानसिंह मुंडू को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस कार्रवाई में मुरहू थाना प्रभारी रामदेव यादव, सब इंस्पेक्टर विमल, जितेंद्र राम, परमानंद महतो सहित मुरहू थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## डीसी के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई

# बालू लदे दो 407 और चार ट्रैक्टर जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिले के डीसी रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के नेतृत्व में शनिवार को कपाली थाना क्षेत्र के गौरी घाट में अवैध बालू खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गयी। इस दौरान दो 407 वाहन और चार ट्रैक्टर को जब्त किया गया, जो अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहे थे। छापामारी की सूचना मिलते ही कुछ वाहन मौके से फरार हो गये, जबकि जब्त वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई जारी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया खनिज संपदाओं की अवैध ढुलाई और खनन के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस अभियान में चांडिल अंचल अधिकारी अमित कुमार, गम्हरिया थाना प्रभारी कुणाल कुमार, चांडिल सर्किल इंस्पेक्टर रामचंद्र रजक, कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार समेत सशस्त्र बलों की टीम शामिल रही।

# खलारी में भगवान परशुराम जयंती आज, तैयारी पूरी

खलारी (आजाद सिपाही)। सर्व ब्राह्मण महासभा के द्वारा 4 मई को भगवान परशुराम की जयंती खलारी के केडी नेहरू क्लब में मनायी जायेगी। जिसको लेकर सर्व ब्राह्मण महासभा के सभी सदस्यों के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है, क्लब को आकर्षक तरीके से सजाया गया है, भगवान परशुराम का बैनर पोस्टर लगाया गया है। इस कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तैयार करने को लेकर सर्व ब्राह्मण महासभा के सभी सदस्यों ने शनिवार की शाम केडी नेहरू क्लब का निरीक्षण किया और भगवान परशुराम जयंती की तैयारी को लेकर अंतिम रूपरेखा तैयार की। तैयारी का निरीक्षण करने के दौरान सर्व ब्राह्मण महासभा के संरक्षक मंडली के बीएन पांडेय, अध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी, सचिव दिनेश कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष अवधेश उपाध्याय, उपकोषाध्यक्ष पंकज मिश्रा, गिरधर तिवारी,एच के दुबे, चिरंजीव मिश्रा, विकास कुमार दुबे समेत अन्य लोग उपस्थित थे

# तत्परता और समर्पण के साथ काम करें आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका: सुमन सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह ने शनिवार को मुरहू प्रखंड मे विलेज हेल्थ सेनिटेशन एंड न्यूट्रीशन डे(वीएचएसएनडीं) के सत्र स्थलों का निरीक्षण किया। मुरहू प्रखंड के इट्ठे, पोकला तथा गोड़ाटोली के आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित वीएचएसएनडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, एएनएम और सहिया सभी उपस्थित पायी गयी और सभी गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो रही थीं। पोषाहार वितरण, टीकाकरण एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का कार्य सही ढंग से संपन्न पाया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने पोषण वाटिका का भी अवलोकन किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने उपस्थित कर्मियों को उनकी कार्यकुशलता के लिए प्रोत्साहित किया और निर्देश दिया कि भविष्य में भी सभी गतिविधियों को इसी तत्परता एवं समर्पण के साथ संपादित किया जाये, ताकि लाभार्थियों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंच सके।

# सांसद का सराहनीय प्रयास, पाइप लाइन से गांवों तक पहुंचेगा तजना नदी का पानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए एक बड़ी पहल की दिशा में काम कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि तजना नदी के पानी को मुरहू प्रखंड की गुटुहातू, कुकूड़ापूर्ति और कुदा पंचायतों के गांवों और खेतों तक पाइपलाइन के माध्यम से पहुंचाया जाये, ताकि खेती की सिंचाई और घरेलू कार्यों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। सांसद ने शनिवार को उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, अनुमंडलपदाधिकारी दीपेश कुमारी, लघु सिंचाई विभाग के अभियंता, मुरहू बीडीओ समेत अन्य अधिकारियों और कांग्रेस नेता मो नईमुद्दीन खान तथा पाण्डेया मुंडा को साथ लेकर बाड़ी गांव और रानी फॉल का दौरा किया। ज्ञात हो कि वर्ष 2014-15 में नवभारत जागृति केंद्र के इडी गिरजा सतीश की अगुवाई में सिनी टाटा ट्रस्ट के सहयोग से यहां डाइवर्सन बेस्ड एरिगेशन सिस्टम लागू किया गया था। इसके तहत तजना नदी से लगभग दो किलोमीटर दूर बाड़ी गांव तक जंगलों और पहाड़ों को काटकर पाइपलाइन बिछाई गयी थी, जिससे बिना किसी ईंधन के खर्च के सालों भर 24 घंटे पानी की आपूर्ति होती। इस प्रणाली की लागत मात्र 10 लाख रुपये आयी थी। हालांकि गर्मियों में नदी के सूख जाने के कारण एक महीने तक पानी की आपूर्ति बंद हो जाती है। सांसद कालीचरण मुंडा जब रानीफॉल पहुंचे, तब वे इस योजना से बेहद प्रभावित हुए और अब वह इसे अन्य गांवों तक विस्तार देने के प्रयास में जुट गये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सर्वेक्षण कर यह निर्धारित करें कि किन गांवों तक यह योजना पहुंचायी जा सकती है। साथ ही ग्रामसभा की सहमति और स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को भी कहा। सांसद ने निर्देश दिया कि वर्तमान योजना स्थल पर एक गार्डवॉल का निर्माण किया जाये, ताकि जल भंडारण बेहतर हो सके। साथ ही मोटी पाइपलाइन के जरिये आसपास के अन्य गांवों को जोड़ा जाये। इसके अलावा तजना नदी के उपरी हिस्से में बड़ा डैम बनाकर तीन-चार पंचायतों के गांवों को पानी उपलब्ध कराने का निर्देश भी उन्होंने दिया। इस पहल से जहां किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा, वहीं ग्रामीणों को भी घरेलू कार्यों में राहत मिलेगी। यह कदम क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।



# तोरपा के लोक गायक लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाइक को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि



खूंटी (आजाद सिपाही)। बाल्यावस्था से कला-संस्कृति से जुड़े गायक, अभिनेता, शिक्षक, नागपुरी गीतकार और खूंटी के जानेमाने सामाजिक कार्यकर्ता तोरपा प्रखंड के तपकरा निवासी डॉ लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक को संस्कृति और सामाजिक सक्रियता में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। विशाखापट्टनम में आयोजित वर्ल्ड वाइड बिजनेस अवार्ड समारोह में उन्हें यह उपाधि प्रदान की गयी। लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक ने अपनी रचनाओं के माध्यम से कोरोना काल में जागरूकता बढ़ाने का काम किया था। बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल तोरपा के प्राचार्य सह संस्थापक लक्ष्मीकांत अपने नागपुरी संगीत से यूट्यूब और मंच पर भी कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबों के मन को मोह लेते हैं।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, आठ पर केस दर्ज

रातू (आजाद सिपाही)। बिजली चोरी के खिलाफ विभाग की ओर से गठित टीम ने शनिवार को नयाटोली, बिजुलिया और चितरकोटा में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के सहायक विद्युत अभियंता हिमांशु वर्मा के नेतृत्व में की गयी छापामारी में बिजुलिया के तीन, चितरकोटा के 4 और तिगरा नवा टोली का एक व्यक्ति बिजली चोरी करते पकड़ा गया। जिनपर कुल एक लाख 40 हजार 651 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसमें अशरफ अंसारी पर 21845, अब्दुल मनान पर 34952, विजय कुमार साहू पर 8738 के अलावा रफीक अंसारी पर 13980, अशोक खलखो पर 17476, मुंतजिर अंसारी पर 17476, साइमन खलखो पर 17476 (सभी चित्रकोटा) एवं तिगरा नवाटोली के विष्णु उरांव पर 8738 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने सभी आरोपियों के खिलाफ रातू थाना में प्राथमिक दर्ज करायी है।

# सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के पुरना पानी लापुंग मार्ग पर शुक्रवार की रात नौ बजे सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान रंथु महली (30) के रूप में हुई है। वह बेड़ो के नेहालु के अंबा टोली गांव का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक रंथु लापुंग से अपने गांव बेड़ो प्रखंड के नेहालु अंबा टोली लौट रहा था। तभी वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गया। उधर, रंथु की मौत के बाद पत्नी रश्मि देवी और स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सड़क दुर्घटना में दंपति घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर हाथी अंडर छापर के समीप शुक्रवार की रात बाइक सवार पिस्कानगड़ी निवासी दंपति मंगरा महतो (48) और रेणु देवी (44) अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना पाकर बेडो. के समाजसेवियों उत्तम गोप एवं विष्णु उरांव घटना स्थल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद बेड़ो पुलिस की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ सनल सोनू बरवार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दंपति पोकलो डोढ़हा के निकट एक शादी समारोह में भाग लेकर वापस नगड़ी लौट रहे थे।

# डालसा ने विभिन्न प्रखंडों में लिगल लिट्रेसी क्लास का किया आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झालसा कैलेंडर के अनुसार शनिवार को डालसा के पीएलवी की ओर से विभिन्न प्रखंडों के लीगल लिट्रेसी क्लब में लिगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन किया गया। पीएलवी द्वारा बच्चों को विधि, मौलिक अधिकार, कर्त्तव्य आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। वहीं बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम एवं पोक्सो एक्ट के बारे में भी बताया गया। लिगल लिट्रेसी क्लब रातू में पीएलवी पुष्पलता देवी, सुनीता देवी, नामकूम में पीएलवी लता कुमारी, प्रहलाद उपाध्याय, युधिष्ठिर महतो, प्रीति कुमारी, अनिता देवी, रूही अग्रवाल, निरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल कांके में जमील अख्तर, शारदा देवी एवं कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय मांडर में पीएलवी सुमन ठाकुर एवं वार्डन इंदु लकड़ा द्वारा लिगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन किया गया। पीएलवी सुमन ठाकुर ने बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोक अदालत, मध्यस्थता राष्ट्रीय लोक अदालत सहित अन्य की जानकारी दी।

# नामकुम के रामपुर गड़के मैदान में मंडा पूजा का आयोजन, दहकते अंगारों पर चले शिव भक्त



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत स्थित गड़के मैदान में शिव पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित पारंपरिक मंडा पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शुक्रवार को पूजा में सैकड़ों भोक्ता और सोक्ताइनों ने भाग लिया। फूलखुंदी अनुष्ठान के अंतर्गत उन्होंने नंगे पांव दहकते अंगारों पर चलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। वहीं, रात में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष प्रदीप लकड़ा ने लोगों से कहा कि मंडा पूजा हमारे पूर्वजों की सांस्कृतिक धरोहर है। जिसमें भगवान शिव की उपासना के माध्यम से अच्छी बारिश, सुख-शांति और परिवार में खुशहाली की कामना की जाती है। इस दौरान शनिवार को झूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भोक्ताओं को पारंपरिक झूले पर झुलाया गया। पवित्र पुष्प पाने के लिए महिलाओं में उत्साह और श्रद्धा की अनूठी झलक देखने को मिली। वहीं, मंडा पूजा के सफल आयोजन में मुख्य संरक्षक सह ग्राम प्रधान सुनील लकड़ा, सचिव उमेश कच्छप, उपाध्यक्ष अनिल लकड़ा, कोषाध्यक्ष अजय लकड़ा, उत्तम गोप, रोशन टोप्पो, सूरज लकड़ा, सुमित लकड़ा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## तुपुदाना में श्रीश्री महादेव मंडा पूजा का समापन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** तुपुदाना में पारंपरिक आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक श्री श्री महादेव मंडा पूजा का शनिवार को झूलन पूजा के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल रहा। पूजा के एक दिन पूर्व यानी शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने फूलकूंदी के तहत जलते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भगवान शिव की आराधना की। इसके साथ ही ऐतिहासिक छऊ नृत्य का आयोजन भी किया गया। गौरतलब है कि तुपुदाना मंडा पूजा का आयोजन नागवंशी परिवार द्वारा कई वर्षों से किया जा रहा है। यह आयोजन तुपुदाना और आसपास के गांवों के ग्रामवासियों की सामूहिक सहभागिता और सहयोग से सम्पन्न होता है, जो क्षेत्र की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता को दशार्ता है। पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन में समिति के अध्यक्ष लाल मोहित नाथ शाहदेव, संरक्षक लाल राकेश नाथ शाहदेव, सचिव लाल कर्ण नाथ साहदेव, कोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति, लाल विक्रम जीतनाथ शाहदेव, लाल संदीपनाथ शाहदेव, सतीश पंडा, जतरु पहान, दूचु पहान, बालू पहान, माधो कच्छप, अंकित सिंह समेत अनेक लोगों का योगदान सराहनीय रहा।

# लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हूं: मंत्री इरफान अंसारी

## संविधान बचाओ रैली को सभी मिलकर सफल बनायें : केशव महतो कमलेश

- संविधान बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर नगड़ी के पिकरा टोरी भवन में हुई कांग्रेसियों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



नगडी में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मंत्री डॉ इरफान अंसारी।

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के टिकरा टोली भवन में संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर शनिवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सहाबीर लोहरा ने की। बैठक में नगडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के सैकड़ों कांग्रेसी शामिल हुए। इसमें मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित रहे। जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि छह मई को संविधान बचाओ रैली पुराना विधानसभा मैदान में सुबह 10.30 बजे होने जा रहा है, जिसमें नगड़ी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और लोगों को शामिल होना है। वहीं, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मैं नगड़ी प्रखंड में सरकारी डॉक्टर की नौकरी करता था। नगड़ी प्रखंड के लोगों का मुझे हमेशा से साथ मिला है। कहा कि नगड़ी प्रखंड वासियों को अगर किसी तरह की कोई मदद या उनकी जरूरत पड़ी तो वे बिना किसी संकोच के उनके पास आयें। चाहे रिम्स अस्पताल या स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कोई मामला हो या नगड़ी में अस्पताल की समस्या हो। लोग उसने सीधे मिलें और समस्या का समाधान करवायें। मैं नगड़ी वासियों की सेवा के लिए तत्पर रहूंगा। वहीं, प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा जितने भी बहनों-भाइयों का मुझे साथ मिला है उन्हें मैं कभी नहीं भूल सकता हूं। लोगों से मेरा निवेदन है कि छह मई को संविधान बचाओ रैली में सभी समय पर पहुंचने की कोशिश करेंगे। वहीं, बैठक का संचालन शाहिद अहमद और धन्यवाद ज्ञापन नगड़ी प्रखंड पर्यवेक्षक बेलस तिर्की ने किया। इस मौके पर झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, झारखंड प्रदेश सह प्रभारी बेला प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता सतीश पोल, मुजानी रियाज अहमद, सुनील सहाय, शाहिद अहमद, ऐनुल हक, कृजीवान महतो, अख्तर अंसारी, महावीर नायक, मकसूद अंसारी, फिरोज आलम, शकील अंसारी, माहिर अंसारी, उषा देवी, अर्चना देवी, जतरी देवी, स्टीफन होरो, जगन्नाथ उरांव, नूर हसन अंसारी, रवि राम, गुलशन टोप्पो, असरफुल अंसारी, पंचू महतो, सुशीला उराईन, लक्ष्मी देवी, निरुपमा तिग्गा आदि शामिल थे।

# एकता का प्रतीक है मंडा पूजा : जैलेंद्र कुमार

मसनिया के पीपलेश्वर धाम में फूलखूंदी और झूलन के साथ संपन्न हुआ मंडा पूजा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका पंचायत के मसनिया रामदगा स्थित पीपलेश्वर धाम में शनिवार की रात फूलखुंदी एवं रविवार की सुबह में झूलन के साथ सात दिवसीय शिव मंडा पूजा का समापन हुआ। रात्रि जागरण में पुरूलिया की महिला छऊ नृत्य टीम सुनीता महतो का मुकाबला गोराडीह के महावीर घटवार की टीम के साथ हुआ। सुनीता महतो की बालिका छऊ नृत्य टीम ने अपने प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। वहीं, मंडा पूजा देखने के लिए आसपास के गांव से काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में सिरका मुखिया रौशनलाल मुंडा एवं समाजसेवी साहेबराम महतो शामिल हुए, जबकि अतिथि के रूप में केंद्रीय मंडा पूजा समिति के संरक्षक स्वामी देवेंद्र प्रकाश एवं महामंत्री उदय पासवान शामिल हुए। पूजा पुरोहित राजेंद्र गोस्वामी, पाहन काला मुंडा और सोमरा मुंडा ने संपन्न कराया, जबकि संचालन अनुज गोस्वामी ने किया।

वहीं, जैलेंद्र कुमार ने रात्रि जागरण अखाड़ा का उद्‌घाटन किया। पूजा में 80 भोक्ता एवं 90 सोक्ताइन शामिल हुए। इस अवसर पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि मंडा पूजा झारखंड खासकर बंगाल एवं झारखंड से सटा हुआ छोटानागपुर इलाके का प्रमुख पर्व है। इस पूजा को सदियों से आदिवासी सहित यहां का सभी समाज मिलजुल कर करता आया है। यह पूजा सामाजिक मिश्रण के बीच एकता का प्रतीक है। इस एकता को बनाये रखना है। वहीं, रोशनलाल मुंडा ने कहा कि शिव मंडा पूजा हमें एकता का संदेश देता है। जिस तरह से इस पूजा को संपन्न कराने में सामूहिक भागीदारी होती है, उसी तरह हमें अपने गांव के विकास के लिए भी एकजुट होना है। स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने बताया कि सभी मंडा पूजा समिति का एकजुट करने के अभियान में निकले है। यह सिर्फ पूजा नहीं, झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष दिलीप महतो ने बताया कि वर्ष 2012 से मसनिया पीपलेश्वर धाम में मंडा का आयोजन हो रहा है। पीपलेश्वर धाम में भगवान शिव स्वयं प्रकट हुए थे। आयोजन को सफल बनाने में मंडा पूजा समिति के संरक्षक कामेश्वर महतो, देवेंद्र गोस्वामी, सचिव मनीराम मुंडा, कोषाध्यक्ष बाबूराम महतो, सुनील गोस्वामी, सुभाष गोस्वामी, निरंजन महतो, रामनाथ मुंडा, जगेश्वर महतो, सेवाराम महतो, धनेश्वर महतो, सोनू बेदिया, रितेश महतो, चरकू महतो, बैकुंठ बेदिया का योगदान रहा।

# धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने से क्षेत्र में होता है आध्यात्म का संचार : विधायक सुरेश बैठा

- राधा कृष्ण मंदिर के वार्षिकोत्सव पर आयोजित महाआरती में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**ठाकुरगांव।** बैंक मोड़ स्थित राधा कृष्ण मंदिर के द्वितीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें विधायक सुरेश बैठा, खलारी डीएसपी पीके चौधरी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, रामजीत गंझु, कांगेस के वरीय नेता सुनील सहाय और अशोक साहू आदि शामिल हुए। वहीं, बनारस से आये पंडितों ने महाआरती कराया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्म का संचार होता है। मौके पर गोपाल तिवारी, पवन जायसवाल, प्रमोद शाहदेव, शहानन्द गोप, बलराम साहू, अमित साहू आदि थे।

# बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें : कविता कुमारी

## कहा-बच्चों से काम कराने या काम में लगवाने के बजाय उन्हें शिक्षित करें

- डायन बिसाही के अंधविश्वास को जड़ से मिटाना ही उद्देश्य
- 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंच कर वादों का निस्तारण कराने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता




नगडी के कुदलोंग में झालसा के सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा जागरूक।

**पिस्कानगड़ी।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में शनिवार को प्रखंड के कुदलोंग गांव में घर-घर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एलएडीसी डिप्टी चीफ कविता कुमारी खाती ने बाल श्रम, बाल विवाह और डायन बिसाही पर ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि बच्चे-बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। विवाह से पूर्व अपने बच्चों को समुचित शिक्षा दें, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सकें। साथ ही कहा कि बाल श्रम अपराध है। बच्चों से काम कराने या काम में लगवाने के बजाय उन्हें शिक्षित करें। डायन बिसाही को लेकर कहा कि दिन ब दिन डायन-बिसाही के नाम पर आम लोगों को प्रताड़ित कर उन्हें मार दिया जाता है, जो अपराध है। यह एक ऐसी अंधविश्वास है, जो ग्रामीण लोगों के बीच फैला हुआ है। जागरूकता के माध्यम से इसे जड़ से हटना ही हमलोगों का उद्देश्य है। इसके अलावा स्पेशल पोक्सो एक्ट और चाईल्ड फ्रेंडली स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, पीएलवी रीना लिंडा ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, बाल श्रम एवं बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी। सोनम कुमारी ने मोटर वाहन दुर्घटना में मिलनेवाले मुआवजा के बारे में जानकारी दी। जबकि बेबी देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन के बारे में बताया। बतातें चलें कि 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होने जा रहा है। जिसीक जानकारी डालसा के समर्पित पीएलवी द्वारा दिया गया। कहा गया कि उक्त तिथि को वादकारी व्यवहार न्यायालय रांची में आकर अपने वादों का निस्तारण करा सकते है। इससे समय और धन की बचत होगी। इस मौके पर उमेश कुमार और राजा वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिनके अंदर राम बसते हैं, कामदेव भी उसे प्रभावित नहीं कर सकते : अतुल कृष्ण भारद्वाज



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुच्चू में नवनिर्मित जगदंबा शिव संकट मोचन मंदिर शिव शक्ति हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्री राम कथा के तीसरे दिन आचार्य रामदेव पांडेय, सुनील शास्त्री, ब्रह्मदेव पांडेय, बजरंगी शास्त्री मुकेश पांडेय, रितेश शास्त्री, पंकज शास्त्री, जितेंद्र रोहित मिश्र, दिलीप पांडे, मुख्य यजमान राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, रंधीर चौधरी, कलेश्वर साहू, संजय कुमार, कुलदीप प्रसाद, अशोक साहू, राजेंद्र साहू, दिलीप भण्डारी, रमेश साहू, दिनेश साहू, हीरालाल साहू, जितेंद्र साहू, अमित राज, योगेन्द्र महतो, राजदीप साहू, रूपेश रंजन, उदय प्रताप भगत, पंकज महतो और दिलीप वर्मा ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना किया। रात में राम कथा का वाचन कथा वाचक पंडित अतुल कृष्ण भारद्वाज ने किया। इस दौरान उन्होंने शिव विवाह का वर्णन किया। कहा कि जिनके अंदर राम बसते हैं कामदेव भी उसे प्रभावित नहीं कर सकते हैं। वहीं, कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष पूर्व लोकसभा सांसद रामटहल चौधरी, अरविंद प्रसाद, संजय कुमार, अंकित राज, नागेंद्र साहू, प्रेम कुमार, कृष्णा महतो, बालक महतो, भरत गुप्ता, अमित कुमार, रंधीर चौधरी, शशि भुषण, कुलदीप कुमार, दिलेश्वर साहू, रविन्द्र महतो और राकेश कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## चकला राजकीय मध्य विद्यालय में रुआर कार्यक्रम आयोजित



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रूआर (बैक टू स्कूल) कार्यक्रम के तहत ओरमांझी प्रखंड के सरकारी स्कूलों में नया नामांकन, शत प्रतिशत उपस्थिति, बच्चों का ठहराव आदि को लेकर 25 अप्रैल से कई कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को चकला राजकीय मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने अपने पोषक क्षेत्र नायक टोला, करमाली टोला, एवं मस्जिद टोला पूर्वी आदि जगहों परघर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क किया और अनामांकित बच्चों का नया नामांकन कराया। इस अवसर पर शिक्षा संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, मो मुस्तफा अंसारी और दिनेश कच्छप आदि उपस्थित थे।

## लिटिल हैंड्स प्ले स्कूल में मनाया गया वाटरमेलन डे



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** साईं मंदिर रोड स्थित लिटिल हैंड्स प्ले स्कूल में शनिवार को उत्साह के साथ वाटरमेलन डे (तरबूज दिवस) मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार ने बच्चों को तरबूज के गुणों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि तरबूज ना केवल खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि यह हमारे शरीर के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। उन्होंने बच्चों को तरबूज में मौजूद पानी की मात्रा, विटामिन और खनिजों के बारे में जानकारी दी, जो उन्हें गर्मी में स्वस्थ और तरोताजा रखने में मदद करते हैं। बच्चों ने भी इस दौरान तरबूज से जुड़े कई रोचक तथ्य जाने और इस रसीले फल का आनंद लिया। कहा कि स्कूल में वाटरमेलन डे का आयोजन बच्चों को फलों के महत्व के बारे में जागरूक करने और उन्हें स्वस्थ खानपान की आदतों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। इस तरह के आयोजनों से बच्चों को ना केवल मनोरंजन मिलता है, बल्कि उन्हें शिक्षाप्रद जानकारी भी प्राप्त होती है। इस मौके पर निदेशक सुभद्रा सिंह, नीलम शर्मा, रचिता बड़ाईक, सलोनी और पिंकी आदि मौजूद थे।

## सम्मेलन सह वनभोज को लेकर कमेटी गठित, पद्मश्री महावीर नायक बने अध्यक्ष



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य घासी समाज की बैठक होटल हर्ष रेजीडेंसी में हुई। जिसमें 11 मई को सेनेटोरियम बगीचा डूंगरी तुपुदाना में होने वाले सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी। इस दौरान एक तैयारी समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष पद्मश्री महावीर नायक, कार्यकारी अध्यक्ष राजू नायक, उपाध्यक्ष संजय नायक, सचिव रमेश नायक, संगठन सचिव राजू नायक, सह सचिव अजय नायक, कोषाध्यक्ष पिंटू नायक, कार्यकारणी सदस्य सकलु नायक, संरक्षक महावीर राम, रामकुमार राम, महामंत्री वीरचंद, द्वारसिंह, रिकी नायक एवं सिकंदर नायक बनाए गए। बैठक में झारखंड राज्य घासी समाज के दर्जनों पदाधिकारी मौजूद थे।

## खिजरी विधायक की पत्नी और जिप सदस्य ने रखी पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशिला



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ पंचायत के मड़ईटोली में सरईया अम्बा से पूरब टोली एवं साल्हन के प्राचीन दुर्गा मंदिर के समीप पीसीसी पथ निर्माण कार्य की अधारशिला खिजरी विधायक राजेश की पत्नी रिया तिर्की, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुण्डा, राजेन्द्र शाही मुण्डा और विधायक प्रतिनिधि श्रवण मुण्डा ने रखी। वहीं हेसातु पंचायत के पिपराटोली में हुण्डरू फॉल मुख्य पथ से महेन्द्र भोगता के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया। इस मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव, हेसातु पूर्व मुखिया राजेश पहान, चमरू पहान, शिवदास गोस्वामी, सिद्दीक अंसारी, रामपाल मुण्डा, साकिर अंसारी, सरिता देवी, अनिता देवी, अजय करमाली, सफिक अंसारी, शनिचारवा बेदिया, जोन तिग्गा, युनूस अंसारी, शहनाज खातुन, सचिन नायक, विजय बेदिया और विनय सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

# तेलंगाना सुरंग हादसे में फंसे गुमला जिला के चारों मजदूरों के परिजनों को मिला चेक

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** तेलंगाना सुरंग हादसे में फंसे गुमला जिला के चारों मजदूरों के परिजनों को रविवार को 25-25 लाख का चेक दिया गया। झारखंड सरकार के निर्देश पर गुमला जिला प्रशासन ने तेलंगाना सरकार और नागरकुरनूल प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए मजदूरों के परिजनों को यह राशि दिलायी। तेलंगाना राज्य से आए हुए प्रशासनिक पदाधिकारियों और उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा तेलंगाना राज्य के नागरकुरनुल जिले के एसएलबीसी सुरंग हादसे में फंसे गुमला जिला के चारों मजदूरों के परिजनों को समाहरणालय सभागार में आमंत्रित किया। और उन्हे पच्चीस-पच्चीस लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि बचाव दल द्वारा रेस्क्यू अभियान जारी है। उन्होंने परिजनों को बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार परिजनों का हाल-समाचार ले रहे हैं और प्रशासनिक पदाधिकारियों को हर संभव प्रयास के लिए दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इस मौके पर श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज भी उपस्थित थे।

# अधिवक्ताओं के हित में सोचनेवाले देश के पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेनः धीरज दुबे



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के अधिवक्ताओं को ऐतिहासिक सौगात देते हुए 'अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना' का विधिवत शुभारंभ किया। रांची के खेलगांव में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य के सभी पंजीकृत अधिवक्ताओं और उनके आश्रितों को अब पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा। साथ ही नव नामांकित अधिवक्ताओं को हर महीने 5,000 रुपये का स्टाइपेंड भी दिया जायेगा। झामुमो के केंद्रीय सदस्य और अधिवक्ता धीरज दुबे ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह निर्णय अधिवक्ताओं की दशकों पुरानी मांगों की पूर्ति है।

# मांग पूरा नहीं होने पर जिला शिक्षा कार्यालय में ताला लगायेगा रसोइया संघ : देवकी देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक इंडोर स्टेडियम गांधी पार्क गुमला में शनिवार की अपराह्न चार बजे संपन्न हुई। बैठक में पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों को और जिले में कई रसोईया संयोजिका के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गयी। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण किया गया। बैठक में संकुल कमेटी को मजबूत करते हुए प्रखंड जिला और प्रदेश में सम्मेलन किये जाने की बात पर सहमति बनी। वहीं गुमला जिला में रसोईया की समस्या का समाधान करने के लिए रणनीति बनायी गयी। मौके पर देवकी देवी ने कहा सभी रसोईया 21 साल से समय को बर्बाद करते हुए विद्यालय में अपनी सेवा दे रहे हैं। 60 वर्ष की आयु बोलकर रसोइयों को हटाया जा रहा है। हमारी मांग है कि उनकी जगह उनके परिवार के सदस्यों को काम दिया जाये। वही 2004 से न्यूनतम वेतन भी जोड़ कर दिया जाये। साथ ही कई रसोइयों का मानदेय नहीं मिला है जल्द भुगतान किया जाये। 15 दिनों के अंदर भुगतान नहीं होने पर जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में ताला लगाया जायेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति, हीरा देवी, शोभा देवी, सीमा देवी, संध्या देवी, संतोषी देवी, जसिंता बारला, बासमती देवी, रेणुका टोप्पो, विनायकी देवी सहित कई लोग शामिल हुए।

# शांति महिला वेलफेयर फाउंडेशन की बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शांति महिला वेलफेयर फाउंडेशन, जारी की ओर से शनिवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन की संस्थापिका शांति लकड़ा ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और 20 सूत्रीय कार्यक्रम के सदस्य मुख्तार आलम मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत स्वागत गीत और सम्मान के साथ हुई। बैठक में शांति लकड़ा ने फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था से जुड़कर सैकड़ों महिलाएं और किशोरियां प्लास्टिक रहित सैनिटरी पैड बनाकर महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता फैला रही हैं। उन्होंने बताया कि इन उत्पादों की गुणवत्ता और किफायती दर महिलाओं को संक्रमण से बचाने में मददगार साबित हो रही है।

## सरकार से सहयोग का मिला आश्वासन

**गुमला (आजाद सिपाही)। मुख्य अतिथि मुख्तार आलम ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सैनिटरी पैड निर्माण जैसे कार्यों में वे हरसंभव सहयोग देंगे, साथ ही सरकारी योजनाओं से संस्था को जोड़ने के लिए भी प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जायेगी और उन्हें इनसे जोड़ा जायेगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। फाउंडेशन की सदस्यों ने मुख्तार आलम को आगामी दिनों में जारी क्षेत्र का दौरा करने का निमंत्रण भी दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। बैठक में कामगार कांग्रेस के महासचिव विलियम लुगुन, उपाध्यक्ष बलका भगत एवं नगर अध्यक्ष इनायत शाह भी विशेष रूप से उपस्थित थे।**

# बीपीएम सरफराज अंसारी ने निःशुल्क साइकिल वितरित की



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** झारखंड शिक्षा परियोजना से प्राप्त 14 साईकिल का वितरण शनिवार प्रखंड संसाधन केंद्र जारी में बीपीएम सरफराज अन्सारी के द्वारा निःशुल्क वितरण किया गया। बीपीएम सरफराज अन्सारी ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा सामान्य जाति के बालक बालिकाओं को जो वर्ग आठ में सत्र 2023-2024 में अध्ययनरत थे। साइकिल प्राप्त कर समान्य जाति के बच्चों मे खुशी देखी गयी। बच्चों ने कहा कि हमलोगो को सामान्य जाति होने के कारण साइकिल नहीं मिल रहा था, लेकिन इस वर्ष हमलोगों को भी साइकिल मिल रहा है। वहीं सरफराज अन्सारी ने बच्चों से कहा कि अब आपलोगों स्कूल समय पर जा सकेंगे, क्योंकि अब आपलोगों को साईकिल मिल गया।

# वन विभाग ने सखुवा पौधों की कटाई के मामले में ग्रामीणों को पकड़ा, वाहन जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** कुरूमगढ़ वन क्षेत्र अंतर्गत जारी प्रखंड के तिगरा गोविंदपुर जंगल से अवैध कटाई की गतिविधियों पर वन विभाग ने सख्ती बरती है। शनिवार को वन विभाग की टीम ने छोटे-छोटे सखुवा पौधों की कटाई के मामले में कार्रवाई करते हुए कई ग्रामीणों को पकड़ा, जो इन पौधों को जलवान (जलाने के लिए) ले जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, वन विभाग ने इस दौरान अवैध कटाई में उपयोग किये जाने वाले शस्त्र को भी जब्त किया है। वन पाल चंद्रेश उरांव ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए ग्रामीणों को चेतावनी दी कि वे सूखे वृक्षों को जलवान के लिए ले जा सकते है, लेकिन छोटे-छोटे पेड़ों का कटाव गैर-कानूनी है। उन्होंने बताया कि यदि अगले बार ऐसे मामले में कोई ग्रामीण पकड़ा गया,तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। चंद्रेश उरांव ने कहा कि हमारा उद्देश्य वन संपदा की रक्षा करना है। हम समझते हैं कि ग्रामीणों की कुछ आवश्यकताएं होती हैं, लेकिन हमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी करना है। उन्होंने आगे कहा कि वन विभाग ग्रामीणों को जलाऊ लकड़ी के अन्य वैकल्पिक स्रोतों के बारे में जानकारी देने का प्रयास करेगा। ताकि वे अवैध कटाई की ओर न बढ़ें। इस मामले के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे वन संरक्षण में सहयोग करें और अवैध कटाई की गतिविधियों की सूचना तुरंत उन्हें दें। वन विभाग का यह कदम न केवल वनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह स्थानीय पारिस्थितिकी के लिए भी महत्वपूर्ण है। वन क्षेत्र में लगातार बढ़ती इन गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग कई अन्य उपाय भी अपनाने जा रहा है। इसके तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे,ताकि ग्रामीणों को वनों के महत्व और संरक्षण के तरीकों से अवगत कराया जा सके।

# पालकोट और रायडीह के लोगों ने डीसी से ऑनलाइन बतायीं समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक ई-जनशिकायत कार्यक्रम में पालकोट और रायडीह प्रखंड के नागरिकों ने अपनी समस्याओं को ऑनलाइन उपायुक्त के रूबरू बताया। कार्यक्रम में पालकोट एवं रायडीह प्रखंड से लगभग 20 आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में जमीन ऑनलाइन करने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, आधार कार्ड में नाम सुधार करने, पेयजल समस्या, सड़क निर्माण, पेंशन, मंईया सम्मान योजना की राशि एवं अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किये जाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य रूप से मंईयां सम्मान योजना की राशि के सम्बन्ध में कई ग्रामीण महिलाओं ने वीडियो कालिंग के माध्यम से समस्याओं को रखा। इस समस्या के संबंध में उपायुक्त महोदय द्वारा संबंधित पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। इसके अलावा भी कई समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।

# टेंपो और ट्रक में हुई टक्कर, 10 घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)। रायडीह प्रखंड के बरगीडांड निवासी 15 वर्षीय किशोर दिलजान अली सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी का मुताबिक शनिवार दिन के दो बजे एक ऑटो में सवार होकर 10 से 12 लोग लोदाम जा रहे थे, तभी सड़क के किनारे ब्रेकडाउन खड़े ट्रक को टेंपो चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में दिलजान अली का एक पैर टूट गया वहीं शरीर के कई हिस्से में उसे काफी चोट लगी। जबकि आने लोगों को आंशिक चोट लगी जिनका स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया। वहीं घायल दिलजान को सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर सीएफटीयूआइ के प्रदेश सचिव जुम्मन खान सदर अस्पताल पहुंचे और घायल का इलाज में सहयोग किया।**

# सिसई थाना में दर्ज तीन अलग-अलग मामलों में अंतरराज्यीय गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** सिसई थाना में दर्ज तीन अलग-अलग मामलों सहित विभिन्न जिलों में कुल एक दर्जन मामलों में संलिप्त अंतरराज्यीय गिरोह के दो अपराधियों को सिसई पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार दोनों अपराधी पित्तु पासवान उर्फ पितू कुमार (30) पिता दीपू पासवान और सोनू कुमार यादव(24) पिता स्व नन्दलाल यादव बिहार राज्य के कटिहार जिले के नयाटोला जुराबगंज कोढ़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इस बावत इंस्पेक्टर विनय कुमार ने शनिवार को सिसई थाना अंचल कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि बीते 24 मार्च को घाघरा थाना क्षेत्र की खम्भिया निवासी सरीता देवी द्वारा बैंक से एक लाख निकासी कर स्कुटी के डिक्की में रखा था। स्कुटी का डिक्की तोड़कर पैसा चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। पुनः 24 अप्रैल को दो लोगों जिसमें एक महिला का बैंक से निकाल कर सिसई बाजार में सब्जी खरीदने के दौरान थैले में रखे एक लाख और अरको गांव निवासी बहुरा उरांव का 70 हजार रुपये अज्ञात अपराधियों द्वारा चोरी कर लिया गया था। ऐसी घटनाएं लगातार गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, पलामू जिला के विभिन्न थानों से मिल रही थी। एसपी गुमला द्वारा इस तरह की घटना को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी शाखा व सिसई पुलिस की एक टीम गठित किया गया। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बैंकों से पैसा निकालने वालों को टारगेट कर पैसा छीनने वाले अंतरराज्यीय कोढ़ा गैंग के दो अपराधियों को जो डाल्टनगंज (पलामू) से घटना को अंजाम देने की नियत से रैकी करने के क्रम में गिरफ्तार किया। गिरोह के दोनों सदस्यों ने पुछताछ में दोनों ने बिहार के कटिहार स्थित कोढ़ा थाना के रहने वाले होने और गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, पलामू जिला के 12 कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। दोनों अपराधियों के पास से एक फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच09एयू2544) होंडा एसपी साईन मोटरसाइकिल , नगद 21 हजार पांच सौ रुपये, एक की-पैड और एक एंड्रॉयड फोन चार्जर सहित, बैग, विभिन्न बैंकों का पासबुक सहित अन्य रोजमर्रा के सामान बरामद किया गया है। छापेमारी दल में सिसई थाना के थानेदार संतोष कुमार सिंह, पुअनि प्रमोद कुमार, अजय कुमार, तकनीकी शाखा गुमला के पुअनि अजय कुमार, आरक्षी-285 शुभम कुमार रवि शामिल थे।

## स्पोर्ट्स



कोलकाता नाइट राइडर्स का रविवार को राजस्थान रॉयल्स से सामना होगा, तो उसका लक्ष्य जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बल देना होगा। केकेआर को अब लीग चरण के चार मैच खेलने हैं।

# ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप शुरू मेजबान झारखंड 12 स्वर्ण पदक के साथ आगे

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के तत्वाधान में दूसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप झारखंड खेल गांव के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में शुरू हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन मेजबान टीम झारखंड के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण पदक लेकर अपनी मजबूत स्थिति बनाकर पहले स्थान पर रहे। वहीं दूसरे स्थान पर सात स्वर्ण पदक लेकर छत्तीसगढ़ की टीम रही। तीन स्वर्ण पदक के साथ चौथे स्थान पर उड़ीसा की टीम रही। प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साउथ एशियन कराटे फेडरेशन के अध्यक्ष सह कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व खेल निदेशक राज किशोर, खाखा कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेरमैन शिहान सुनील किस्पोट्टा , विश्व कराटे महासंघ रेफरी जयंत कुमार के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही विवेकानंद विद्या मंदिर धुर्वा के के विद्यार्थियों ने बैंड प्रदर्शन की प्रस्तुति की। प्रतियोगिता का संचालन विश्व कराटे महासंघ और एशियाई कराटे महासंघ एवं कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी के द्वारा किया गया।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने झारखंड तीरंदाजी, फुटबॉल बालक और बालिका, साइक्लिंग, मलखंब, सेपक टकरा की टीमें हुई रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** खेल मंत्रालय एवं युवा मामले, भारत सरकार द्वारा चार मई से 14 मई तक नयी बिहार के पटना, भागलपुर, गया, बेगूसराय ,राजगृह, नयी दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स प्रतियोगिता के लिए विशेष प्रशिक्षण उपरांत रांची से झारखंड की बालक एवं बालिका फुटबॉल, तीरंदाजी, साइक्लिंग, मलखंब, सेपकटकरा की टीमें रवाना हो गयी। झारखंड राज्य के खिलाड़ियों को खेल सचिव मनोज कुमार,खेल निदेशक संदीप कुमार, उपनिदेशक राजेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी चतरा सह चीफ डी मिशन तुषार राय, साझा के मणिकांत , देवेंद्र सिंह ने समेत खेल विभाग के अधिकारियों, झारखंड मलखंभ संघ के डॉक्टर अजय झा, झारखंड फुटबॉल संघ के गुलाम रब्बानी, सेपकटकरा संघ के शिवेंदु दुबे, अमरेंद्र द्विवेदी, तीरंदाजी संघ की पूर्णिमा महतो, साइकिलिंग संघ से मधुकांत पाठक,शैलेंद्र पाठक,रणवीर सिंह समेत विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों को शुभ कामना दी।

**बालक फुटबॉलः**
बेगूसराय (5 - 14 मई 2025) दशमत मार्डी , कुमार शाहील, सूरज उरांव, सूरज मुंडा, बलबीर उरांव, देव कुमार मरांडी, हेमंत हांसदा, आकाश गगराई, तरस मुर्मू, संतोष सोरेन, करण सोरेन, जमदार कालुंडीया, चंदन सिंह लागुरी, धुनू मुर्मू, प्रीत सोना, शिव राम हेंब्रम, रमेश खोया, संजीव टुडू, एरियल कुजूर, सांगेन हेंब्रम, अजय महतो, कोच -सुशीला कुमारी, मैनेजर रिजवान अली

**फुटबॉल बालिकाः**
बेगूसराय (5 - 14 मई 2025) अनिशा उरांव, अलका इंदवार, ममता कुमारी, शिवानी टोप्पो, बिनीता होरो, कल्याणी कुमारी, नमीना कुमारी, रीना टोप्पो, शाओलिना डांग, रिया वर्मा, रश्मि मिंज, सोनिति सोरेन, एलिजाबेथ एक्का, काजल कुमारी, अल्फा कांडुलना, बबीता कुमारी, रीना कुमारी, निशिमा कुमारी, पूनम खलको, शिखा कुमारी, मेरेनिला मरांडी।

# गिरिडीह सांसद ने बोकारो डीसी और अन्य के खिलाफ लाया विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव

## मुझे न तो शिलान्यास में बुलाते, न ही उद्घाटन में, शिलापट्ट से भी नाम गायब : चंद्र प्रकाश चौधरी

**योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन में उपेक्षा से बिफरे**

आजाद सिपाही संवाददाता




सांसद सीपी चौधरी और बोकारो डीसी जाधव विजया नारायण राव की फाइल फोटो।

**गिरिडीह।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी अपने संसदीय क्षेत्र में होनेवाले शिलान्यास और उद्घाटन में अपनी उपेक्षा से बेहद नाराज हैं। उन्होंने इसकी शिकायत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से करते हुए बोकारो जिले की डीसी जाधव विजया नारायण राव, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण की औद्योगिक निगम ओएनजीसी के अधिकारियों के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर पूरी जानकारी देते हुए यह प्रस्ताव लाया है। सांसद ने लोकसभा अध्यक्ष को इस बात से अवगत कराया कि स्थानीय बुनियादी ढांचा परियोजना के शिलान्यास, उद्घाटन एवं भूमि पूजन जैसे कार्यक्रमों से संबंधित कार्यक्रम विभाग की ओर से किए जाने पर ना तो उन्हें इसकी जानकारी दी जा रही है और ना ही उन्हें आमंत्रण दिया जा रहा है। कभी-कभी तो शीलापट् पर नाम भी अंकित नहीं किया जा रहा है। ओएनजीसी के अधिकारियों द्वारा सीएसआर मद से परिसंपत्ति वितरण या अन्य कार्य किसी भी जनप्रतिनिधि को बुलाकर कर लिया जाता है। पर स्थानीय सांसद होने के बावजूद एवं केंद्र की योजनाएं एवं वित्तीय सहायता के बावजूद जानकारी नहीं दी जाती है। उदाहरण स्वरूप गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत में रथटांड काली मंदिर से लेकर जमकडीह बजरंगबली मंदिर तक पीसीसी पथ निर्माण की मुझे जानकारी नहीं दी गई। ओएनजीसी के सामाजिक दायित्व अंतर्गत बाबा साहब की प्रतिमा अनावरण की भी मुझे जानकारी नहीं दी गई। इसी तरह नावाडीह प्रखंड के पिलपिलों से छुटकी कूड़ी तक पथ निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा किया गया। पर मुझे ना तो इस बात की जानकारी दी गई और ना ही मेरा नाम शीलापट् पर अंकित किया गया। यह ना केवल विधायी प्राधिकरण के प्रति सम्मान की कमी को दर्शाता है, बल्कि स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के कामकाज में भी बाधा डालता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय सांसद का इस प्रकार उपेक्षा करना पूरी संसद की मर्यादा एवं गरिमा के विपरीत है। इस विषय पर गंभीरता से लोकसभा अध्यक्ष का संरक्षण चाहता हूं। हमारा मानना है कि सार्वजनिक अधिकारियों को जवाबदेह ठहरना हमारी प्रणाली की अखंडता को बनाए रखने और सेवा प्रदान किए जाने वाले नागरिकों द्वारा हम पर रखे गए विश्वास को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना और सब का साथ सबका विकास और सब का विश्वास को चरितार्थ कर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है।

# धनबाद के तीन युवकों का मुंबई में अपहरण, मांगी तीन करोड़ रुपये की फिरौती

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के मुनीडीह ओपी क्षेत्र के आमडीह बस्ती के रहने वाले तीन युवकों का मुंबई में अपहरण कर लिये जाने का मामला सामने आया है। अपहरणकर्ताओं ने तीन करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की है। अपहृत युवकों की पहचान मुनीडीह ओपी क्षेत्र के आमडीह बस्ती निवासी सरोज महतो और उसके दो दोस्त शामिल हैं। सरोज के भाई मनोज कुमार महतो ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, सरोज महतो 26 अप्रैल को बोकारो के दुग्धा क्षेत्र स्थित चंदवाडीह गांव के मुखिया चंदन सिंह के घर गए थे। वहां से मुखिया के चालक ने उन्हें रांची एयरपोर्ट तक छोड़ा, जहां से वे विमान से मुंबई गए। 29 अप्रैल को सरोज ने अपने भाई मनोज को फोन कर बताया कि उसका अपहरण कर लिया गया है। उनके साथ दो अन्य दोस्त भी हैं। उधर, मुनीडीह पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण और फिरौती की मांग का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की एक टीम अपहृतों की तलाश में मुंबई रवाना हो चुकी है। जबकि टेक्निकल सेल भी मामले की जांच में जुटी है। डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है। टेक्निकल टीम भी सक्रिय है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जायेगा।

# धनबाद की तान्या बनीं मिस ईस्ट जोन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मिस्टर एंड मिस ईस्ट जोन सीजन-1 का ग्रैंड फिनाले रांची में आयोजित हुआ। जिसमें झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल से प्रतिभागियों ने भाग लिया। धनबाद की तान्या बनर्जी ने इस प्रतियोगिता में जीत हासिल कर मिस ईस्ट जोन का खिताब अपने नाम किया। विजेता तान्या को 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी गयी। उधर, तान्या की इस उपलब्धि पर सोशल मीडिया पर बधाइयां मिल रही हैं। वहीं, परिजनों और दोस्तों में खुशी का माहौल है। तान्या की इस सफलता के पीछे तीन वर्षों की मेहनत और मजबूत इच्छाशक्ति रही है। मॉडलिंग के क्षेत्र में तान्या अब तक कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ काम कर चुकी हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीए की डिग्री प्राप्त की है। वर्तमान में एक सीनियर एयर होस्टेस के रूप में कार्यरत हैं। उधर, शो में निर्णायक की भूमिका में मुंबई से मिस्टर वर्ल्ड वाइड एवं मिस्टर पैसिफिक यूनिवर्स नील आर्यन और शो के निदेशक ऋषभ सिन्हा उपस्थित थे। इस मौके पर शमशेर आलम, प्रीति सिंह, इंदु मिश्रा, रीता मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पत्नी की हत्या कर शव झाड़ियों में दफनाया




घटनास्थल पर पहुंच कर जांच करती पुलिस। मौके पर मौजूद मृतका के बच्चे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजगंज।** थाना क्षेत्र के कानाटांड के मनबोध पंडित नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर झाड़ी में शव दफना देने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान लक्ष्मी देवी के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर राजगंज थाना प्रभारी अलीशा कुमारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गयी। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर शव को दफनाए गए स्थल पर पुलिस पहुंची। हालांकि शव को बाहर नहीं निकाया गया। दूसरी ओर, घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस मनबोध को थाने ले गयी। उधर, मृतका की छोटी बहन नेहा ने बताया कि उसके जीजा मनबोध एक मई को बाहर से घर लौटे थे। आने के बाद उसने लक्ष्मी के साथ मारपीट की। जिसकी सूचना उसने फोन पर बहन (नेहा) को दी थी। कुछ देर बाद ही वह चंदपुरा स्थित नर्रा अपने पिता के घर पहुंची थी। नेहा ने बताया कि उस समय भी उसके चेहरे पर चोट के निशान थे। फिर वह वहां से अपने घर लौट गयी। शनिवार की सुबह भी दोनों बहनो की बात हुई थी। उसके कुछ देर बाद ही मनबोध ने फोन कर बताया की उसने लक्ष्मी की पिटाई की थी. जिससे नाराज होकर उसने फांसी लगा लिया है। जबकि गांव वालों ने बताया कि उसकी हत्या कर उसे जंगल की ओर ले गया है। बतातें चलें कि लक्ष्मनी और मनबोध पंडित की शादी आठ साल पहले हुई थी। दोनों के नरेश (7) और रिया (4) बच्चे भी हैं। मनबोध बाहर काम करता था और सात महीने बाद एक मई को वापस अपने घर आया था। बताया जा रहा है कि रविवार को शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा।

# 2025-30 के बीच बिहार में दिखेगा काफी बदलाव : मंत्री सुमित सिंह



**फुसरो पहुंचे बिहार के मंत्री का हुआ भव्य स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** साल 2025 से 30 के बीच बिहार में काफी बदलाव देखने को मिलेगा। जिसकी कल्पना भी लोगों ने नहीं किया होगा। इस अवधी में बिहार में उद्योग के बहुत सारे अवसर आयेंगें। बिहार हर मामले में आगे है। लेकिन उद्योग के मामले में कुछ पीछे थे। पर जल्द ही इस क्षेत्र में भी बिहार आगे होगा। उक्त बातें बिहार सरकार के विज्ञान सह प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कही। वे शनिवार को बिहार जाने के क्रम में फुसरो के चर्चित व्यवसायी स्व कैलश सिंह के आवास पर पहुंचे थे। यहां मंत्री जी का स्वागत लोगों ने बूके देकर किया। इस अवसर पर मंत्री सुमित कुमार सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बिहार के सभी जिलों में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज भी है। हर मामले में हमलोगों आगे बढते जा रहे है। उद्योगिक घनारे भी बिहार में निवेश करने आ रहे है। हमारे विधानसभा क्षेत्र में एक कंपनी 3200 करोड़ रुपया निवेश करने जा रही है। बिहार में जितना विकास हुआ है उतना विकास और किसी राज्य में नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का विकास कार्य में काफी सहयोग मिल रहा है। तभी हमलोग विकास कार्य तेजी से कर पा रहे हैं। हमलोगों ने 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है। उन्हीं के निर्णय पर हम काम कर रहे है। उनके ही मार्गदर्शन में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगें। एक सवाक जवाब में उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के कार्यों का हमें पूरी जानकारी नहीं है। मौके पर जयप्रकाश सिंह उर्फ लाल बाबू, निमाई सिंह, भरत सिंह, बिनोद कुमार सिंह, संजय सिंह और शत्रुध्न सिंह आदि मौजूद थे।

# विद्या भारती के विद्यालयों में हुआ बाल संसद का चुनाव



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** रामदास सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद चुनाव को लेकर मतदान हुआ। चुनाव प्रक्रिया में कक्षा तृतीय से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री एवं सह मंत्री आदि पद के लिए चुनाव हुए। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश कुमार पाल, आचार्य आशीष कुमार गोस्वामी, सच्चिदानंद झा, प्रभा सिंह, विभा सिंह, दमयंती सिंह, पूजा, खुशबू, सुनंदिनी, श्री वाल्मीकि और रूपा आदि उपस्थित थे। वहीं, अतिथियों में विद्यालय के सचिव छेदी नोनिया, कोषाध्यक्ष मंगल देव सिंह, पूर्व छात्र अनिल, सामाजिक कार्यकर्ता मदन लाल श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का योगदान सराहनीय रहा। विजेताओं की घोषणा पांच मई को होगी। दूसरी ओर, ढ़ोरी सरसवती शिशु विद्या मंदिर में भी बाल संसद चुनाव 2025-26 आयोजित हुई। जो प्रधानाचार्य परमानंद सिंह की देख रेख में संपन्न हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक प्रमेंद्र सिन्हा, पीठासिन पदाधिकारी जगदीश महतो, मतदान पदधिकारी रेणु सिंह, सुनील यादव, मीडिया प्रभारी इंद्रजीत कुमार सिंह, संजय पांडेय और रजत दास मौजूद थे। इस चुनाव में सचिव, सह सचिव, सेनापति, सह सेनापति पद के लिए 42 फीसदी मतदान हुआ। जिसकी मतगणना पांच मई और शपथ ग्रहण नौ मई को होगी।

# मजदूरों की समस्याओं को लेकर जश्रसं का आंदोलन हुआ समाप्त

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला देवप्रभा आउटसोर्सिंग में मजदूरों की समस्याओं को लेकर जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) का चल रहा आंदोलन शनिवार को बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय में वार्ता के बाद समाप्त हो गया। इस दौरान प्रबंधन ने सात दिनों का समय लेते हुए सभी समस्याओं का निराकरण करने की बात कहीं। इधर, जश्रसं नेताओं ने कहा कि अगर प्रबंधन समस्याओं को दूर नहीं करता है तो एक बार फिर आउटसोर्सिंग का कार्य ठप कर दिया जाएगा। वार्ता में बस्ताकोला महाप्रबंधक अनिल सिन्हा, एजीएम एके शर्मा, बस्ताकोला कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी अजय कुमार, जश्रसं की ओर से संयुक्त महामंत्री केडी पांडे, सेलो पासवान आदि थे।

# स्विट्जरलैंड थीम पर धनबाद में लगेगा डिज्नीलैंड मेला, छह मई को उद्घाटन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गर्मी की छुट्टियों को मजेदार बनाने के लिए धनबाद में एक बार फिर धनबाद एक्सपो डिजनीलैंड मेला जिला परिषद मैदान में लगने जा रहा है। जिसका उद्घाटन धनबाद के जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह और निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल 6 मई को करेंगें। उक्त जानकारी शनिवार को मेला प्रबंधक रंजीत साहा, अवध बिहारी, बिपलव चक्रवर्ती और पगड़ी बाबा ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर दी। मेले में बच्चों और बड़ों के लिए कई तरह के झूले लगाये गये है, जिसमें ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ज्वाइंट व्हील, कोलंबस ड्रैगन, चांदतारा झुला, मिकी माउस, धूम बाइक, मिनी ब्रेक हेलीकाप्टर और हॉर्स राइड आदि मौजूद रहेंगे। मेला प्रतिदिन शाम चार बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। मेले में विभिन्न प्रांतों से आये स्टॉल होंगे, जिसमें सहारनपुर फर्नीचर, बनारसी सिल्क साड़ी सहित 50 से अधिक स्टाल हैं। इसमें उडेन हेंडीक्राफ्ट, फैंसी लेडिस सैंडिल, बैग, कारपेट, किचेन वेयर, वास्तु के सामान, कोलकाता ज्वेलरी, कंगन चुड़ी और खादी वस्त्र, रेडिमेड कपड़े, कांच के आइटम की खरीदारी भी कर सकेंगे। मेले में लोगों के खाने पिने के लिए पानी पूरी, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, भेल पूरी चाट चोमिन, पिजा बर्गर से लेकर स्वदेशी लिट्टी चोखा तक मिलेगा।

# ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ को लेकर कार्यक्रम आयोजित




**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ को लेकर कसमार प्रखंड भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आरसीसी इंस्टिट्यूट में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सभी ने एक स्वर में ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद महतो उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि देश में एक साथ लोकसभा (लोस) और विधानसभा (विस) चुनाव होने से समय और पैसे दोनों की बचत होगी, जो राष्ट्र के हित में है। वहीं भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि देश में एक साथ लोस-विस चुनाव होने से देश में विकास की गति बनी रहेगी, क्योंकि चुनाव आचार संहिता लग जाने के बाद विकास संबंधी कार्य बंद हो जाते हैं। इस प्रकार एक साथ दोनों चुनाव होने से सारे कार्य संपन्न हो जाएंगे और दोबारा आचार संहिता के कारण विकास कार्य बाधित नहीं होगा। इसके अलावे एक साथ चुनाव होने से एक चुनाव में लगने वाले पैसों की बचत हो जाएगी। इस मौके पर युवा मोर्चा महामंत्री मदन महतो, ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष कैलाश महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक कुमार महतो, एसटी मोर्चा के दिनेश मुंडा, भाजपा मीडिया प्रभारी बजरंगी प्रजापति, आकाश कुमार, राजेंद्र महतो, संतोष महतो, लालू महतो, रवि स्वर्णकार, कैलाश करमाली, प्रकाश केवट, महेश रविदास, मनोज प्रजापति, मदन महतो आदि उपस्थित रहे।

# प्रशासन की सक्रियता से दो दिनों में रुका दो बाल विवाह

## बंट चुके थे शादी के कार्ड, घर में तैयारियां भी हो चुकी थी पूरी




आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** कसमार थाना क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन की सक्रियता से दो बालिकाओं का बाल विवाह रोका गया। बतातें चलें कि प्रखंड के दांतू और पोंडा पंचायत में 15 साल की दो नाबालिग लड़कियों का इस सप्ताह बाल विवाह होने वाला था। घर में शादी की तैयारी पूरी हो चुकी थी। रिश्तेदारों में कार्ड भी बंट गए थे। इसी बीच इसकी सूचना स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चाइल्ड लाइन और बोकारो बाल कल्याण समिति को दे दी। जिसके बाद प्रशासन और पुलिस सक्रिय हो गयी। इन दोनों बालिकाओं को बरामद कर बोकारो बाल कल्याण समिति में पेश किया गया। इस संबंध में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन और सहयोगिनी के समन्वयक सनी कुमार ने बताया कि बोकारो बाल कल्याण समिति, बाल विवाह निषेध पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कसमार प्रवीण कुमार, चाइल्ड लाइन और सहयोगिनी के संयुक्त प्रयास से कसमार प्रखंड में होने वाले दोनों बाल विवाह के मामले में पुलिस के साथ मिलकर रेस्क्यू कर लड़कियों को सीडब्लूसी बोकारो की सदस्य रेणु रंजना, मो रजी अहमद, प्रगति शंकर के समक्ष हाजिर किया गया। जहां अभिभावकों ने 18 वर्ष से पहले विवाह नहीं करने का बांड भरा है। उन्होंने बताया कि बोकारो जिले में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन और सहयोगिनी द्वारा प्रशासन के साथ मिलकर बाल विवाह के खिलाफ सघन रूप से कार्य किया जा रहा है। उधर, इस रेस्क्यू अभियान के दौरान चाइल्ड लाइन की समन्वयक प्रीति कुमारी, अजीत कुमार, सुनीता कुमारी सहयोगिनी के अनिल कुमार हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

# मुआवजा दावा के लिए 5-6 को लगेगा शिविर: प्रवीण कुमार



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बोकारो के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा के निर्देश पर ने बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण परियोजना के लिए अंचल कसमार के अंतर्गत गैर-मजुरूआ, रैयती भूमि पर अवस्थित संरचना के हितबद्ध रैयतों को मुआवजा भुगतान के लिए आगामी पांच एवं छह मई को कैम्प कोर्ट आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी कसमार सीओ प्रवीण कुमार ने दी है। उन्होंने बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ परियोजना से संबंधित रैयतों से अपील की है कि वह निर्धारित तिथि-समय एवं स्थल पर पहुंचकर अपना मुआवजा के लिए दावा प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि पांच मई को स्वास्थ्य भवन खुदीबेड़ा, मौजाः खुदीबेड़ा और छह मई को पंचायत भवन गर्री, मौजाः मंजुरा के संबंधित रैयत आयोजित कैंप में निम्नांकित दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों।

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदायें**

वरीय मंडल विद्युत अभियंता (विद्युत सामान्य) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :– **ई–निविदा संख्या :** ईएल/08/ओपन/2025–26, **क्र.सं. : 1, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** कार्य का नाम : एडीईएन/बरकाकाना के अधीन बरकाकाना–टाटीसिल्वाई जंक्शन अनुभाग में 24 इकाई टाइप–।। क्वार्टर, गैंग हट, स्टोर रूम, वॉचमैन हट, पीडब्ल्यूआई कार्यालय और 7 ट्यूबवेल का निर्माण। एडीईएन/बरकाकाना के अधीन बरकाकाना–टाटीसिल्वाई जंक्शन अनुभाग में स्टोर रूम, वॉचमैन हट, पीडब्ल्यूआई कार्यालय और 7 ट्यूबवेल। (कार्य समापन अवधि : बारह महीना)। **क्र.सं. : 2, कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 40,39,106.83, **क्र.सं. : 3, बिड सिक्युरिटी :** रू. 80,800.00, **क्र.सं. : 4, ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 23.05.2025 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 23.05.2025 को 11:30 बजे के बाद। **क्र.सं. : 5, वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : **http://www.ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे। **वरीय मंडल विद्युत अभियंता, (सामान्य) पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/0186/डीएचएन/वि./टी/25–26/44

# सड़क हादसे में आदिवासी युवक की मौत

## आक्रोशित भीड़ ने क्रशर प्लांट का गोदाम और ट्रैक्टर फूंका



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** जिले के सारठ प्रखंड के सिरसिया पहाड़ी के पास शनिवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आकर महेशबथान गांव निवासी आदिवासी युवक अजय मरांडी (30) की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सिरसिया क्रशर प्लांट के एक ट्रैक्टर और क्रशर के स्टोर रूम समेत वहां खड़े वाहनों में आग लगा दी।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्रशर वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। ग्रामीणों ने घंटों बवाल काटा। मामले की जानकारी पाकर खागा, सारठ, चितरा और पालाजोरी थाने की पुलिस मौके पर पहुंच मामले को शांत कराया। ग्रामीण आबादी वाले इलाके से क्रशर वाहनों का परिचालन बंद करने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि अक्सर क्रशर वाहनों की चपेट में आकर हादसे हो रहे हैं। वहीं मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे थे।

जानकारी के मुताबिक अजय मरांडी बाइक से जा रहे थे, इसी दौरान वाहन की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद करीब 400 ग्रामीणों ने इलाके के क्रशर को घेर लिया और उसके गोदाम में आग लगा दी। साथ ही वहां खड़े वाहनों को भी फूंका डाला। चार थानों की पुलिस ने घंटों मशक्कत के बाद मामले को शांत कराया।

# स्टेट टॉपर को केसरवानी तरुण सभा ने किया सम्मानित



देवघर (आजाद सिपाही)। बैद्यनाथधाम केसरवानी तरुण सभा ने 12 वीं आट्र्स (आइसीएसइ) की स्टेट टॉपर श्रेया केसरी को सम्मानित किया। सभा के पदाधिकारी और सदस्यों ने श्रेया के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर सभा के अध्यक्ष सोनू केसरी ने कहा कि समाज को श्रेया पर नाज है। दूसरे छात्र-छात्राओं के लिए श्रेया प्रेरणास्त्रोत है। मौके पर बैद्यनाथधाम केसरवानी तरुण के अध्यक्ष सोनू कुमार केसरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव केसरी, उपाध्यक्ष राहुल केसरी, सह मंत्री राहुल केसरी, मीडिया प्रभारी शुभम केसरी, संगठन मंत्री सोनू केसरी एवं सभा की पूरी टीम उपस्थित थी।







































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**